बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-89, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हजारों भारतीयों को रवांडा भेजने का फरमान 16

पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज 15




## एक नजर

### बारामूला में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक घायल

**श्रीनगर** : जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर पुलिस (कश्मीर क्षेत्र) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सोपोर जिला पुलिस के क्षेत्र में चेक मोहल्ला नौपोरा में मुठभेड़ शुरू हुई। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के दौरान मुठभेड़ स्थल के पास एक नागरिक घायल हो गया। फारूक अहमद नाम के नागरिक को अस्पताल ले जाया गया है और अभियान अभी जारी है।

### शत्रु संपत्ति के पदेन उप संरक्षक के रूप में काम करेंगे डीएम

**नई दिल्ली** : सभी जिलाधिकारी शत्रु संपत्ति अधिनियम के तहत अपने संबंधित जिलों के क्षेत्रों में शत्रु संपत्ति के पदेन उप संरक्षक के रूप में कार्य करेंगे। केंद्र ने यह आदेश जारी किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में यह भी कहा कि जिले के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट या समान पद पर आसीन अधिकारी शत्रु संपत्ति के पदेन सहायक संरक्षक के रूप में कार्य करेंगे।

### केंद्र सरकार पर पांच लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली** : उच्चतम न्यायालय ने मेघालय हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने के लिए केंद्र सरकार पर पांच लाख का जुर्माना लगाया और इसे कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग करार दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति सतीशचंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि केंद्र के पास विशेष अनुमति याचिका के माध्यम से आदेश को चुनौती देने का कोई औचित्य नहीं है। पीठ ने कहा कि वर्तमान याचिका कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। याचिकाकर्ता को चेतावनी दी जाती है कि वह भविष्य में ऐसी महत्वहीन याचिकाएं दायर न करें। हम हाईकोर्ट के संबंधित निर्णयों में हस्तक्षेप के इच्छुक नहीं हैं।

### धर्मार्थ न्यास को पंजीकरण आवेदन 30 जून तक बढ़ा

**नई दिल्ली** : आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को धर्मार्थ और धार्मिक न्यासों के लिए कर अधिकारियों के पास पंजीकरण आवेदन जमा करने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ा दी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने ट्रस्टों, संस्थानों और फंडों के लिए फॉर्म 10ए, फॉर्म 10एबी दाखिल करने की नीयत तारीख को पहले भी कई बार बढ़ाया था। इसका आखिरी बार विस्तार 30 सितंबर, 2023 तक किया गया था। सीबीडीटी ने कहा कि यह फॉर्म जमा करने की तारीख को आगे बढ़ाने के अनुरोध पर विचार करते हुए और करदाताओं को वास्तविक परेशानियों से बचाने के लिए सीबीडीटी ने 10ए/फॉर्म 10एबी फॉर्म दाखिल करने की नीयत तारीख 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है।

## आंवला के आलमपुर जाफराबाद में प्रधानमंत्री बोले, सपा को टिकट देने के लिए परिवार से बाहर कोई नहीं मिला

# ओबीसी का हक छीनना चाहते हैं दो शहजादे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : ओबीसी बाहुल्य आंवला लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस ओबीसी से जुड़े मुद्दों पर ही रहा। आलमपुर जाफराबाद में बृहस्पतिवार को उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में दो शहजादे की जोड़ी ओबीसी का हक छीनना चाहती है। दोनों की दोस्ती तुष्टीकरण की राजनीति की वजह से है। वे भाषणों में तो ओबीसी को हक देने की बात कहते हैं लेकिन पिछले दरवाजे से उनका हक दूसरों को देना चाहते हैं। सपा पर परिवारवाद का भी आरोप लगाया।

आंवला और बदायूं लोकसभा क्षेत्र की संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। कांग्रेस का खतरनाक पंजा आपका हक छीनने वाला है।

कांग्रेस का इरादा ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण छीनकर उसका हिस्सा अपनी खास पसंद की वोट बैंक को देने का है। ओबीसी का यह हक को छीनकर उसे वोट बैंक की राजनीति को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कांग्रेस के इस इरादे पर सपा के शहजादे ने चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री ने कहा, याद करिए उत्तर प्रदेश में 2012 में हुए विधानसभा चुनाव के पहले यूपीए सरकार ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने का काम किया था। उस समय वे सफल नहीं हुए, लेकिन अब फिर मिलकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने में जुट गए हैं। बोले, मैं ओबीसी का आरक्षण कांग्रेस को छीनने नहीं दूंगा।

सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा को अपने परिवार के बाहर कोई ऐसा यादव नहीं मिला, जिसे वह टिकट दे सके। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सांसद संतोष गंगवार, बदायूं की सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, बदायूं के प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य, मंत्री धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



आलमपुर जाफराबाद स्थित सैनिक पड़ाव मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंवला लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं लोकसभा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य को जिताने की अपील की।

### कांग्रेस की नजर देश की जनता की संपत्ति पर

प्रधानमंत्री ने कहा कि कल से नया नारा आया है, कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। कांग्रेस की नजर देश की जनता की संपत्ति पर है। वह संपत्ति की जांच कराएगी। उसने घोषणा की है कि अगर किसी ने चार कमरे का मकान बनाया और उसमें बेटा रह रहा है तो वह दो कमरे जब्त कर लेगी। गांव में किसी के पास 10 बीघा जमीन है तो पिता के न रहने पर पांच बीघा जमीन भी जब्त कर लेगी। उसी सपा के साथ मिलकर अब कांग्रेस महिलाओं के मंगलसूत्र छीनने की बात कह रही है।

### धर्मेंद्र का हौसला बढ़ाया, दुर्विजय के लिए मांगे वोट

प्रधानमंत्री ने संबोधन से पहले आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप से पूछा कि चुनाव कैसा चल रहा है। कौन- कौन से क्षेत्र हैं और बाकी जगह क्या समीकरण हैं। इसके बाद पीठ थपथपाकर उनकी हौसला अफजाई की और फिर भीड़ देखकर बोले, इस बार आपकी हैट्रिक है। संबोधन के दौरान लोगों से भी प्रधानमंत्री ने कहा कि आंवला से प्रत्याशी हमारे पुराने साथी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं से दुर्विजय शाक्य को आपका दिया वोट मोदी को ही जाएगा।

### योगी राज में नए अवसरों की धरती बन रहा यूपी

प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ की भी प्रशंसा की। कहा, योगी और उनकी टीम जो मेहनत कर रही है, उससे यूपी की पहचान नए अवसरों की धरती के तौर पर बन रही है। योगी के नेतृत्व मे यूपी का भाग्य बदल रहा है। यूपी का सांसद होने के नाते उनके लिए यह गर्व की बात है। आंवला में नैनो यूरिया की फैक्ट्री है। ऐसे अनेक कारखाने उत्तर प्रदेश में लग रहे हैं। पहले जनता के हक का पैसा भ्रष्टाचारी लूट लेते थे लेकिन अब बरेली और बदायूं में विकास हो रहा है।

## राहुल गांधी समेत कई दिग्गजों की साख दांव पर

# लोकसभा चुनाव : दूसरे चरण का मतदान आज


मणिपुर के जिरीबाम जिले में चुनाव के लिए पोलिंग पार्टी नावों से मतदान केंद्र जाती हुई।

**नई दिल्ली, एजेंसी** । आम चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान कराने के लिये सभी आवश्यक तैयारी कर ली गयी हैं। इस दौरान कई दिग्गजों की साख दांव पर होगी। दूसरे चरण में इन सीटों के 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर कुल पंजीकृत 15.88 करोड़ से अधिक मतदाता 1206 प्रत्याशियों के चुनावी भविष्य का निर्णय करेंगे। मतदान सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा और शाम छह बजे समाप्त हो जायेगा। इसके लिये इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचा दिया गया है। इस चरण में जिन उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम मशीनों में दर्ज होना है उनमें कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजीव चंद्र शेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर आदि शाामिल हैं।

### उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर आज पड़ेंगे वोट

**लखनऊ, अमृत विचार** : प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए शुक्रवार को मतदान होगा। इस चरण में कुल 1,67,77,198 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव मैदान में कुल 91 प्रत्याशी हैं, जिसमें 10 महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। इस चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। सकुशल मतदान कराने के लिए पुलिस सहित विभिन्न बलों के एक लाख से अधिक सुरक्षा कर्मियों को लगाया गया है।

# कांग्रेस घुसपैठियों को देना चाहती है आमजन की संपत्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- विरासत कर को लेकर मुख्यमंत्री ने भी कांग्रेस की मंशा पर उठाए सवाल

**अमृत विचार**: विरासत कर को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कांग्रेस की मंशा पर सवाल उठाए हैं।

गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के संसाधनों को लगभग 60-65 वर्षों तक लूटा। अब उसकी नीयत आम जनता की संपत्ति पर लगी हुई है। इस कारण अब वह विरासत कर की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के मुताबिक, यूपीए सरकार के दौरान देश व आम जनता के प्रति कांग्रेस की जो मानसिकता थी, वह कल एक बार फिर उजागर हुई है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में भी कहीं न कहीं यह सब इशारे थे। सैम पित्रोदा ने कल जो बात कही है, 2011, 12, 13 में तत्कालीन मंत्री पी. चिदंबरम के द्वारा भी इन सब चीजों की बार-बार वकालत की जाती थी। योगी ने कहा कि एक तरफ यह कर लादकर आम जनता को तबाह करेंगे। उनकी संपत्तियों को जबरन कब्जे में लेंगे, फिर घुसपैठिए को देंगे, जिनका भारत से कोई संबंध नहीं है। सैम पित्रोदा ने कांग्रेस के प्रयास की उसी मंशा को उजागर किया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की कि, कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लोगों के मंसूबों को खारिज करने के लिए लोकतांत्रिक अधिकार का सही प्रयोग करें।

## वीवीपैट पर सुप्रीम फैसला आज

**नई दिल्ली** : उच्चतम न्यायालय इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से पड़े मतों के साथ वीवीपैट की पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक बढ़ाने की याचिका पर शुक्रवार को अपना फैसला सुनाएगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर शुक्रवार को होने वाले लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान अपना फैसला सुनाएगी। पीठ ने 24 अप्रैल को उप चुनाव आयुक्त, चुनाव आयोग की ओर से पेश अधिवक्ता वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह और याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ताओं - प्रशांत भूषण, संतोष पॉल, संजय हेगड़े और अन्य की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# 5वें चरण के लिए आज से शुरू होंगे नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**20 मई को होगा मतदान**

- लखनऊ समेत आसपास के जिले शामिल
- लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर भी होगा नामांकन

**अमृत विचार** : 5वें चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार से नामांकन शुरू होंगे। इसके साथ ही लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भी नामांकन होंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों के लिए मोहनलालगंज (अजा), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोण्डा में चुनाव होना है। इस चरण की 14 लोकसभा सीटों में 10 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और चार सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

इस चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोण्डा, बहराइच व बलरामपुर सहित 21 जिलों के अंतर्गत आते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 3 मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को की जायेगी। 6 मई को नाम वापसी की अंतिम तारीख निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस चरण में 2.70 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.43 करोड़ पुरुष मतदाता, 1.27 करोड़ महिला मतदाता हैं।

इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 17128 मतदान केन्द्र व 28688 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं। इसी प्रकार लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में कुल 4.59 लाख मतदाता हैं, जिसमें 2.40 लाख पुरुष मतदाता व 2.19 लाख महिला मतदाता हैं।

# जेईई मेंस में 56 छात्रों को 100 एनटीए स्कोर

**नई दिल्ली** : राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए हुई जेईई-मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित किए, जिसमें 56 परीक्षार्थियों ने पूरा 100 एनटीए स्कोर हासिल किया। ऐसा करने वाले परीक्षार्थियों में सबसे अधिक तेलंगाना से हैं। एनटीए ने कहा कि परीक्षा में अनुचित तरीकों के इस्तेमाल को लेकर 39 परीक्षार्थियों के जेईई-मुख्य परीक्षा देने पर तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। 10 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी।

तेलंगाना के सर्वाधिक 15, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के सात-सात और दिल्ली के छह परीक्षार्थियों ने पूरा 100 एनटीए स्कोर हासिल किया। परीक्षा का पहला संस्करण जनवरी-फरवरी में जबकि दूसरा संस्करण अप्रैल में आयोजित किया गया था। जेईई-मुख्य परीक्षा एक और दो के परिणामों के आधार पर, परीक्षार्थियों को जेईई-एडवांस्ड परीक्षा में बैठने के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है। जेईई-एडवांस्ड 23 प्रमुख आईआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा है।

## जज के पुत्र ने फंदा लगा कर की आत्महत्या

**लखनऊ** : हजरतगंज के बटलर पैलेस कॉलोनी निवासी एनआईए कोर्ट के विशेष जज के पुत्र अजितेश ने बुधवार देर रात आवास के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। एडीसीपी मध्य मनीषा ने बताया कि मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। परिजन ने लिखित में कोई कार्रवाई न करने की बात कही। मूलरूप से देवरिया के रहने वाले एडीजे विवेकानंद शरण त्रिपाठी पिछले वर्ष नवंबर माह से लखनऊ में सेवारत हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार रात जेईई मेन्स 2024 का परीक्षा परिणाम आया था। नौकरानी सुषमा का कहना है कि अजितेश ने भी इस बार जेईई मेन्स की परीक्षा दी थी। माना जा रहा है कि परिणाम से निराश होकर अजितेश कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। परिजन काफी देर तक दरवाजा खटखटाते रहे। जवाब नहीं मिलने पर परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए तो देखा अजितेश पंखे से पर्दे के फंदे से लटका मिला। आनन-फानन परिजन उसे नीचे उतारकर सिविल अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अखिलेश ने कन्नौज से भरा पर्चा


जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को नामांकन पत्र सौंपते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार**: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कन्नौज कलेक्ट्रेट पहुंचकर पर्चा दाखिल कर दिया। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से ही भाजपा की हार का सिलसिला शुरू हो गया है, इसलिए भाजपा के बड़े नेताओं की भाषा बदल गई है। अपनी कमियां छिपाने के लिए सरकार तरह-तरह के बहाने कर रही है।

उन्होंने कहा कि कन्नौज के विकास की आधारशिला समाजवादियों ने रखी थी। भाजपा सरकार ने केवल नकारात्मकता और नफरत की राजनीति की है जिसे अब जनता जान चुकी है। गुरुवार को उन्होंने दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे व अन्य के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर रिटर्निंग अफसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल के समक्ष नामांकन किया।

## मोदी-राहुल के विरुद्ध शिकायतों पर चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली** : चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया। चुनाव आयोग ने मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज़ कराई गयी शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से अपने पार्टी के स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये उनसे नोटिस का 29 तारीख तक जवाब मांगा है।

आयोग ने राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है।

# ग्राम निधि से खर्च किए करोड़ों, होगी जांच

- पंचायत चुनाव में प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने पर हुए थे नियुक्त, डीएम को जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : 2021 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान नियुक्त प्रशासकों द्वारा ग्राम निधि से खर्च किए गए करोड़ों रुपये में फर्जी भुगतान की आशंका है। गोरखपुर के संजय मिश्रा की शिकायत पर सभी जिलों में जांच की जाएगी। दरअसल, दिसंबर में प्रधानों का कार्यकाल खत्म हो गया था और चुनाव देर से हुए थे। इस बीच छह माह के लिए एडीओ व बीडीओ प्रशासक नियुक्त हुए थे। प्रशासकों ने सचिवों के माध्यम से दिसंबर से मई तक ग्राम निधि से कार्यों का भुगतान किया। 5 मई को प्रधान नियुक्त हुए और 25 मई से शपथ ग्रहण कराई गई। इस 20 दिन के अंतराल में कुल 650 करोड़ रुपये का भुगतान ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर करना पाया गया। निदेशक पंचायती राज विभाग अटल कुमार राय ने बताया कि सभी जिलाधिकारी को जांच के लिए लिखा है।

### सर्वाधिक खर्च पर चिह्नित हुई थीं टॉपटेन पंचायतें

पंचायत चुनाव के बाद सर्वाधिक धनराशि खर्च करने की बात सामने आई थी। ई-ग्राम स्वराज पोर्टल से सबसे ज्यादा धनराशि 25 लाख तक खर्च करने वाली जिलों की टॉपटेन ग्राम पंचायत चिह्नित कर जांच के लिए भेजी गईं थीं। जिलों पर जांच कराई थी।

### इन जिलों में सर्वाधिक भुगतान

बिजनौर 26 .66 करोड़, बहराइच 20 .74, जौनपुर 20 .30, बांदा 18 .99, सीतापुर 18 .25, कुशीनगर 18 .12, मुज्जफर नगर 14 .62, बुलंदशहर 17 .54, फतेहरपुर 17 .21, बाराबंकी 13 .80, आजमगढ़ 13 .38, प्रतापगढ़ 13, सहारनपुर 13 .59, बलिया 12 .69, जालौन 12 .29, प्रयागराज 12 .20, फिरोजाबाद 11 .86, झांसी 11 .67, मथुरा 11 .64, आगरा 11 .33, अयोध्या 11 .24, हरदोई 10 .97, लखीमपुर खीरी 10 .63, कासगंज 10, पीलीभीत 9, मुरादाबाद 8 .95, बदायूं 8 .76, अमेठी 8 .42, गोंडा 6 .64, गोरखपुर 5 .94, लखनऊ 5 .34, कानपुर नगर 5 .21, बरेली 3 .84, शाहजहांपुर 3 .66 करोड़ रुपये (रिपोर्ट के अनुसार)

## कांग्रेस ने हरियाणा की आठ लोकसभा सीटों के लिए घोषित किए उम्मीदवार

**नई दिल्ली** : कांग्रेस ने हरियाणा से लोकसभा की आठ सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम की गुरुवार देर रात घोषणा की। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में सभी उम्मीदवारों के नाम तय किए गए हैं। पार्टी ने अंबाला सुरक्षित से वरुण चौधरी, सिरसा सुरक्षित से कुमारी शैलजा, हिसार से जयप्रकाश, करनाल से दिव्यांशु बुद्धिराजा, सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी, भिवानी महेंद्रगढ़ से राव धन सिंह, रोहतक से दीपेंद्र सिंह हुड्डा और फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप को टिकट दिया गया है।

**नई पहल** प्रधान न्यायाधीश ने डिजिटलीकरण की दिशा में उठाया महत्वपूर्ण कदम

# व्हाट्सएप के जरिये मुकदमों की जानकारी देगा न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



### अधिकारिक व्हाट्सएप नंबर किया साझा

प्रधान न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत का आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 8767687676 साझा किया और कहा कि इस पर कोई संदेश और कॉल प्राप्त नहीं होगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि यह हमारी कामकाजी आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा और कागज के साथ ही हमारी पृथ्वी को बचाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के लिए सात हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उच्चतम न्यायालय व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने व सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करेगा। इसका बहुत प्रभावशाली असर होगा और इस कदम से कागज व पृथ्वी को बचाने में भी मदद मिलेगी।

प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू करने से पहले न्यायमूर्ति चंद्रचूड ने व्हाट्सएप को न्यायालय की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सेवाओं से जोड़ने की यह घोषणा की। याचिकाओं से यह सवाल निकलकर सामने आया कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत समुदाय के भौतिक संसाधन माना जा सकता है, जो राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) का एक हिस्सा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा उच्चतम न्यायालय की मौजूदगी के 75वें वर्ष में हमने एक छोटी सी योजना की शुरुआत की है। व्हाट्सएप हमारी रोजाना की जिंदगी में शामिल हो चुका है और इसने एक शक्तिशाली संचार सुविधा की भूमिका ले ली है। न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत बनाने और न्याय तंत्र में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय अपनी आईटी सेवाओं को व्हाट्सएप के साथ जोड़ने की घोषणा करता है।' सीजेआई ने कहा इस पहल के अंतर्गत 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' और शीर्ष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने वाले वादियों को मुकदमे को ऑनलाइन दाखिल करने, वाद सूची, आदेश और निर्णयों के संबंध में ऑटोमेटेड संदेश प्राप्त होंगे।

SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत नि:शुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## शहर में आज

- एनडीबीजी खेल मैदान में सीएएल डेकाथलन क्रिकेट लीग के मुकाबले 9 :00 बजे।
- लामाटीर्नियर एसडीएस अकादमी में टेनिस टूर्नामेंट- 10 :00 बजे।
- मोबिलिटी इंडिया फाउंडेशन और चेतना संस्थान की ओर से फुटबाल प्रशिक्षण शिविर चेतना प्ले ग्राउंड अलीगंज में प्रात : 10 बजे।
- उत्तर प्रदेश कला समागम की ओर से प्रथम सोपान नाम से कला प्रदर्शनी लाल बारादरी स्थित राज्य ललित कला अकादमी में सायं 5 .30 बजे।
- भारतीय सांस्कृतिक परिषद की मासिक सांस्कृतिक श्रृंखला क्षितिज के तहत रंजना शर्मा और प्रेरणा राणा का कथक नृत्य संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में सायं 6 .30 बजे।
- राज्य ललित कला अकादमी और धर्मार्थ कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चित्रकला कार्यशाला इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रात : 9 .30 बजे।

## एक नजर

### आज डाटा न मिला तो छात्रवृत्ति से होंगे वंचित

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्तीय वर्ष 2023-24, दशोमत्तर छात्रवृत्ति का डाटा विश्वविद्यालय/एफिलियिटिंग एजेंसियों को समाज कल्याण विभाग को भेजने का शुक्रवार को अंतिम दिन है। यदि समय पर डाटा पोर्टल पर नहीं भेजा गया तो आवेदन करने वाले छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित हो जाएंगे। दशोत्तर छात्रवृत्ति के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन आवेदन किए थे। जो विश्वविद्यालय/एफिलियिटिंग एजेंसियों द्वारा 16 से 26 अप्रैल तक सत्यापन कर समाज कल्याण विभाग को फारवर्ड करना है। शुक्रवार अंतिम दिन है। फिर भी एजेंसियों द्वारा डाटा भेजा नहीं गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने हरहाल में सत्यापन कर डाटा मांगा है।

### बीज गोदामों को होगा सत्यापन, टीम बनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में कृषि विभाग के संचालित बीज/बफर गोदामों का वार्षिक सत्यापन कराया जाएगा। उप निदेशक कृषि बलराम वर्मा ने भौतिक सत्यापन के लिए वरिष्ठ प्राविधिक सहायक व सहायक विकास अधिकारी को नामित किया है, जो केंद्रीय बीज भंडारण शेरवानी नगर, राजकीय बीज भंडारण बसहा बीकेटी, सेमरा चिनहट, मलिहाबाद, माल, काकोरी, गोसाईगंज, सरोजनी नगर व मोहनलालगंज ब्लॉक गोदामों में बिक्री, स्टॉक आदि की जांच करेंगे।

### डीटीपी अनुभाग के प्रोग्रामर निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेश पर डेस्कटॉप पब्लिशिंग (डीटीपी) अनुभाग से संबद्ध टैगोर पुस्तकालय के प्रोग्रामर मनोज सक्सेना को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कुल सचिव डॉ. वीके सिंह ने बताया है कि मनोज कार्यों में रुचि नहीं ले रहे थे। आवंटित कार्यों को भी संपादित नहीं किया जा रहा था। कार्यों के अवहेलना के चलते मनोज को निलंबित करते हुए कुलानुशासक कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

# चुनाव : आज से नामांकन की बारी, कलेक्ट्रेट में पूरी तैयारी

## बनाए गए तीन कक्ष, लगाए गए सीसीटीवी कैमरे और लाउडस्पीकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कमरा नंबर 19 में लखनऊ, कमरा नंबर 02 में मोहनलालगंज संसदीय सीट और कमरा नंबर 21 में पूर्वी विस चुनाव के लिए होगा नामांकन

**अमृत विचार :** लखनऊ व मोहनलालगंज लोकसभा और पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के लिए कलेक्ट्रेट में तैयारी पूरी हो गई है। शुक्रवार से सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। कलेक्ट्रेट में नामांकन के लिए तीन कक्ष बनाए गए हैं। साथ ही सीसीटीवी से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार के निर्देश पर कमरा नंबर 19 जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में लखनऊ लोकसभा, कमरा नंबर 02 एडीएम ट्रांसगोमती न्यायालय कक्ष में मोहनलालगंज लोकसभा और कमरा नंबर 21 सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय के कक्ष में पूर्वी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए नामांकन कक्ष बनाए गए हैं। यहां पर्याप्त कुर्सियां लगाई गईं हैं। साथ ही दो प्रतीक्षा रूम बनाए गए हैं ताकि नामांकन कराने के लिए अगर अधिक प्रत्याशी और उनके प्रस्तावक आ जाएं तो उनको बैठाया जा सके। परिसर की निगरानी कुल 34 कैमरों के माध्यम से की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड कमरा नंबर 18 में नामांकन के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम में होगी। गुरुवार को सभी सीसीटीवी और उनके डीवीआर चेक किए गए। कलेक्ट्रेट परिसर और आसपास सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स रहेगी। नामांकन के संबंध में जानकारी देने के लिए लाउडस्पीकर भी लगाया गया है।

नामांकन प्रक्रिया शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिये 26 अप्रैल से तीन मई तक दो पुलिस उपायुक्त, एक अपर पुलिस उपायुक्त, छह सहायक पुलिस आयुक्त, 16 निरीक्षक, 176 उपनिरीक्षक, 153 मुख्य पुरुष व महिला आरक्षी, 2 कम्पनी पीएसी बल की ड्यूटी लगायी गयी है।

### प्रत्याशियों व समर्थकों के लिये गाइड लाइन जारी

- नामांकन कक्ष में राजनीतिक दल के प्रत्याशियों संग प्रस्तावक ही प्रवेश करेंगे।
- प्रत्याशियों संग सिर्फ तीन वाहन होंगे। अन्य वाहन स्वास्थ्य भवन से चकबस्त चौराहे के बीच पार्क नहीं किये जायेंगे।
- प्रत्याशी के सुरक्षाकर्मी कलेक्ट्रेट के प्रथम चैनल गेट से आगे नामांकन कक्ष तक नहीं जा सकेंगे
- नामांकन स्थल के 100 मीटर के दायरे में कोई वाहन, असलहा ले जाने की अनुमति नहीं होगी।
- कलेक्ट्रेट के गेट नंबर एक से नामांकन के लिये जाने वाले प्रत्याशी व प्रस्तावकों को चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया जायेगा।
- सीडीआरआई तिराहे की ओर से आने वाले प्रत्याशी कलेक्ट्रेट के बैरियर से पैदल नामांकन कक्ष तक पहुंचेंगे। इसके बाद गेट नम्बर 02 से बाहर निकलेंगे।
- परिवर्तन चौक की ओर से पहुंचे प्रत्याशियों के समर्थकों के वाहन स्वास्थ भवन चौराहा से आगे नहीं जा सकेंगे।


लोकसभा चुनाव के नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर की गई बैरिकेडिंग। अमृत विचार

### ओपी आज करेंगे नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव शुक्रवार को नामांकन करेंगे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि सुबह ओपी श्रीवास्तव हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता सुबह दस बजे हनुमान सेतु मंदिर के पास एकत्र होंगे और वहां से नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट जाएंगे।

# नामांकन और आईपीएल मैच के चलते बदले रहेंगे शहर के रास्ते

## कलेक्ट्रेट की ओर आने वाले प्रमुख रास्तों पर 3 मई तक डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव और आईपीएल मैच के आयोजन से अगले कुछ दिनों तक शहरवासियों को आवाजाही में दिक्कत होगी। लोकसभा चुनाव के नामांकन के चलते आमजन के लिए 26 अप्रैल से 3 मई तक कलेक्ट्रेट की ओर आने वाले प्रमुख रास्तों पर डायवर्जन लागू किया गया है तो आईपीएल मैच के चलते दोपहर तीन बजे से मैच खत्म होने के समय रात 12 बजे तक इकाना स्टेडियम के आसपास के इलाके में डायवर्जन लागू रहेगा।

जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल के अनुसार स्वास्थ्य भवन चौराहे से कलेक्ट्रेट की ओर चकबस्त चौराहा तक आमजन के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। नामांकन के लिए जाने वाले प्रत्याशी के वाहन को छोड़कर अन्य वाहन स्वास्थ्य भवन चौराहे तक ही जा सकेंगे। कैसरबाग बस अड्डे से चकबस्त चौराहा से होकर कलेक्ट्रेट की ओर आवागमन बंद रहेगा। स्वास्थ्य भवन से कलेक्ट्रेट के बीच का मार्ग एकल मार्ग रहेगा। कैसरबाग होकर आवागमन करने वाली बसें स्वास्थ्य भवन से चकबस्त चौराहा के बीच नहीं चलेंगी। स्वास्थ्य भवन चौराहा से कलेक्ट्रेट चौराहे के बीच आमजन के वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी। कलेक्ट्रेट के प्रमुख प्रवेश द्वार गेट नंबर एक से पूर्व ही एक और बैरियर लगाया गया है। परिवर्तन चौक से सआदत अली खां मकबरा होते हुये स्वास्थ्य भवन आने के लिए वैकल्पिक मार्ग प्रतिबंधित रहेगा।


कार्यालय के समक्ष सुरक्षा के लिए लगे बैरियर। अमृत विचार

### स्वास्थ्य भवन चौराहे से की गई बैरिकेडिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य भवन चौराहा पर पुराने हाईकोर्ट के गेट नंबर 6 के सामने और चकबस्त चौराहे पर गुरुवार को बैरिकेडिंग की गई। बैरियर से नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों के साथ निर्धारित प्रस्तावकों के अतिरिक्त कोई अन्य नहीं आएगा। इस बैरियर से प्रत्याशी एवं प्रस्तावक कलेक्ट्रेट की तरफ मुड़ेंगे। चकबस्त चौराहा के समीप बैरियर से कलेक्ट्रेट एवं राजस्व परिषद के कर्मियों को जानकारी के बाद प्रवेश दिया जाएगा।

### गोमती बैराज पर कल से शुरू होगा आवागमन

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती बैराज के दो गेट की मरम्मत का काम शुक्रवार रात तक पूरा हो जाएगा। सिंचाई विभाग ने पुल से हैवी मशीनें हटा ली हैं लेकिन मरम्मत का कुछ काम रह गया है। इसके बाद शनिवार से पुल पर आवागमन शुरू हो जाएगा। 1090 चौराहा स्थित गोमती बैराज के गेट नंबर एक और नौ बदले जाने थे। इनसे पानी रिस रहा था। सभी नौ गेट पुराने हो चुके हैं लेकिन इन दोनों गेट की मरम्मत जरूरी थी। इसके लिए सिंचाई विभाग ने 9 अप्रैल से काम शुरू किया था। जिसे 25 अप्रैल तक पूरा किया जाना था। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सत्यप्रिय ने बताया कि सिंचाई विभाग ने यातायात विभाग से 7 से 25 अप्रैल तक कार्य के लिए अनुमति मांगी थी।

### आरटीओ में कराना है काम तो लाएं प्रदूषण प्रमाण पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुंए की रोकथाम को परिवहन विभाग ने एक और कदम बढ़ा दिया है। प्रदूषण प्रमाण पत्र के बिना अब आरटीओ कार्यालय में वाहन संबंधी कार्य नहीं होंगे। इसके लिए एनआईसी ने ऑनलाइन व्यवस्था में बदलाव भी कर दिए हैं। प्रदूषण अंडर कंट्रोल प्रमाण पत्र (पीयूसीसी) अपलोड किए बिना वाहन संबंधी कार्यों के लिए आवेदन भी नहीं हो सकेंगे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इससे वाहनों से निकलने वाला प्रदूषण का स्तर कम होगा। परिवहन विभाग में तैनात एआरटीओ तकनीकी कमल जोशी के अनुसार अब तक वाहन संबंधी कार्यों के लिए पीयूसीसी अनिवार्य नहीं था, लेकिन अब वाहन संबंधी किसी भी कार्य के लिए आवेदक को पीयूसीसी अपलोड करना होगा। इसके लिए वाहन फोर सॉफ्टवेयर में बदलाव किया गया है। अब पीयूसीसी अपलोड किए बिना आवेदक का ऑनलाइन फार्म जमा नहीं होगा। पंजीयन प्रमाण पत्र से लोन हटवाना हो या फिर पुन: पंजीयन करना हो तो अब पीयूसीसी अनिवार्य किया गया है। लखनऊ में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ और देवा रोड स्थित एआरटीओ कार्यालय में रोजाना वाहन संबंधित 300 से अधिक वाहन विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं।

# छत पर होर्डिंग, दो साल से नहीं दिया शुल्क तो चार गुना देना पड़ेगा गृहकर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- विज्ञापन शुल्क जमा न करने वाले भवन स्वामियों से नगर निगम ने वसूली का निकाला नया तरीका

**अमृत विचार :** दो वर्ष से घरों की छतों पर होर्डिंग लगाकर विज्ञापन शुल्क जमा न करने वाले भवन स्वामियों से नगर निगम ने वसूली का नया तरीका निकाला है। इनसे आवासीय की जगह कमर्शियल हाउस टैक्स वसूलकर भरपाई की जाएगी। इसके अलावा इन्हें होर्डिंग लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शहर में ऐसे भवन स्वामियों की संख्या लगभग 200 है।

इन पर नगर निगम का लगभग दो करोड़ रुपये विज्ञापन शुल्क फंसा है। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने प्रचार विभाग की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए हैं। उन्होंने जोनल अधिकारियों को पत्र लिखकर ऐसे भवन स्वामियों पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। जिन विज्ञापन एजेंसियों ने 75 प्रतिशत शुल्क जमा कर दिया है, उन्हें तीन महीने में बकाया जमा करने की शर्त के साथ होर्डिंग लगाने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

### एजेंसियों के जरिये लगायी जाती हैं छतों पर होर्डिंग

नगर निगम क्षेत्र में मुख्य मार्गों के किनारे निजी भवनों, कॉम्प्लेक्स और अपार्टमेंट की छतों पर विज्ञापन एजेंसियों के माध्यम से होर्डिंग व प्रचार सामग्री लगाई जाती है। इसके लिए सभी औपचारिकताएं विज्ञापन एजेंसियां पूरी करती हैं। निजी भवनों पर लगने वाली होर्डिंग पर नगर निगम शुल्क में 35 प्रतिशत छूट देता है। इसके बावजूद 10 प्रतिशत भवन स्वामियों ने विज्ञापन शुल्क जमा नहीं किया है।

**सड़क पर निकलीं होर्डिंग हटाई तो मुख्यालय पहुंचीं एजेंसियां :** निजी भवनों पर मानक के विपरीत छत से बाहर सड़क पर चार से पांच फिट बाहर निकलीं होर्डिंग को नगर निगम की प्रचार विभाग की टीम ने हटाना शुरू कर दिया है। इसका भवन स्वामियों से लेकर विज्ञापन एजेंसियां विरोध कर रही हैं। उन्होंने अपर नगर आयुक्त से मुलाकात करके कार्रवाई रोकने की मांग की है।

# इकाना में मैच कल, शहीदपथ पर जाने से बचें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इकाना स्टेडियम में इंडियन प्रीमियम लीग का शनिवार को राजस्थान रायल्स और लखनऊ सुपर ज्वाइंट के बीच मैच होगा। दोपहर तीन बजे से मैच खत्म होने के समय रात 12 बजे तक इस इलाके में डायवर्जन लागू रहेगा। जेसीपी ने स्टेडियम के आसपास रहने वाले लोगों से पीक आवर में शहीदपथ पर शाम छह से आठ बजे तक आवाजाही से बचने की अपील की है। उन्होंने वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की बात कही है।

शहीद पथ पर मैच के दौरान रोडवेज और प्राइवेट बस सहित अन्य वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक रूट से वाहन निकाले जायेंगे। निजी वाहनों, किराये की टैक्सी और कार पर रोक नहीं होगी। सुल्तानपुर रोड पर वाहन अमूल तिराहा से डायवर्ट होंगे। अर्जुनगंज, कैंट की तरफ से आने वाले वाहन कटाई पुल से मुड़ेंगे। ई-रिक्शा व ऑटो शहीद पथ और सर्विस रोड पर नहीं चलेंगे। अर्जुनगंज से आने वाले ई रिक्शा और ऑटो अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे। पीएचक्यू के सामने से होकर जी-20 तिराहा से गोमतीनगर की ओर जाएंगे। सुल्तानपुर रोड से आने वाले ऑटो और ई-रिक्शा बायें मुड़कर लूलू मॉल की ओर सवारी उतारेंगे। अहिमामऊ से 500 मीटर एरिया में सवारी उतारी व बैठाई नहीं जाएंगी।

### इंदिरा ब्रिज पर 27 दिन नहीं चलेंगे वाहन

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने गुरुवार से निशातगंज स्थित इन्दिरा ब्रिज की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। इस मार्ग पर मंगलवार से आवागमन बंद कर दिया गया है। 23 मई को काम पूरा हो जाएगा। इसके वाद आवागमन शुरू किया जाएगा।पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता मनीष वर्मा ने बताया कि ब्रिज के एक्सपेंशन खराब हो गए हैं। इन्हें बदला जाएगा। इनके बदल जाने से झटके लगने कम हो जाएंगे। ओवरब्रिज की बेयरिंग भी खराब हो गई है, इन्हें भी सही कराया जाएगा।

# मुंबई-अजमेर के लिए आज से चलेंगी चार विशेष ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लंबी दूरी की नियमित ट्रेनों में सीटें फुल
- यात्रियों की भीड़ देख रेलवे चलाएगा चार समर स्पेशल ट्रेनें

**अमृत विचारः** गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की उमड़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने समर स्पेशल ट्रेने चलाने की तैयारी की है। ये ट्रेनें 26 अप्रैल से विभिन्न तारीखों में चार शहरों के बीच चलाई जाएंगी। ये सभी विशेष ट्रेनें लखनऊ होकर जाएंगी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि इन ट्रेनों में सभी श्रेणी के यात्रियों के लिए सीटों की बुकिंग खोल दी गई है।

ट्रेन नंबर 05001 मात्र एक फेरे के लिए संचालित की जाएगी। छपरा जंक्शन से 26 अप्रैल की सुबह यह ट्रेन 6:10 बजे रवाना होगी जोकि गोमतीनगर रेलवे स्टेशन शाम 4:45 बजे, ऐशबाग 5:50 बजे पहुंचेगी और अगले दिन सुबह 7:30 बजे अजमेर पहुंच जाएगी। ट्रेन नंबर 01428 गोरखपुर से मुंबई वाया चारबाग के बीच 28 और तीन मई को दो फेरे के लिए चलाई जाएगी। यह ट्रेन गोरखपुर से दोपहर 3:30 बजे रवाना होगी और लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर रात 7:55 बजे पहुंचेगी। यहां से दूसरे दिन मध्यरात्रि 12 बजे लोकमान्य तिलक रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

नंबर 01412 गोरखपुर से पुणे वाया चारबाग 28 अप्रैल को एक फेरे के लिए चलाई जाएगी। गोरखपुर से यह ट्रेन शाम 6:20 बजे चलकर रात 11:55 बजे चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यहां से रवाना होकर दूसरे दिन सुबह पुणे 6:40 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 01016 गोरखपुर से दादर के लिए 29 अप्रैल, तीन व छह मई को तीन फेरे के लिए चलाई जाएगी। यह ट्रेन अनारक्षित होगी, जाकि गोरखपुर से दोपहर 3:30 बजे रवाना होकर चारबाग रात 7:55 बजे पहुंचेगी। यहां से चलकर दूसरे दिन मध्य रात्रि 12:25 बजे दादर पहुंचेगी।

### मुंबई की ट्रेनों के फेरे बढ़े

ट्रेन नंबर 05325 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक के बीच 10 मई तक रोजाना चलने वाली ट्रेन अब 15 मई तक रोजाना चलेगी। ट्रेन नंबर 05326 एलटीटी से गोरखपुर के बीच 12 मई तक रोज चलने वाली ट्रेन अब 27 मई तक रोज मुंबई से गोरखपुर के लिए रवाना होगी।

# पारा 41 डिग्री, अब लगेंगे लू के थपेड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मौसम विभाग का अनुमान सच साबित हुआ, गुरुवार से लू चलने लगी। हालांकि, मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक इसे हल्की लू बता रहे हैं। इनका मानना है कि तापमान के साथ आने वाले दिनों में गर्म हवाओं की रफ्तार बढ़ सकती है।

तेज धूप का असर गुरुवार सुबह से ही दिखने लगा। दोपहर बाद लखनऊ और आसपास के इलाकों में हवाओं ने रफ्तार पकड़ी। जो 20 से बढ़कर 30 किमी प्रति घण्टा तक चली। ऐसे में रोजमर्रा के काम से निकले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, शुक्रवार से हवाओं की रफ्तार और बढ़ सकती है। दिन का तापमान 41 डिग्री से कुछ अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहा। फिलहाल मौसम शुष्क रहने की संभावनाएं बनी हुई हैं। खास बदलाव के संकेत नहीं मिल रहे हैं।


बर्फ का गोला खाकर गर्मी से राहत पाते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

- लखनऊ और आसपास दिन भर चली गर्म हवाएं
- आने वाले दिनों में गर्म हवाओं की रफ्तार बढ़ेगी

**कुकरैल छोड़ हर स्थानों की एक्यूआई खराब :** धूल भरी हवाओं का असर एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) पर पड़ा है। बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय में एक्यूआई 153 रही। सेंट्रल स्कूल 165, चारबाग 160, गोमती नगर 161, हैबतमऊ मवइया 160, लालबाग 158, निशातगंज 161, तालकटोरा 157 और विजय खण्ड 162 रही, जो मौसम अनुसंधान केन्द्र की मापकता में खराब दर्शाई गई है। कुकरैली की हवा 78 रही, जो मध्यम श्रेणी में आती है।

जज्बा | लिवर की दिक्कत होने पर ऑर्गेनिक सब्जियों और फल के लिए त्रिवेणी नगर के रामपाल ने उठाया अनूठा कदम

# पत्नी की सेहत के लिए छत को ही खेत बना उगाने लगे सब्जियां

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊः

**अमृत विचारः** जो लोग सिर्फ बाजार और होटल के खाने पर निर्भर हैं, उनकी सेहत पर आज नहीं तो कल असर पड़ना तय है। यानी कभी न कभी पेट की बीमारी उन्हें घेर सकती है। शायद ऐसा ही हुआ। रामपाल वर्मा की पत्नी के साथ। कोविड की लहर के दौरान लिवर खराब होने के बाद उनकी परेशानी बढ़ गई थी। लेकिन रामपाल वर्मा ने हार नहीं मानी। उनकी सेहत के लिए घर की छत को ही खेत बना दिया।

पत्नी की जान बचाने के लिए ऑर्गेनिक सब्जियां और फल उगाए। इसकी हरियाली में पत्नी भी टहल सकें, इसका भी प्रबंध किया। 2020 से शुरू हुआ उनका यह कारवां आज यहां तक पहुंच गया है कि इन्हें बाहर से कोई सब्जी खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती।


त्रिवेणी नगर के रहने वाले रामपाल वर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी पम्मी वर्मा की तबीयत साल 2020 में कोविड-19 की लहर में खराब हो गई।

डॉक्टर को दिखाया तो पता चला कि लिवर खराब हो गया। तीन साल इलाज चला, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

पत्नी को बाहर के खाने से बचाने के लिए उन्होंने घर पर ही खेती करनी शुरू कर दी। रामपाल बताते हैं कि पत्नी की दवाई बंद कराकर सिर्फ घर की ऑर्गेनिक सब्जियों और घर पर लगे हुए अमरूद के पत्ते और सौंफ को पीसकर इसका काढ़ा बनाकर उनको पिलाना शुरू किया। इससे महज 6 महीने में उनकी पत्नी का लिवर एकदम ठीक हो गया और वह अब पूरी तरह स्वस्थ हैं।


अपने घर की छत पर बने गार्डन को दिखातीं पम्मी वर्मा। अमृत विचार

### घर में बने खेत में बहाते हैं पसीना



रामपाल वर्मा और उनकी पत्नी पम्मी वर्मा का कहना है कि 2020 से पहले खूब मॉर्निंग वॉक किया करते थे। लेकिन उसके बाद अब घर पर बने हुए इस छोटे से खेत में सुबह 5 से लेकर 7 :30 बजे तक इसकी देखरेख और रखरखाव में पसीना बहाते हैं। अब वह इसी से स्वस्थ हैं। अब उन्हें मॉर्निंग वॉक की जरूरत नहीं पड़ती। ऑर्गेनिक सब्जियों और फल से उन्हें अब बहुत आराम है।

### कई तरह की सब्जियां हैं उपलब्ध

रामपाल वर्मा ने बताया कि छत पर वह टमाटर, लौकी, तोरई, कद्दू और लाल भिंडी की खेती कर रहे हैं। उन्होंने गन्ना, सौंफ, सेब, लीची, अमरूद, लाल मिर्च और हरी मिर्च के साथ ही कई अन्य सब्जियां भी उगा रखी हैं, जिनका वह रोज खाने में इस्तेमाल कर रहे हैं।

### 90 फीसद कचरे का कर रहे इस्तेमाल

रामपाल वर्मा ने बताया कि वह घर के 90 फीसद कचरा और किचन वेस्ट का उपयोग खाद बनाने के लिए करते हैं। सिर्फ दस फीसद कचरा ही कूड़ा गाड़ी को देते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हर कोई अपनी छत पर खेती करे तो सड़कों से कूड़ा भी गायब हो जाएगा और लोग स्वस्थ रहेंगे।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

## एक नजर

### नाबालिग से युवक ने घर में घुसकर की छेड़छाड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा इलाके में शोहदे ने घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ की। पीड़िता के चिल्लाने पर पहुंचे परिजनों ने शोहदे को दबोचा लेकिन वह चकमा देकर फरार हो गया। परिजनों ने तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना क्षेत्र निवासी नाबालिग घर में लेटी हुई थी। तभी टिस्सू घर में घुस छेड़छाड़ करने लगा। नाबालिग ने शोर मचा दिया। इस पर पहुंचे परिजन ने आरोपी को पकड़ डायल 112 पर सूचना दी। लेकिन पुलिस पहुंची तब तक आरोपी चंगुल से छूट कर भाग निकला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### घर से निकला युवक संदिग्ध हालात में लापता

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरा नगर इलाके में रहने वाला युवक संबंधित हालात में लापता हो गया। पिता ने थाने में गुमशुदगी की दर्ज कराई है। इंदिरा नगर प्रभारी निरीक्षक ने बताया सुग्गामऊ गांव रामकिशोर यादव ने बेटे विशाल यादव (23) 8 अप्रैल की सुबह घर से मौसी के यहां जाने के बात कहकर बाइक से निकला था। इसके बाद से लापता है। मोबाइल फोन बंद है। पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुये पुलिस से बेटे की बरामदगी की गुहार लगाई है।

### रैन बसेरे में सो रहे तीमारदार के 80 हजार रुपये चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू ट्रॉमा रैन बसेरे में सोते समय चोरों ने तीमारदार के 80 हजार रुपये पार कर दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो फुटेज में दो आरोपी रुपये चोरी करते नजर आये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है। फररूर्खाबाद के नवाबगंज निवासी पुष्पेंद हादसे में जख्मी हो गए थे। परिजनों ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर के आर्थोपैडिक विभाग में भर्ती कराया था। तीमारदार रघुवीर ट्रॉमा के बाहर बने रैन बसेरे में बुधवार रात सोये थे। देर रात चोरों ने बैग में रखे करीब 80 हजार रुपये पार कर दिये।

# आज पता चलेगा, मैनहोल में बच्चे की मौत का जिम्मेदार आखिर कौन

## जांच करने फिर घटनास्थल पहुंची टीम, बयान लिए, कार्यदायी संस्था के दस्तावेज देखे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मैनहोल में बच्चे की मौत का जिम्मेदार कौन है, इसका पता 50 घंटे बाद भी जांच कमेटी नहीं कर सकी। मामले की तह में जाने के लिए जांच टीम गुरुवार को एक बार घटनास्थल पर पहुंची। संबंधित लोगों के बयान लिये और कार्यदायी संस्था के दस्तावेज देखे। टीम शुक्रवार दोपहर तक अपनी रिपोर्ट जलकल महाप्रबंधक को सौंपेगी।

### दूसरे दिन 148 मैनहोल सही कराए

नगर आयुक्त के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के दूसरे दिन नगर निगम के अभियंत्रण विभाग, जलकल और सुएज इंडिया ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 148 सीवर के टूटे मैनहोल बदले और क्षतिग्रस्त ड्रेनेज सही करवाये। बुधवार को 72 मैनहोल लगाने के साथ रिपेयर कराये थे। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने नगर निगम के सभी आठ जोन में कम से कम 100-100 खुले मैनहोल का स्टॉक रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने घने बसे इलाकों में मैनहोल की स्थिति जांचने के निर्देश दिये और उन स्थानों को चिन्हित करने के लिए कहा जहां हादसों की आशंका अधिक है।



मैनहोल ही नहीं खुले नाले भी दे रहे हादसों को न्यौता। अमृत विचार

मालूम रहे कि मंगलवार दोपहर जानकीपुरम थाना अंतर्गत सेक्टर-7 में जलकल विभाग की लापरवाही के चलते सीतापुर जनपद के लहरपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी सैफुद्दीन सेक्टर के आठ साल के बेटे शाहरुख (8 वर्ष) की खुले मैनहोल में गिरकर मौत हो गई थी। इस मामले में नगर आयुक्त ने जांच कमेटी भी गठित की थी। बुधवार को जलकल विभाग की टीम ने जांच की। माना जा रहा था कि गुरुवार को टीम अपनी रिपोर्ट देगी लेकिन टीम गुरुवार को एक बार फिर दुर्घटनास्थल पहुंची। सीवर की नापजोख करने के बाद मृतक बच्चे की बहन और परिवारजनों से बात की। उनके बयान भी दर्ज किये। इसके अलावा एसके कंस्ट्रक्शन से जुड़ी फाइलें भी देखीं। शाम तक टीम के अधिकारी रिपोर्ट तैयार करने में लगे रहे। जलकल विभाग के सचिव रमेश चन्द्र ने बताया कि शुक्रवार दोपहर तक रिपोर्ट जलकल महाप्रबंधक को सौंप दी जाएगी।

**चार अपर नगर आयुक्त देखेंगे जलकल विभाग का कामकाज**

बच्चे की मौत के बाद जलकल विभाग की लापरवाही को देखते हुए नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने सभी चारों अपर नगर आयुक्त में दो-दो जोन बांट दिए हैं। अभी तक अपर नगर आयुक्त ललित कुमार के पास जलकल विभाग का पूरा प्रभार था। उन्हें अब नगर निगम की तरह जलकल विभाग के जोन एक और सात की जिम्मेदारी दी गई है। पंकज श्रीवास्तव जोन तीन व चार, डॉ अरविंद राव जोन 6 व 8 और अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता जोन 2 और 5 का काम देखेंगे।

### मैनहोल टूटे दिखें तो नगर निगम को बताएं

नगर निगम ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया, तत्काल होगी कार्रवाई शहर में कहीं भी सीवर के मैनहोल या ढक्कन टूटे हों तो नगर निगम को सूचना दें। नगर निगम ने लोगों की सुविधा के लिये हेल्पलाइन नंबर 6390909044 जारी किया है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि कि नगर निगम क्षेत्र के अलावा आवास विकास या लखनऊ विकास प्राधिकरण की योजनाओं में भी सीवर के मैनहोल या ढक्कन टूटे पाये जाने पर उन्हें नगर निगम सही करायेगा।

**हेल्पलाइन नंबर जारी**

# तंत्र-मंत्र के शक में भतीजों ने मां के साथ की थी सोहनलाल की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या का किया खुलासा
- नगराम थाना क्षेत्र के पाल खेड़ा गांव का मामला

**अमृत विचार :** नगराम थाना क्षेत्र में किसान सोहनलाल उर्फ नन्हकऊ की हत्या चार भतीजों व उनकी मां ने ही की थी। पुलिस ने गुरुवार को चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि पांचवीं मुख्य आरोपी साजिशकर्ता सुधरा देवी की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों का कहना है कि उनके घर में हर समय किसी की तबीयत खराब रहती थी। उन्हें लगा कि चाचा के तंत्र-मंत्र से ऐसा हो रहा है। इसके चलते हत्या कर दी।

नगराम थानाध्यक्ष के अनुसार पालखेड़ा गांव निवासी सोहनलाल का सगे भतीजों धनीराम, मनीराम, हरीराम व उनकी मां सुघरा देवी से रंजिश चली आ रही थी। हरीराम व भाइयों को शक था कि सोहनलाल द्वारा तंत्र-मंत्र व टोटका करने से उनके घर में बीमारी व अन्य समस्याएं होती हैं। कई महीनों से इसी बात पर सोहनलाल को रास्ते से हटाने की साजिश रची जा रही थी। मंगलवार की शाम अपने मौसेरे भाई शेखन खेड़ा उतरावां निवासी बबलू के साथ मिलकर आरोपियों ने खेत से भिंडी व करेला तोड़ कर साइकिल से घर लौटते समय सोहन लाल की हत्या कर दी। आरोपियों ने अपने ट्यूबवेल के पास लाठी-डंडों से पीटा फिर कुल्हाड़ी से गर्दन काट दी थी। मृतका की पत्नी गुड्डा देवी की ओर से हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार को पुलिस ने हरीराम, मनीराम, धनीराम व मौसेरे भाई बबलू गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर कुल्हाड़ी व लाठी बरामद कर ली गई।

# बिल्डर राज गंगा डेवलपर्स की अपील खारिज

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- बिल्डर को गलत तरीके से नदी की जमीन के बदले गोमती नगर विस्तार में समायोजित कर दिये थे भूखंड, 100 करोड़ है कीमत

**अमृत विचार :** गोमती नदी के डूब क्षेत्र की जमीन के बदले बिल्डर को गोमती नगर विस्तार में अवैध तरीके से 100 करोड़ के भूखंड देने के मामले में गुरुवार को एलडीए उपाध्यक्ष ने पूर्व में जारी आदेश को सही बताते हुए बिल्डर की अपील खारिज कर दी है।

2015 में हुए घोटाले की शिकायत पर 25 सितंबर 2023 को एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने जांच के बाद आवंटन निरस्त कर दिये थे। इन भूखंडों पर एलडीए ने अपना कब्जा भी ले लिया था। इस निर्णय के खिलाफ बिल्डर राज गंगा डेवलपर्स ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था लेकिन वहां से राहत नहीं मिली। न्यायालय ने बिल्डर को लखनऊ विकास प्राधिकरण के समक्ष अपनी बात रखने के निर्देश दिये थे।

**यह था मामला :** एलडीए ने अमर शहीद पथ गोमती नगर विस्तार योजना के तहत मलेशेमऊ व अन्य गांवों की 1146.75 एकड़ भूमि वर्ष 2000 में अधिग्रहित की थी। मलेशेमऊ के खसरा संख्या-673क की जमीन गोमती नदी में समाहित होने की वजह से इसका अधिग्रहण नहीं किया था, लेकिन अर्जन अनुभाग में तैनात तत्कालीन अधिकारियों व कर्मचारियों ने उक्त भूमि के एक अंश खसरा संख्या-673ख को नदी में समाहित दर्शा दिया और दूसरे अंश खसरा संख्या-673क को नदी से प्रभावित न दिखाकर प्राधिकरण के कब्जे में होना दिखा दिया।

### 2015 में की गई रजिस्ट्री

8 मई 2015 को तत्कालीन उपाध्यक्ष सतेन्द्र सिंह यादव ने बिल्डर राज गंगा डेवलपर्स की ओर से पूर्व में जमा कराई गई धनराशि को समायोजित किया। बाह्य विकास शुल्क वर्तमान दर से लेते हुए पूर्व आवंटित भूखण्ड की रजिस्ट्री राज गंगा डेवलपर्स के पक्ष में करने की स्वीकृति प्रदान की। राज गंगा डेवलपर्स ने 84 लाख 98 हजार रुपये जमा कराकर 25 अगस्त 2015 को भूखण्डों की रजिस्ट्री अपने पक्ष में करा ली।

### ये भूखंड किए थे निरस्त

घोटाला सामने आने के बाद एलडीए उपाध्यक्ष ने बिल्डर राज गंगा डेवलपर को गोमती नगर विस्तार के सेक्टर चार में समायोजित किये गए भूखंड संख्या 1269ए, 1269बी, 1269सी, 1269डी और 1269ई को निरस्त कर दिया था।

# रैली निकाल कर मतदाताओं को किया जागरूक

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा स्थित लाला रामस्वरूप शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वाधान में छात्र-छात्राओं द्वारा गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी साधौ सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बंथरा गांव में एक रैली निकाली गई। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा मेरा वोट मेरी पहचान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, मतदान मेरा अधिकार आदि नारे लिखे पोस्टर और बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उन्हें मतदान के महत्व के बारे में भी बताया गया।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को जुटे व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, महिला और युवा इकाई गुरुवार को प्रदेश के संगठन कार्यालय विधायक निवास दारुलशफा में जुटे।

इस मौके पर संगठन अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव में मतदान कराने में कोई कोर कसर ना रखी जाए। इसके लिए प्रदेश कमेटी को सचेत किया गया। कहा गया कि व्यापारी वर्ग वोटरों को घर से बूथ तक लाने के प्रयास करे। जिला अध्यक्षों को महामंत्रियों से कहा गया है कि अगले चरण के मतदान के लिए गोष्ठियां और बैठक आयोजित की जाएं, जिससे शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराया जा सके। प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, ललित सक्सेना, पतंजलि यादव, महानगर महामंत्री अनुज गौतम, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल, कजरा निगम, शुभम मौर्य, आदित्य कमल सक्सेना, संजय निधि अग्रवाल, हिना सिराज खान, राजू भार्गव, मुर्दुला भार्गव, रेखा दुआ आदि उपस्थित रहे।




मतदाता जागरूकता की रणनीति बनाने में जुटे व्यापारी। अमृत विचार

**जागरूकता रैली निकाली**

काली चरण इंटर कालेज प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर माली खां सराय से चौक चौराहा होते हुए वापस विद्यालय पर समाप्त हुई। इसके बाद बच्चों द्वारा मानव श्रंखला बनाई गई तथा स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित हुई।

### रुपये हड़पने वाले तीन आरोपी हिरासत में

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमीनाबाद पुलिस ने योजनाओं में निवेश कर रकम दोगुनी करने का झांसा दे लोगों के लाखों रुपये हड़पने वाले भाई-बहन सहित तीन लोगों को गुरुवार को हिरासत में लिया है।

इंस्पेक्टर अमीनाबाद सुनील कुमार आजाद ने बताया, आरोपी वासिफ अली व उसकी चचेरी बहन महानगर निवासी सानू आफरीन व उसका पति अल्ताफ हैं। इनके खिलाफ अमीनाबाद निवासी नवाज रसूल ने नौ अप्रैल को धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। सानू ने पीड़ित को भी योजाओं में निवेश कर रुपये डबल करने का झांसा दिया था। नवाज ने वासिफ, सानू व उसके पति अल्ताफ को 24 लाख रुपये दिए थे। नवाज ने मुनाफे के साथ रकम मांगी तो सानू ने 30 जनवरी को रुपये लेने घर बुलाया था, जहां पहुंचा तो आरोपियों ने गाली गलौज कर उसे धमकी दी।

# ट्रक के नीचे दबकर मजदूर की मौत, चालक घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिनहट इलाके में किसान पथ पर ईंट लदा ट्रक बेकाबू होकर खड्ड में पलट गया। हादसे में मजदूर की मौत हो गई और ट्रक ड्राइवर घायल हो गया।

पुलिस के मुताबिक बाराबंकी स्थित राहुल ब्रिक्स फील्ड से ईंट लदा ट्रक गोमतीनगर आ रहा था। ट्रक प्रदीप चला रहा था। ईंट पर लोनी कटरा के रामखेलावन (47) बैठे थे, जबकि ट्रक के केबिन में दिलीप, संदीप और आनंद सवार थे। रामखेलावन के भतीजे मनीराम ने बताया कि ट्रक चिनहट के देवरिया गांव स्थित किसान पथ पर ढाल के पास पहुंचा था तभी अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। हादसे में रामखेलावन ईंट के नीचे दबकर गंभीर घायल हो गए, जबकि ड्राइवर प्रदीप घायल हो गया। वहीं दिलीप, संदीप और आनंद बाल-बाल बच गए। साथियों ने दोनों को लोहिया भेजा, जहां राम खेलावन को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रामखेलावन की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। परिवार में दो बेटे और एक बेटी है।

### दुष्कर्म व गोलीकांड के आरोपियों पर गैंगस्टर

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुष्कर्म और गोलीकांड के चार आरोपियों संदीप यादव, सुमित यादव, विनोद कुमार यादव और विशंभर दयाल यादव पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। चारों पहले से ही जेल में बंद हैं। 8 सितंबर 2023 को एक मीटिंग के लिए सुमित यादव ने मनोज यादव के घर पर बुलाया था। वह मनोज के घर पहुंचे तो रंजिश में पहले से घात लगाकर बैठे सुमित, विशंभर और विनोद व अन्य ने जान से मारने की नीयत से गोली चला दी थी। इससे कुंदन व मनोज को गोली लगी थी। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# कारोबारी की मौत की गुत्थी उलझी

## पुलिस की प्रारंभिक जांच में सूदखोरी के नहीं मिले प्रमाण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**फॉलोअप**

- ठाकुरगंज इलाके में गोली से संदिग्ध हालात में हुई थी मौत

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज इलाके में रियल एस्टेट कारोबारी अब्दुल खालिक मलिक उर्फ कल्लू (65) की माथे पर गोली लगने से मौत हो गई थी। कारोबारी ने आत्महत्या की है या हत्या की गई है, अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया परिजनों ने अभी तक तहरीर नहीं दी है। वहीं सूदखोरी के कोई पुख्ता प्रमाण नहीं मिले।

बता दें कि बाबा हजाराबाग गढ़ी पीर खां ठाकुरगंज निवासी रियल एस्टेट कारोबारी एवं समाजसेवी अब्दुल खालिक मलिक भांजा मो. जुनैद अहमद, साहिद, खैरुल के साथ रहते थे। बुधवार सुबह बरामदे में अब्दुल का शव दीवार से सटा खून से लथपथ मिला था। उसके माथे पर गोली लगी थी। भांजा जुनैद का कहना था कि बुधवार सुबह जब वह सोकर उठा तो मामा का शव दीवार से सटा मिला था। उनकी लाइसेंसी रिवाल्वर व दोनों हाथ गोद में थे। गोली कब चली, इसकी आवाज न तो जुनैद ने सुनी और न ही मोहल्ले वालों ने। पुलिस का दावा था कि अब्दुल ने अपनी लाइसेंस रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जिस स्थिति में शव मिला था, उसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। आत्महत्या की बात भी लोगों के गले से नहीं उतर रही है।

### प्रथम सोपान पेंटिंग प्रदर्शनी आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कला समागम की ओर से लाल बारादरी स्थित राज्य ललित कला अकादमी में 26 अप्रैल को शाम 5.30 बजे कला प्रदर्शनी शुरू होगी। प्रथम सोपान नाम से होने वाली यह प्रदर्शनी कला विद्यालय के पूर्व आचार्य बद्री नाथ आर्या को समर्पित होगी। कला समागम के सचिव गोपेंद्र कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी में 62 कलाकारों की लगभग 75 पेंटिग प्रदर्शित की जाएंगी। यहां जिन कलाकारों की पेंटिंग देखने को मिलेंगी उनमें कला विद्यालय के पूर्व छात्र रहे कई देश के महान कलाकार भी शामिल हैं।

**विदाई** व्यंग्यकार सर्वेश अस्थाना की पत्नी अंजू के देहांत पर रेलिंग के सहारे खड़े बच्चों की आंखों में लरजते सवाल



कफन में लिपटी मां को छूने का प्रयास करती बेटी। अमृत विचार

# समय से पहले आखिर क्यों चली जाती है मां...

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मां फ्रीजर वाले ताबूत में चिर निद्रा में हैं। रिश्तेदार और दोस्त आते जा रहे हैं और सांत्वना के रस्मी शब्द बोलकर कुर्सियों पर काबिज होते जा रहे हैं। बेटा छोटा है मगर व्यवस्थाओं में लगा है। मिलने-जुलने वाले पति को घेरे हैं, क्या हुआ था? कब से बीमार थीं? बहुत बुरा हुआ, ईश्वर सब ठीक करेगा।

जैसी बातचीत कर भीड़ का हिस्सा बनते जा रहे हैं। बेटी फ्रीजर वाले ताबूत के पास ही कुर्सी डालकर बैठी है, उसके हाथ मां के चेहरे के ठीक ऊपर शीशे पर इधर से उधर सरक रहे हैं। जैसे मां के चेहरे पार हाथ फेर रही हो। उसकी नजरें एकटक अपनी मां के चेहरे पर टिकी हैं। बेटी को कोई मतलब नहीं कि कौन आ रहा है और कौन जा रहा है। वह बस मां के साथ रहना चाहती है।

प्रख्यात व्यंग्यकार सर्वेश अस्थाना की पत्नी अंजू अस्थाना पिछले चार साल से लीवर सिरोसिस से पीड़ित थीं। लीवर ट्रांसप्लांट होना था। उनकी बहन ने लीवर देने के लिए हां भी कर दी थी। जांचें पॉजिटिव थीं। पीजीआई में भर्ती भी कराया गया था। 13 दिसम्बर से पीजीआई ही घर था। सर्वेश अस्थाना और दोनों बच्चे वहीं रह रहे थे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक दो बार देखने गए और निदेशक पीजीआई को निर्देश दे आये थे। वो बार-बार डॉक्टरों से रिपोर्ट भी ले रहे थे। इससे बच्चे उत्साहित थे कि जल्दी मां को लेकर घर लौटेंगे लेकिन 13 अप्रैल को सांस लेने में दिक्कत के बाद वह वेंटीलेटर पर चली गईं।

24 अप्रैल को सुबह अंजू के मुंह से निकला घर चलो। डॉक्टरों को उम्मीद की किरण दिखाई दी। मरीज को वेंटीलेटर के साथ ही घर शिफ्ट करने का फैसला किया गया। घर पहुंचकर दो बार अंजू ने आंख भी खोली। बच्चों के पुकारने पर यह आभास भी कराया कि वह सुन सकती हैं मगर रात नौ बजे सब कुछ शांत हो गया। सारी उम्मीदें टूट गईं। मां की मौत के बाद बेटी ने मां को एक पल के लिए भी नहीं छोड़ा। शव चिता पर रख दिया गया। चिता की लकड़ियों के साथ सारी उम्मीदें राख होती गईं। रेलिंग के सहारे खड़े दोनों बच्चों की आंखों में लरजते सवाल... आखिर क्यों चली जाती है मां... ।

### पंचतत्व में विलीन हुई अंजू अस्थाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रख्यात व्यंग्यकार सर्वेश अस्थाना की पत्नी अंजू अस्थाना का गुरुवार को बैकुंठ धाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने परिवार को ढांढस बंधाया। अंतिम यात्रा शुरू होने से पहले ही वरिष्ठ साहित्यकार और पूर्व सांसद डॉ. उदय प्रताप सिंह, लखनऊ दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख आत्म प्रकाश मिश्र, राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष और आईएएस अधिकारी अखिलेश मिश्र, भारतेन्दु नाट्य अकादमी के पूर्व निदेशक पुनीत अस्थाना, प्रसिद्ध कवि गजेन्द्र प्रांशु, अभय सिंह निर्भीक और पंकज प्रसून पहुंच गए। बैकुंठ धाम पर विधायक डॉ. नीरज बोरा, कबीर अकादमी के सलाहकार आशुतोष द्विवेदी, कलाकार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद मिश्र, कांग्रेस नेता रमेश श्रीवास्तव समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जलकल के जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंडलायुक्त ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम का किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी कार्यालय में बने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम में गुरुवार को 597 शिकायतें आईं, जिनमें 97 का निस्तारण हुआ। निस्तारण धीमी गति से होने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम का निरीक्षण किया।

मंडलायुक्त ने जलकल विभाग जोन 8 के अवर अभियंता अमरेंद्र प्रताप को कंट्रोल रूम में आईं शिकायतों की निस्तारण आख्या गुणवत्तापूर्वक न लगाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शेष शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और समय से कराया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के सापेक्ष फर्जी आख्या लगाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण लोकेशन और फोटो सहित किया जाए।

इसके बाद मंडलायुक्त ने आई सभी शिकायतों के निस्तारण की आख्या देखी।

## एक नजर

### अब एमवीआई करेंगे अनफिट वाहनों की जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अनफिट वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने को जल्द ही मोटर व्हीलकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) सड़कों पर उतरेंगे। मुंबई की तरह जल्द ही प्रदेश में एमवीआई की व्यवस्था लागू की जाएगी। ये एमवीआई सड़क पर दौड़ रहे वाहनों की जांच कर बतायेंगे कि वाहन चलने के लायक है या नहीं। फिटनेस प्रमाण पत्र लेकर सड़कों पर दौड़ती स्कूली वाहन भी इनकी नजरों से बच नहीं सकेंगे। संभागीय निरीक्षकों (आरआई) को मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर का अधिकार दिए जाने का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इस प्रस्ताव पर लोक सभा चुनाव के बाद फैसला लिया जाएगा। महाराष्ट्र में अनफिटन वाहनों के निरीक्षण को एमवीआई की तैनाती की गई है। इसके चलते वहां सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। इस वर्ष जनवरी में यूपी ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट रीजनल इंस्पेक्टर (टेक्नीकल) सर्विस एसोसिएशन के अधिवेशन में देश भर से अधिकारी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे थे। यहां आयोजित अधिवेशन में यह बात सामने आई कि एमवीआई की वजह से अनफिट वाहनों पर रोक लगाई जा सकी। परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने बताया कि प्रस्ताव तो तैयार हैलेकिन इस पर फैसला चुनाव के बाद होगा।

### आग से गृहस्थी जली

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज इलाके में खाना बनाते समय सिलेंडर का पाइप निकलने से लगी आग से गृहस्थी का सामान जल गया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। थाना अंतर्गत कोडरारायपुर में गुरुवार को बसन्त के बेटे मोहित की पत्नी की विदाई की तैयारी चल रही थी। रिश्तेदार घर में आये थे। इसी बीच खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से पाइप निकलने से आग लग गई, जब तक आग पर काबू पाया गया। सामान जल गया।

# तीन दिन पहले मां ने ले लिया था मोबाइल, लैपटाप पर देखा रिजल्ट

## परिवार का इकलौता चिराग था अजितेश, दो छोटी बहनें व मां सदमे में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पूरे घटनाक्रम पर नजर डालें तो प्रतीत होता है कि मां अपने बेटे अजितेश के ऐसे ही किसी आत्मघाती कदम उठाने को लेकर पहले से ही आशंकित थीं। इसके चलते रिजल्ट से तीन दिन पहले ही उन्होंने अजितेश से उसका मोबाइल लेकर अपने पास रख लिया था। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि उसने लैपटाप पर रिजल्ट देखने के बाद यह कदम उठाया।

देवरिया जिले के मूल निवासी एडीजे विवेकानंद शरण त्रिपाठी पिछले वर्ष नवंबर माह से लखनऊ में सेवारत हैं। 2004 बैच के पीसीएस(जे) विवेकानंद की सर्विस को 7 वर्ष बाकी हैं। उनका जिला जज बनना तय है। हाईकोर्ट के जज भी बन सकते हैं। वह बटलर पैलेस कॉलोनी में पत्नी और दो बेटी व बेटे अजितेश के संग रहते हैं। बताया जा रहा है कि रिजल्ट आने से तीन दिन पहले ही उनकी मां ने उनका मोबाइल अपने पास रख लिया था। इसके चलते बुधवार रात जेईई का रिजल्ट उसने कमरे में रखे लैपटाप से देखा था।

नौकरानी सुषमा ने बताया कि घटना के बाद वह भी कमरे में पहुंची थी। तब पता चला कि साहब के बेटे ने कमरे में लगे पर्दे को फाड़ कर फंदा लगाया है। सुषमा का कहना है कि अजितेश बाबा को पूरा परिवार बहुत प्यार करता था।

### जज के बेटे के शव का सरयू घाट पर हुआ अंतिम संस्कार


बटलर पैलेस कॉलोनी स्थित जज का घर।

**अयोध्या, अमृत विचार :** एनआईए विशेष अदालत लखनऊ के जज के बेटे का गुरुवार शाम सरयू घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान लखनऊ और जनपद के न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। लखनऊ में एनआईए की विशेष अदालत के जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी अंतिम संस्कार के लिए बेटे अजितेश का शव लेकर दोपहर अयोध्या पहुंचे। हालांकि परिवार बंगलुरू से लड़के के मामा के आगमन के इंतजार में रहा, जिसके चलते अंतिम संस्कार शाम को हुआ। बेटे को मुखाग्नि जज ने दी। अयोध्या के अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे ने बताया कि विवेकानंद उनके बैचमेट हैं। अंतिम संस्कार के दौरान घाट पर लखनऊ में अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश गैंगेस्टर जज पुष्पक उपाध्याय, लखनऊ जिला अदालत के कई अन्य न्यायिक अधिकारी समेत रिश्तेदार और परिवार के लोग मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक समेत दो की मौत

## दो मजदूर घायल, एक की हालत गंभीर

- शादी के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली में टेंट का सामान ले जा रहे थे

संवाददाता, मलिहाबाद


राजेश


शरीफ

**अमृत विचार:** रहीमाबाद क्षेत्र में गुरुवार सुबह धुरा टूटने से शादी के लिए टेंट का सामान ले जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। हादसे में चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई और दो मजदूर घायल हो गए। इसमें एक की हालत गंभीर है, उसे परिजन ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मवईकला के मजरा महबूबखेड़ा निवासी रामनाथ यादव की पुत्री का गुरुवार को विवाह था। इसमें मवईकला के रूपनारायण उर्फ लक्कड मौर्य का टेन्ट लगा था। सुबह करीब 11 बजे टेंट हाउस से मजदूर ट्रैक्टर ट्रॉली में सामान लादकर महबूबखेड़ा जा रहे थे। ट्रैक्टर मवईकला निवासी शरीफ (35) ट्रैक्टर चला रहा था। राजेश उर्फ पतारी (37) के अलावा मजदूर विशाल (23) और आशीष (19) बैठे थे। महबूबखेड़ा गांव के समीप ट्रैक्टर का धुरा टूट गया। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। ट्रैक्टर के नीचे दबने से शरीफ और राजेश की मौके पर ही मौत हो गई।

विशाल व आशीष घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को निजी हॉस्पिटल पहुंचाया। गंभीर हालत के चलते परिजन आशीष को रहीमाबाद के निजी हॉस्पिटल ले गए जबकि विशाल को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शरीफ की पत्नी 8 माह की गर्भवती है। उसके दो पुत्रियां सिमरन (10) व शमरीन (3) हैं। राजेश की पत्नी करीब 12 वर्ष पहले दो बच्चों को लेकर मायके बिहार चली गयी थी। तबसे वह वहीं रहती है। इंस्पेक्टर ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। अभी तक दोनों मृतकों के परिजन की तरफ से तहरीर नहीं मिली है।


रोते-बिलखते मृतक के परिजन।

# दुष्कर्म के बाद वृद्धा की हत्या का प्रयास

## हालत गंभीर, ट्रामा सेंटर में भर्ती

- नशे में धुत व्यक्ति ने दिया घटना को अंजाम

**अमृत विचार, लखनऊ:** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में नशे में धुत व्यक्ति ने महिला (70) के साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने का प्रयास करने पर गला दबा दिया और मृत समझकर भाग गया। महिला को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक ने बताया कि 23 अप्रैल को मजदूरी करने गया था। घर में मां अकेली थी। देर शाम घर लौटने पर मां बेहोशी की हालत में मिली। उनके कपड़े अस्त व्यस्त थे।

आनन-फानन उन्हें स्थानीय सीएचसी पहुंचा। वहां होश आने पर मां ने बताया शाम करीब सात बजे नशे में धुत कलन्दर खेड़ा निवासी सुभाष घर में घुस आया था। जान से मारने की धमकी देकर उसने दुष्कर्म किया।

शोर मचाने का प्रयास करने पर जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया। बेहोश होने पर मृत समझ भाग गया। गंभीर हालत के चलते सीएचसी के डॉक्टर ने महिला को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया बेटे की तहरीर पर सुभाष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को हिरासत में लिया गया है। महिला की मेडिकल रिपोर्ट और बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# ट्रॉमा सेंटर के वार्ड ब्वॉय ने की महिला तीमारदार से छेड़छाड़

- पति व तीमारदारों ने पीटा पीआरओ से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में बुधवार देर रात संविदा वार्ड ब्वॉय ने महिला तीमारदार से छेड़छाड़ की। पति और अन्य तीमारदारों ने उसे पीटा और केजीएमयू पीआरओ से शिकायत की है।

गोंडा जिले के मनकापुर निवासी एक मरीज केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती है। मरीज की तीमारदार महिला का आरोप है कि संविदा पर तैनात वार्ड ब्वॉय बुधवार देर रात उसके पास आया था। उसने पहले अभद्रता की फिर अभद्र टिप्पणी करने लगा। महिला ने उसकी हरकतों को नजरअंदाज कर दिया। इससे उसके हौसले बढ़ गए, वह महिला के और नजदीक जाकर उसके मोबाइल में ताकझांक करने लगा। महिला ने इसकी शिकायत पति से की।

पति ने अन्य तीमारदारों को इसकी जानकारी दी। पति और तीमारदारों ने वार्ड ब्वॉय की पिटाई दी। पहले तो वार्ड ब्वॉय के समर्थन में कुछ कर्मचारी आगे आए लेकिन उसकी हरकत पता चलने पर पीछे हट गए। महिला के परिजन ने वार्ड ब्वाय की शिकायत ट्रॉमा सेंटर के पीआरओ से की है। अधिकारियों ने जांच कराने की बात कही।

# फोटो वायरल की, दे रहा दुष्कर्म की धमकी

**अमृत विचार, लखनऊः** सोशल मीडिया पर नीट छात्रा की फर्जी आईडी बनाकर युवक ने अश्लील फोटो पोस्ट कर दी। अब छात्रा व सहेली को दुष्कर्म की धमकी दे रहा है। अलीगंज क्षेत्र की छात्रा ने बताया कि पुरनिया क्रॉसिंग निवासी धनंजय राजपूत कॉलेज में सहपाठी था। अब वह नीट की तैयारी कर रही है। धनंजय ने पांच अप्रैल को छात्रा के नाम से इंस्टाग्राम और फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर उसकी अश्लील फोटो पोस्ट की। फोटो वायरल कर गालियां दीं। बाजार में बहन व जीजा को धमकी दी। छात्रा व उसकी सहेली को घर से उठवा कर दुष्कर्म की धमकी दे रहा है। छात्रा को मेल भेज उसकी अश्लील फोटो पिता को भेजने की धमकी भी दी है। इंस्पेक्टर अलीगंज विनोद कुमार तिवारी ने जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# मनरेगा में बिना काम के कर दिया 2.42 लाख का भुगतान

- वर्ष 2021-22 व 2022-23 में की गई गड़बड़ी
- सोशल ऑडिट में मिला था फर्जीवाड़ा, जमा नहीं किए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में वर्ष 2021-22 व 2022-23 में बिना कार्य के फर्जी 1221 मानव दिवस सृजित दिखाकर 2.42 लाख रुपये का भुगतान सोशल ऑडिट टीम ने पकड़ा है। जिसकी सख्ती के साथ वसूली की जाएगी।

ग्राम पंचायतों में रोजगार देने के नाम पर मनरेगा में जमकर खेल हुआ। सोशल ऑडिट टीम ने वर्ष 2021-22 में मलिहाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत कनार में कच्चे कार्य का ऑडिट किया तो बिना श्रमिकों के 136 मानव दिवस व काकोरी की ग्राम पंचायत सैदपुर महेरी में 14 फर्जी मानव दिवस का भुगतान करना पाया।

इसी तरह 2022-23 में काकोरी ब्लॉक के इब्राहिमपुर में 24 मानव दिवस, शेरपुरमऊ में 38, सरोजनी नगर के लोनहा में 41, मोहनलालगंज की धनुवासाड़ में 146, माल की सालेह नगर में 270, रुदानखेड़ा में पांच, तलन में 28, पतौना में 64, पारा भदराही में 243, तिलन में 28, नबीपना में सात, भरिगहना में छह, बीकेटी के हनुमंतपुर में सात, रायपुर राजा में चार, उनई में 48, राजा सलेमपुर में 69 व गोसाइगंज के भौराखुर्द में 43 फर्जी मानव दिवस सृजित दिखाकर कुल 2.42 लाख रुपये का ग्राम पंचायतों ने भुगतान किया। जिला विकास अधिकारी अजीत सिंह ने उपायुक्त रोजगार श्रम को वसूली कराने के लिए लिखा है।


पौशाला पर पानी पीकर प्यास बुझाते लोग। अमृत विचार

# तीन महीने प्यास बुझायेगा दुर्गा मंदिर का जल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** शास्त्री नगर के दुर्गा मंदिर के ताराचंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में गुरुवार को परिवर्तन चौक पर पौशाला शुरू की गई। अगस्त तक यह जल सेवा जारी रहेगी। ओज कवि मुकेशानंद ने बताया कि आज हम सब लोगों ने जल सेवा की शुरुआत पर भंडारे का आयोजन किया।

पर्यावरणविद् कृष्णानंद राय और ताराचंद्र ने बताया कि जल सेवा शुरू होने से पहले हम पांच पौधे लगाते हैं। पौधारोपण और जल सेवा के सामाजिक जन सेवा कार्य करने के लिए हजारों लोगों का सहयोग प्राप्त होता है। सहयोग करने वाले श्रेय नहीं लेते हैं। दुर्गा मंदिर का भंडारे ऐसे ही संत लोगों के कारण निस्वार्थ भाव से चल रहे हैं। आज की जल सेवा की शुरुआत संत कल्याणी देवी हाथी वाले बाबा की शिष्या ने पूजा अर्चना के साथ की। अनुपम गुप्ता, राजेंद्र गोयल, दिलीप गुप्ता, तरुण खत्री, विनोद कुमार अग्रवाल, भोजपुरी कवि कृष्णानंद राय, समाज सेवी दिलीप आर्य, विनीत, बोर्ड ऑफ़ रेवेन्यू आईएमडी, राष्ट्रीय महिला दल की अध्यक्ष विनीता श्रीवास्तव और रेनू शर्मा ने यहां प्यासे लोगों को जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। परिवर्तन चौक पर पिलाया जाने वाला जल शास्त्री नगर स्थित मां दुर्गा मंदिर के कुएं का होता है।

# दवाएं चोरी कर फर्जी बिल से लौटाई, दो आरोपी गिरफ्तार

## चरक हॉस्पिटल के सीनियर अफसर की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** चरक हॉस्पिटल की फार्मेसी के फर्जी बिल से चोरी की दवाएं वापस कर रुपये हड़पने के मामले में वार्ड ब्वाय समेत तीन पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। नामजद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फर्जीवाड़ा का खुलासा एक मरीज के नाम से फर्जी बिल लेकर दवाएं वापस करने पर हुआ। ठाकुरगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चरक हॉस्पिटल के सीनियर अफसर प्रदीप सिंह चौहान ने ठाकुरगंज कोतवाली में तहरीर दी। इसमें बताया कि दुबग्गा के लालाबाग नई बस्ती निवासी अनूप कुमार उनके अस्पताल में करीब 7 वर्ष से वार्ड ब्वाय है। 22 अप्रैल को धीरेंद्र यादव फार्मेसी में कुछ दवाएं लौटाने आया था। धीरेन्द्र के बिल में मरीज का नाम कल्पना देवी लिखा था। फार्मेसी कर्मी कयूम ने बिल में गड़बड़ी की आशंका पर दवाएं वापस लेने से मना कर दिया। दबाव बनाने पर कयूम ने कल्पना के परिजन को फोन कर दवा वापसी के बारे में जानकारी ली। मरीज के परिजन ने दवा लौटाने की बात से इनकार कर दिया। मामला अस्पताल के सीनियर पान व प्रदीप चौहान तक पहुंचा।

सीनियरों ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि अनूप व धीरेंद्र किसी के साथ मिलकर साफ्टवेयर आइडी में अवैध तरीके से एक्सेस कर दवाओं का बिल निकालते हैं। इसके बाद फार्मेसी से दवाएं चुरा कर उसी बिल के माध्यम से वापस कर रुपये लेते हैं। जांच में दोनों के बैंक खातों में मोटी रकम के ट्रांजेक्शन मिले हैं। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया अनूप व धीरेंद्र यादव के खिलाफ धोखाधड़ी और चोरी के मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**किसान और दो मवेशी झुलसेः** गोसाईंगंज इलाके में गुरुवार को हाते में आग लगने से चपेट में आये किसान व दो मवेशी झुलस गये। थाना अंतर्गत रामदासपुर निवासी किसान मनीचंद के हाते में अज्ञात कारणों से आग लग गई। लपटें उठती देख मनीचंद मवेशियों को बचाने पहुंचे। इस दौरान किसान व दोनों मवेशी भी झुलस गये।

# चार मंजिला बिल्डिंग के दूसरे तल पर शार्ट सर्किट से लगी आग

- तीन दमकल की चार गाड़ियों ने तीन घंटे में पाया काबू
- सीढ़ी से फिसलकर एक दमकल कर्मी हो गया चोटिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** विभूतिखंड स्थित चार मंजिला कॉम्प्लेक्स के दूसरे माले में गुरुवार को आग लग गई। लपटें देख मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। धुआं भरने से लोगों की हालत खराब हो गयी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने चार गाड़ियों से तीन घंटे में आग पर काबू पाया। हादसे में सीढ़ी से फिसलने से एक दमकल कर्मचारी चोटिल हो गया।

चार मंजिला बृज दर्शन कॉम्प्लेक्स के पहले माले पर हैवेल्स का कार्यालय, शोरूम और दूसरे माले पर वीवो का दफ्तर है। जबकि तीसरे माले पर गोदाम है। वहीं चौथा माला खाली है। गुरुवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे कॉम्प्लेक्स के दूसरे माले में सफाई करने पहुंचे कर्मी के स्विच ऑन करते ही शार्ट सर्किट से आग लग गई।

लपटें देख कर्मचारी ने घटना की जानकारी दमकल कर्मियों को दी। इसके बाद लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी। लेकिन आग भड़कती गई। इससे पूरे कॉम्प्लेक्स में धुआं भर गया। तब तक पहुंचे दमकल कर्मियों ने चार गाड़ियों से दो टीमों में बंटकर आग बुझाना शुरू किया। जबकि, दूसरी टीम ने बिल्डिंग के शीशे तोड़े और स्मोक एक्सट्रैक्ट लगा धुआं निकाला। एफएसओ गोमतीनगर सुशील यादव ने बताया जांच में शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। जिससे आग अन्य तल पर नहीं फैल सकी। हादसे के समय बिल्डिंग में कोई नहीं था। इससे बड़ा हादसा बच गया। एफएसओ गोमतीनगर ने बताया कि आग बुझाने के दौरान लीडिंग फायरमैन लक्ष्मी नारायण यादव सीढ़ी से फिसलकर चोटिल हो गए। सीएफओ मंगेश कुमार का कहना है लक्ष्मी नारायण यादव को मामूली चोटे आई हैं।

### अग्निशमन उपकरण नहीं थे, भेजेंगे नोटिस

लगने से बिल्डिंग को नुकसान के संग लाखों का सामान भी जल गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी का कहना है कि बिल्डिंग की इलेक्ट्रिकल आडिट नहीं था और ना ही अग्निशमन उपकरण लगे थे। मामले की जांच के बाद बिल्डिंग मालिक को नोटिस भेजा जाएगा।


आग बुझाता दमकलकर्मी। अमृत विचार

### नगर निगम के कूड़ा डंपर में लगी आग

**अमृत विचार :** कैंट में नगर निगम में लगे कूड़ा उठाने वाले डंपर में गुरुवार को आग लग गई। लोगों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों से आग पर काबू पाया। कमांड अस्पताल के पास शाम छह बजे नगर निगम में लगे प्रथम एंटरप्राइजेज के कूड़ा डंपर में आग लग गई। लपटें देख आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। चालक अंकित मिश्रा की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। एफएसओ हजरतगंज राम कुमार रावत ने बताया डंपर आग कैसे लगी कारण पता नहीं चला है।


आग लगने से जलता डंपर। अमृत विचार

# बस अड्डे पर डेयरी प्रोडक्ट की दुकान में मोबाइल एसेसरीज बेचते मिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** एआरएम ने गुरुवार को कैसरबाग बस अड्डे के स्टॉलों का निरीक्षण किया। डेयरी प्रोडक्ट बेचने के लिए अनुबंधित एक स्टॉल पर मोबाइल एसेसरीज बिकती मिली। दूसरे स्टॉल पर अनुबंध पूरा होने के बाद भी दुकानदार में माल भरा पाया गया।

क्षेत्रीय प्रबंधक के निर्देश पर परिवहन निगम के एआरएम प्रशांत कुमार ने गुरुवार को कैसरबाग बस अड्डे के स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉल पर बिक रहे उत्पादों की जानकारी ली। डेयरी प्रोडक्ट बेचने की अनुमति वाले स्टॉल पर मोबाइल एसेसरीज का सामान बिकता मिला। एक स्टॉल का अनुबंध का समय पूरा हो गया था। उसका डीप फ्रीजर चालू हालत में मिला और कोल्ड ड्रिंक्स के कैरेट भरे मिले। निरीक्षण के दौरान एआरएम ने स्टॉल पर मिलीं कमियों की फोटोग्राफी और वीडियो क्लिप बनवाई। एआरएम ने बताया कि स्टॉलों पर अनुबंध की शर्तों का पालन हो रहा है या नहीं और सामग्री निर्धारित दरों पर बेचे जा रही है या नहीं इसकी जानकारी के लिए निरीक्षण किया गया। जांच रिपोर्ट जल्द ही क्षेत्रीय प्रबंधक को भेज दी जाएगी।

# बीडीओ ने मांगे भूसा और चारा खरीद के अभिलेख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोशालाओं में 2020-21 व 2021-22 में भूसा व चारा खरीद के ऑडिट में मिली आपत्तियों का पशु पालन विभाग ने संज्ञान लिया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने सभी खंड विकास अधिकारी से दोनों वर्षों के अभिलेख मांगे हैं।

जिले में 2020-21 व 2021-22 में गोशालाओं के लिए खरीदे गए भूसा व चारा में मानकों को अनदेखा किया गया।

कहीं भूसा व चारा ज्यादा खरीदा दर्शाया गया तो कहीं आपूर्ति कम की गई। दामों में भी अंतर रहा। एक माह में कई बार दाम बढ़ाकर खरीद की गई तो एक ब्लॉक से अन्य को आपूर्ति की गई। यहां तक की भूसा का टेंडर नहीं किया गया। गोशालाओं को जो भूसा व चारा उपलब्ध कराया गया उसकी भंडारण में इंट्री नहीं की गई।

# धोखाधड़ी कर पति और सास ने बेच दिए करोड़ों के शेयर

- जाली हस्ताक्षर से पति ने ज्वाइंट एकाउंट से पत्नी का नाम हटाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अलीगंज इलाके में रहने वाली महिला ने पति व सास पर उसके फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक खाता दूसरी शाखा में ट्रांसफर करा करोड़ों के शेयर बेचने का आरोप लगाया है। मामले में डीसीपी दक्षिणी के निर्देश पर विकास नगर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

चौधरी टोला निवासी ऋतु अग्रवाल ने बताया भोपाल की वर्तमान सिटी पटेल में पति अर्पण और सास कुसुम संग रहती हैं। भोपाल में ही एसबीआई की शाखा बरखेड़ा में ऋतु और सास का ज्वाइंट अकाउंट था। वर्ष 2018 में खाते को सेक्टर एल अलीगंज नियर विष्णुपुरी चौराहा शाखा में ट्रांसफर कराया था। उनका आरोप है कि पति ने उसके फर्जी हस्ताक्षर कर अलीगंज बैंक शाखा में ज्वाइंट अकाउंट से उनका नाम हटा दिया।

इसके बाद बैंक कर्मियों की सांठगांठ से दोनों ने वर्ष 2021 में खाता पिपलानी बैंक शाखा में ट्रांसफर करा लिया। डीमैट खाते से करोड़ों के शेयर बेच दिए। जानकारी होने पर ऋतु ने विरोध किया तो दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर विकास नगर विपिन सिंह ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### बुजुर्ग से ठगे 45 हजार रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर ठगों द्वारा आर्टिफिशियल वाइस (एआई) के माध्यम से बुजुर्ग से ठगी का मामला सामने आया है। विभूतिखंड थाना अंतर्गत विजयखंड निवासी बुजुर्ग रमाकांत सिंह ने बताया 24 अप्रैल को दोपहर 12 बजे मोबाइल पर काल आई। रिश्तेदार की आवाज में फोन करने वाले ने कहा कि बैंक अकाउंट में तकनीकी समस्या है। अस्पताल में परिजन भर्ती है, बिल जमा करना है। रिश्तेदार समझ रमाकांत ने 45 हजार रुपये उसके बताये खाते में ट्रांसफर कर दिये। कुछ देर बाद दोबारा 55 हजार रुपये ट्रांसफर करने की बात कही, तब उन्हें शक हुआ। उन्होंने रिश्तेदार को काल की तो तो ठगी की जानकारी हुई। उन्होंने उक्त नंबर पर काल की तो स्विच ऑफ हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आईटी एक्ट में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# सेवानिवृत्त कर्मी समेत चार से 17 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** साइबर अपराधियों ने सेवानिवृत्त जल निगम कर्मी सहित चार लोगों से 17 लाख रुपये ठग लिये। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

ठाकुरगंज बर्फखाना निवासी शबीहुल हसन जल निगम से सेवानिवृत्त हैं। उनका आरोप है कि शेयर मार्केट में निवेश का लालच देकर जिया आरजू ने उनसे 12 लाख रुपये ठग लिये। हरदोई के माधौगंज निवासी सरोज कुमार सिंह ने नीरज सिंह पर 1.30 लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विकास नगर थाना क्षेत्र के गायत्री नगर निवासी बलराम सिंह टिंबर व्यापारी हैं। उन्होंने बताया कि संतोष ने उनसे किराये पर सामान लिया था। किराए का 3.12 लाख रुपये चेक दिया, जो बाउंस हो गया। जानकीपुरम के बटहा सबौली निवासी अनीता त्रिपाठी ने बताया कि 21 अप्रैल की रात 1.46 लाख रुपये लोन के लिए एलटी कंपनी में आवेदन किया था। अगले दिन खाते में 1.37 लाख रुपये आ गए थे। उसी दिन एलटी कंपनी का नाम बताकर जालसाज ने एप्लिकेशन डाउनलोड कराया और खाते से एक लाख रुपये पार कर दिये।

## एक नजर

### ऋषभ ने की शानदार बल्लेबाजी

अमृत विचार, लखनऊ : ऋषभ त्रिपाठी ने सीजीआरजी ब्लू टीम की तरफ से 319 रन बनाकर अपनी टीम को इंडिविजुअल क्रिकेट मैच में विजयी बना दिया। जीसीआरजी क्रिकेट एंड स्पोर्ट्स एकेडमी में इंडिविजुअल क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें जीसीआरजी ब्लू टीम और जीसीआरजी ए टीम के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जीसीआरजी ब्लू ने पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 431 रन 8 विकेट के नुकसान पर बनाएं। जवाब में जीसीआरजी ए टीम ने 211 रन बनाकर सिमट गई।

### सीपी ट्रेनिंग फुटबॉल कैंप आज

अमृत विचार, लखनऊ : मानसिक पक्षाघात (सेरेब्रल पाल्सी) से प्रभावित बालक और बालिकाओं के लिए मोबिलिटी इंडिया फाउंडेशन की देखरेख में शुक्रवार को चेतना संस्थान में दो दिवसीय सीपी ट्रेनिंग फुटबॉल कैंप लगाया जाएगा। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक यह कैंप आयोजित किया जाएगा। इसमें अन्य संस्थाओं के बालक-बालिकाएं प्रतिभाग कर सकेंगे। कैंप मे सीएमओ के प्रमाणपत्र के अनुसार, ट्रेनिंग के लिए खिलाड़ियों को चिन्हित किया जाएगा। बालक और बालिकाओं के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए उनका खेलों मे भाग लेना बहुत जरूरी होता है।

# राजस्थान के शाही दुर्ग को अदब से भेदने को तैयार एलएसजी

## कल को होने वाले मुकाबले के लिए तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजस्थान के शाही दुर्ग को अदब से भेदने के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम तैयार है। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में 27 अप्रैल को लखनऊ सुपरजायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला होना है। इस रोमांचक मुकाबले के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी है।

मेजबान एलएजसी घर में जीत का अभियान जारी रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी। इस मुकाबले के लिए अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद राजस्थान रॉयल्स की टीम गुरुवार दोपहर लखनऊ पहुंच गई और खिलाड़ियों ने एयरपोर्ट से सीधे होटल का रुख किया। मेहमान खिलाड़ियों के साथ ही मेजबान एलएसजी के खिलाड़ियों ने भी आज रेस्ट किया, जबकि एलएसजी को आज अभ्यास के लिए इकाना स्टेडियम पहुंचना था। दोनों टीमें अब शुक्रवार को शाम के सत्र में इकाना स्टेडियम के अलावा



▶▶ राजस्थान रायॅल्स की टीम पहुंची राजधानी

बी ग्राउंड में अभ्यास करेंगी।

राजस्थान रॉयल्स की टीम फॉम में है और वह 14 अंकों के साथ अंक तालिका में टॉप पर बनी हुई है। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के नेतृत्व में टीम ने अब तक आठ मुकाबले खेले है, जिसमें उसने सात में जीत का सेहरा पहना है। मात्र एक मैच में ही उसे हार का सामना करना पड़ा। इस टीम के प्रदर्शन पर नजर डाले तो युवा बल्लेबाज रियान पराग धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने 63.60 के औसत से 318 रन बनाए है। कप्तान सैमसन भी 62.80 की औसत से 314 रन बना चुके हैं। जोस बटलर भी पीछे नहीं है। सात मैच में 57 की औसत ने 285 रन बनाने वाले जोस और पिछले मैच में शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल लखनऊ के लिए परेशानी का सबब बन सकते हैं।

गेंदबाज भी प्रदर्शन में पीछे नहीं है। टी-20 विश्वकप में भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल लगातार दमदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आठ मैच में 20.38 की औसत ने 13 विकेट अपनी झोली में डाले है। अनुभवी ट्रेंट बोल्ट ने आठ मैच में 23.22 की औसत से नौ विकेट हासिल किए हैं। वह किसी भी टीम को अपनी गेंदबाजी के सामने घुटने टेकने को मजबूर कर सकते हैं।

लेकिन एलएसजी को हल्के में लेना राजस्थान के लिए महंगा सौदा साबित हो सकता है। टीम में बल्लेबाज केएल राहुल, क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन और मार्कस स्टॉयनिस फॉम में चल रहे हैं।

### कुशाग्र के खेल से स्पोर्ट्स कॉलेज फाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच कुशाग्र सिंह (33 रन, 3 विकेट) के हरफनमौला खेल की बदौलत स्पोर्ट्स कॉलेज ने एमएम मिश्रा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल में जगह बना ली है। स्पोर्ट्स कॉलेज खेल मैदान पर खेले गए मैच में कॉलेज ने मेगा ट्रेंड्स को 8 विकेट से हरा दिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए मेगा ट्रेंड्स ने सभी विकेट खोकर 133 रन बनाए। सुंदरम ने 41 और अरहम खान ने 35 रनों की पारी खेली। स्पोर्ट्स कॉलेज के कुशाग्र सिंह और नितिश तिवारी ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट लिए। जवाब में स्पोर्ट्स कॉलेज ने दो विकेट खोकर 136 रन बनाए और जीत दर्ज की। हर्ष यादव ने 54 और कुशाग्र सिंह ने 33 रनों की पाली खेली।

# तीनों स्पोर्ट्स कॉलेजों में दाखिले को अभ्यर्थियों की सूची जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : खेल विभाग की देखरेख में संचालित तीनों स्पोर्ट्स कॉलेज में मुख्य चयन प्रक्रिया पूरी कर चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग कर उन्हें कॉलेज में प्रवेश दिया जाएगा।

चयनित अभ्यर्थियों को जन्म प्रमाण पत्र और स्टांप पत्र के साथ तय तारीखों में काउंसिलिंग के लिए कॉलेज में पहुंचना है। उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कॉलेज सोसाइटीज के सचिव अजय सेठी के अनुसार कक्षा छह में दाखिले के लिए प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। सूची को कॉलेज की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। अब सिर्फ काउंसिलिंग की प्रक्रिया शेष है। इसके लिए खेल और कॉलेज वार प्रक्रिया पूरी की जानी है।

**काउंसिलिंग की तारीख और खेल**

8 मई : स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ- एथलेटिक्स (बालक वर्ग), वॉलीबाल (बालक और बालिका वर्ग), स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर- जिम्नास्टिक (बालक और बालिका वर्ग), स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई- तैराकी (बालक वर्ग)

9 मई : स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ- हॉकी (बालक और बालिका वर्ग), स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर- कुश्ती (बालक और बालिका वर्ग), स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई- कबड्डी (बालक वर्ग)

10 मई : स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ - क्रिकेट (बालक वर्ग), बैडमिंटन (बालक और बालिका वर्ग), स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर - जूडो (बालिका वर्ग)

### खोखो प्रतियोगिता में सेंट जोसेफ कॉलेज बना विजेता

अमृत विचार, लखनऊ : जोनल अंडर -17 बालक वर्ग अंतर स्कूल खोखो प्रतियोगिता में सीतापुर रोड स्थित सेंट जोसेफ कॉलेज ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। बालक वर्ग में सेंट जोसेफ कॉलेज की सीतापुर रोड शाखा ने गोमती नगर के जानॅ बॉस्को स्कूल में खेले गए मुकाबले में सीएमएस गोमती नगर शाखा को 24 अंकों से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच में मुकाबला जॉन बॉस्को स्कूल से हुआ। इस मुकाबले में सेंट जोसेफ ने जॉन बास्को को 30 अंकों के अंतर से हरा कर खिताबी जीत दर्ज की। सेंट जोसेफ समूह की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल और प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने विजेताओं को इस जीत के लिए बधाई दी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 23/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैः-

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरणः समइं/काशीपुर (54 नग) एवं समइं/पीलीभीत (33 नग) के अन्तर्गत बेहतर एस.ई.जे. के साथ पारम्परिक एस.ई.जे. का नवीनीकरण। अनुमानित लागत रूपयों मेंः ₹ 53,45,270.55, बयाना राशि रूपयों मेंः ₹ 1,06,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 08 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का विवरणः सी.से.ई./कार्य/रूद्रपुर सिटी के अधिकार क्षेत्र के तहत एल.एच.एस. की सतह, एप्रोच, रूफिंग एवं डीवाटरिंग में सुधार कार्य। अनुमानित लागत रूपयों मेंः ₹ 95,15,921.22, बयाना राशि रूपयों मेंः ₹ 1,90,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह। **क्रम सं.-3,** कार्य का विवरणः सी.से.ई./कार्य/काशीपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत एल.एच.एस. की सतह, एप्रोच, रूफिंग एवं डीवाटरिंग में सुधार कार्य। अनुमानित लागत रूपयों मेंः ₹ 1,36,50,366.00, बयाना राशि रूपयों मेंः ₹ 2,18,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह। **क्रम सं.-4,** कार्य का विवरणः मानसून के मौसम में हैवी सरफेस रनऑफ के कारण काशीपुर स्टेशन पर जलभराव को रोकने के लिये जल निकासी व्यवस्था के प्रावधान के साथ सरकुलेटिंग एरिया, पार्किंग एवं स्टेशन एप्रोच रोड को ऊँचा करने का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों मेंः ₹ 89,93,835.25, बयाना राशि रूपयों मेंः ₹ 1,79,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 03 माह।

**(1)** ई-निविदा दिनांक 17-05-2024 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
**(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू-35

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



भारतीय आदर्श योग संस्थान के द्वितीय स्थापना दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करते कलाकार।

# अंशुल ने दिलाई पार्थ अकादमी को जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गए आठ लीग मैच

अमृत विचार : मैन ऑफ द मैच अंशुल की सटीक गेंदबाजी की बदौलत पार्थ क्रिकेट अकादमी ने सीएएल डेकाथलन टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में गुरुकुल क्रिकेट क्लब को 26 रनों से हरा दिया। सूर्या मैदान पर खेले गए मैच में पार्थ क्लब के 101 रनों के जवाब में गुरुकुल की टीम 75 रनों के योग पर सिमट गई।

दूसरे लीग मैच में कुलदीप चौहान (69 रन, 2 विकेट) के हरफनमौला खेल की बदौलत यूथ क्रिकेट क्लब ने ब्रेवर्स क्रिकेट क्लब को 130 रनों के अंतर से हरा दिया। यूथ क्लब के 5 विकेट के 217 रनों के जवाब में ब्रेवर्स की टीम 87 रन ही जोड़ सकी।

तीसरे लीग मैच में मल्टीफैसेलिटी प्रोफेशनल क्रिकेट अकादमी ने ग्लोबल स्टार्स क्रिकेट क्लब 70 रनों से हराया। विजयी टीम के 7 विकेट पर 151 रनों के जवाब में ग्लोबल की टीम 81 रनों पर ढेर हो गई। विजयी टीम के मैन ऑफ द मैच मनीष यादव तीन विकेट लिए।

चौथे लीग मैच में मैन ऑफ द मैच दीपक पाण्डेय की शानदार गेंदबाजी की बदौलत इंडियन क्रिकेट क्लब ने कूहु स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब को 45 रनों से हरा दिया। इंडियन अकादमी के 132 रनों के जवाब में कूहु की टीम 87 रनों के योग पर सिमट गई।

5वें लीग मैच में साउंड इमेजेज ने लखनऊ कोल्ट्स को 8 विकेट से हरा दिया। लखनऊ कोल्ट्स के 116 रनों के जवाब में साउंड इमेजेस ने 2 विकेट खोकर 117 रन बनाए और जीत दर्ज की।

छठे लीग मैच में लाइफ केयर क्रिकेट क्लब ने राज गार्डन को 150 रनों से हरा दिया। एनडीबीजी मैदान पर खेले गए मुकाबले में लाइफ केयर के 220 रनों के जवाब में राज गार्डन की टीम 70 रनों के योग पर सिमट गई।

7वें लीग मैच में आशीष नेहरा क्रिकेट अकामदी ने भारत क्रिकेट क्लब को 144 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। 8वें लीग मैच में ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने शीला देवी स्पोर्ट्स क्लब को 8 विकेट से शिकस्त दी। विजयी टीम से अंश यादव ने 36 गेंदों में 62 रनों की नाबाद पारी खेली।

# योग हमारे जीवन में संतुलन लाता है : दुर्गा शंकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ 51 योग साधक-साधिकाएं महर्षि पतंजलि सम्मान से सम्मानित

अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि योग भारत के ऋषियों और संतो द्वारा मानव समाज के लिए दिया गया अनमोल उपहार है। योग हमारे जीवन में संतुलन लाता है। यूएनओ में यह पहला ऐसा प्रस्ताव था जिसके लिए विश्व के सभी देश प्रस्तावक बने।

मुख्य सचिव गोमतीनगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में गुरुवार को भारतीय आदर्श योग संस्थान के द्वितीय स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 51 योग साधकों और साधिकाओं को महर्षि पतंजलि सम्मान से नवाजा।

इस अवसर पर भजन सम्राट किशोर चतुर्वेदी एवं स्वाति रिजवी, मगन मिश्रा के भजनों का भी योगाभ्यास करने वालों ने आनंद लिया। योग संस्थान के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। योग के माध्यम से शरीर एवं मन को स्वस्थ रखा जा सकता है। भारतीय आदर्श योग संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगाचार्य कृष्ण दत्त मिश्र ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य योग के माध्यम से सभी नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करना है। नियमित योग से असाध्य रोगों से ग्रस्त रोगियों को भी रोगमुक्त किया जा सकता है।

सचिव राजकुमार राज ने कहा कि बाल्यकाल से संस्कार के रूप में बच्चों में अनिवार्य योग की शिक्षा दी जाए तो 20 साल बाद का भारत निश्चित रूप से सम्पूर्ण रूप से स्वस्थ होगा। संचालन राजेंद्र विश्वकर्मा हरिहर ने किया। इस अवसर पर संस्थान की डॉ. अंजू भारती, शोभा श्रीवास्तव समेत अन्य द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बालिका गायत्री द्विवेदी द्वारा शिव तांडव की प्रस्तुति की गई। गणेश वंदना की प्रस्तुति अनुपम श्रीवास्तव के नृत्य निर्देशन में भी हुई।

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| गाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | वाया | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तारित अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 05325 | गोरखपुर जं.-लोकमान्य तिलक ट. ग्रीष्मकालीन विशेष (प्रतिदिन) | बाराबंकी-लखनऊ | 10.05.2024 | 25.05.2024 (15 फेरे) |
| 05326 | लोकमान्य तिलक ट.-गोरखपुर जं. ग्रीष्मकालीन विशेष (प्रतिदिन) | लखनऊ-बाराबंकी | 12.05.2024 | 27.05.2024 (15 फेरे) |

नोट : शेष पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय-सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

YouTube f t पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव | रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1244/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



कार्याशाला के दौरान समूह में भजन एवं लोक गीत सुनातीं महिलाएं। अमृत विचार

# अवध के राम में गूंजे लोकगीत व भजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित हुई कार्यशाला

अमृत विचार : सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था साकार फाउंडेशन ने गुरुवार को संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में अवध के राम नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया। 18 से 24 अप्रैल तक हुई भजन एवं लोकगीतों की कार्यशाला में तैयार प्रस्तुतियों को यहां पेश किया गया।

अवध के राम कार्यशाला में अनेक कलाकार शामिल हुए। उन्होंने भजन एवं लोकगीत का प्रशिक्षण लोकगायिका प्रीति लाल तथा वरिष्ठ भजन गायिका आशा श्रीवास्तव से प्राप्त किया। कार्यशाला में सिखाए हुए भजनों व लोकगीतों की प्रस्तुति वाल्मीकि रंगशाला में की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह, आकाशवाणी की पूर्व केन्द्र निदेशक रश्मि चौधरी, आदित्य द्विवेदी और उमा त्रिगुणायत ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। संचालन अभिषेक शुक्ला ने किया। इस मौके पर डॉ. विद्या बिंदु सिंह ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे हमारी संस्कृति का संरक्षण एवं विकास होता है। उन्होंने इस पहल के लिए साकार फाउंडेशन तथा लोकगायिका प्रीति लाल की विशेषरूप से प्रशंसा की तथा भविष्य में इसी प्रकार की कार्यशालाएं प्रदेश भर में आयोजित करने की सलाह दी।

कार्यशाला ने विनीता मिश्रा, प्रेमनारायण मेहरोत्रा, शिवपूजन शुक्ला, कनक श्रीवास्तव तथा उमा त्रिगुणायत के लिखे हुए भजन और लोकगीत सिखाये गए। इनका सुर संयोजन वरिष्ठ भजन गायिका आशा श्रीवास्तव एवं लोकगायिका प्रीति लाल ने किया।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction Catalogue No. | 02-CATERING-24 |
| Description of Work | Allotment of Catering Stall at Various stations of Lucknow Division for a period of five (05) years |
| Catalogue Published on | 23.04.2024 |
| Auction Start (All Lots) | 09.05.2024 at 12:00 hrs. |
| Auction close Date/Time | 09.05.2024 at 14:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

नीलामी सूची संख्या-02-CATERING-24 के अनुसार नीलामी हेतु चिन्हित केटरिंग स्टाल का विवरणः-

| Sn. | Station | Lot No | Stall ID No | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AJGAIN | Catg-LKO-AJ-GMU-15-24-2 | AJ/PF-1/66/ADDL/ | 09.05.24 12:30:00 | GMU | Nil |
| 2 | MUSAFIRKHANA | Catg-LKO-MFKA-GMU-14-24-2 | MFKA/PF-1/37/ADDL/ | 09.05.24 12:40:00 | GMU | Nil |
| 3 | HARAUNI | Catg-LKO-HRN-GMU-23-24-1 | HRN/PF-1/82/West End of PF | 09.05.24 12:50:00 | GMU | Women |
| 4 | MALIPUR | Catg-LKO-MLPR-GMU-8-24-2 | MLPR/PF-1/43/ADDL | 09.05.24 13:00:00 | GMU | Women |
| 5 | GARHI MANIKPUR | Catg-LKO-GRMR-GMU-17-24-1 | GRMR/PF-1/20/ADDL/West End of PF 1 | 09.05.24 13:10:00 | GMU | Nil |
| 6 | HARAUNI | Catg-LKO-HRN-SMU-24-24-1 | HRN/PF-1/81/East End of PF | 09.05.24 13:20:00 | SMU | Minority |
| 7 | AKBAR GANJ | Catg-LKO-AKJ-SMU-25-24-1 | AKJ/PF-1/68/ADDL/East End of PF | 09.05.24 13:30:00 | SMU | OBC |
| 8 | SURIAWAN | Catg-LKO-SAW-SMU-12-24-2 | SAW/PF-1/52/ADDL/West End of PF | 09.05.24 13:40:00 | SMU | SC |
| 9 | AMAUSI | Catg-LKO-AMS-SMU-21-24-1 | AMS/PF-1/74/ADDL/West End of PF | 09.05.24 13:50:00 | SMU | Minority-Women |
| 10 | GARHI MANIKPUR | Catg-LKO-GRMR-SMU-48-24-1 | GRMR/PF-1/19/ADDL/East End of PF | 09.05.24 14:00:00 | SMU | SC-Women |
| 11 | SURIAWAN | Catg-LKO-SAW-SMU-13-24-2 | SAW/PF-1/50/ADDL/East End of PF | 09.05.24 14:10:00 | SMU | ST |
| 12 | AMAUSI | Catg-LKO-AMS-SMU-22-24-1 | AMS/PF-1/73/ADDL/East End of PF | 09.05.24 14:20:00 | SMU | OBC-FF/WW/WRE |
| 13 | DARIYABAD | Catg-LKO-DYD-SMU-4-24-2 | DYD/PF-1/14/West end of PF | 09.05.24 14:30:00 | SMU | OBC-Women |
| 14 | DARIYABAD | Catg-LKO-DYD-SMU-5-24-2 | DYD/PF-1/13/East end of PF | 09.05.24 14:40:00 | SMU | ST |
| 15 | AKBARGANJ | Catg-LKO-AKJ-SMU-26-24-1 | AKJ/PF-1/69/ADDL/West End of PF | 09.05.24 14:50:00 | SMU | OBC-Women |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1242/24

## अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**NOTICE**

I, Shiv Shankar S/O Anil Kumar Lal R/O Sec -17/1107 Indira nagar Lucknow have Changed my name to SShiv Shankar for all purposes for all future purposes.

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि सुधीर कुमार तिवारी व मीनाक्षी नायक जिनका सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ में प्लॉट संख्या 193 पॉकेट 2 सेक्टर – O का अलॉटमेंट पत्र जो कि अंसल प्रॉपर्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा जारी किया गया था जो आलमबाग क्षेत्र में खो गया है जिसकी सूचना पुलिस को LAR No - 2024 00003707093 के माध्यम से दी गई है।

**गुमशुदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **रोली वर्मा** पुत्री तेजराम वर्मा निवासी पीरपुर मजरे इब्राहिमाबाद ब्लॉक हरख थाना कोठी जनपद बाराबंकी 24 अप्रैल 2024 को गांव के बाहर से अचानक लापता हो गई है। जो मानसिक रूप से अस्वस्थ्य है। उसका इलाज जारी था। **हुलिया–** उम्र– 29 वर्ष, कद– 5 फुट 6 इंच, रंग– गोरा व लंबा चेहरा, पहनावा– मेहंदी कलर का सूट, गुमशुदा– 24 अप्रैल 2024 को गांव के बाहर से। किसी को जानकारी हो तो सूचित करें–
**पुलिस अधीक्षक बाराबंकी – 9454400251**
**थानाध्यक्ष कोठी – 9454403066**
**भाई उमाशंकर – 9140765789**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **इबने हसन पुत्र नूरूल हसन, निवासी–7/1/226, मोहल्ला– वजीरगंज शहर फैजाबाद, पोस्ट– सिटी, थाना– कोतवाली नगर जिला अयोध्या** मेरे समस्त दस्तावेजीय साक्ष्यों पर मेरा नाम IBNE HASAN इस स्पेलिंग के अनुसार अंकित है किन्तु मेरे पूर्व पासपोर्ट पर मेरा नाम IBNEY HASAN इस इस्पेलिंग के साथ अंकित हो गया था जो त्रुटिपूर्ण है मेरा नाम IBNE HASAN इस इस्पेलिंग के साथ अंकित है को ही स्वीकार किया जाये क्योंकी इस इस्पेलिंग के अनुसार मैं जाना व पहचाना जा रहा हूं। भविष्य में भी मुझे इसी नाम और स्पेलिंग से जाना पहचाना जाए।

**तलाश गुमशुदा**



1. **नाम पता गुमशुदा–** श्रीमती शालिनी (उम्र 30 वर्ष)
2. **पिता का नाम–** शिवलाल, **पति का नाम–** रिंकू उर्फ कौशल किशोर, **जाति–** गौड़, 3. **पता–** ग्राम चमनगंज (कुन्दनगंज) मजरे करनपुर थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली
**हाल पता–** ग्राम रायगढ़ थाना खीरो जनपद रायबरेली
4. **सूचनाकर्ता –** श्री राकेश कुमार पुत्र शिवलाल, **निवासी–** ग्राम रायगढ थाना खीरो जनपद रायबरेली, **मो0नं0–** 9325452819
**हलिया एवं पहनावा –** रंग–गोरा, आंख, नाक, कान कद औसत, **लम्बाई करीब–**05 फिट 4 इंच, **पहनावां–**साड़ी हरा रंग, ब्लाउज हरा रंग और पैरो में काली जूती पहने हुए है।

**निवेदन है कि उक्त गुमशुदा महिला के बारे में जिस किसी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त हो तो कृपया नीचे दिये नम्बरो पर सम्पर्क करने की कृपा करें।**

**(हरिश्चन्द्र यादव)** उपनिरीक्षक
थाना बछरावां रायबरेली
मो0नं0-6389302657
**प्रभारी निरीक्षक** थाना बछरावां रायबरेली
मो0नं0- 9454404126

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **मोहित कुमार पुत्र कृष्णदेव, माता सुमन देवी,निवासी ग्राम–चरदहा पोस्ट– शिवदहा ,पयागपुर जनपद– बहराइच** का यूपी बोर्ड का हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रणाम पत्र वर्ष 2022 वास्तव में गायब हो गया है, जिसका रोल नंबर 1222346442 है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने (माइनर) पुत्र का नाम ABDUL AHAD से बदलकर ABDUL AHAD KHAN कर दिया है। अब भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0 WASIM AHMAD KHAN, नि0–प्लाट नं0 361, फ्लैट नं0– 501, बिलडिथा डायमंड, लखनऊ माडर्न पब्लिक स्कूल इंसाफ नगर सेक्टर–10 इंदिरा नगर, लखनऊ

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर गुरुवार की सुबह वधू लेकर जा रही एक तेज रफ्तार कार से स्कूटी सवार एक युवक की जोरदार भिड़ंत हो गई। स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर पूरे सूबेदार गांव के पास स्थित एफएम रेडियो स्टेशन के पास की है। जब अयोध्या के मानपुर गांव का मनोज कुमार सिंह पुत्र देवी प्रसाद अपनी स्कूटी से अमावा की ओर जा रहा था, तभी सुबह उन्नाव जनपद वधू लेकर कार उन्नाव की ओर जा रही थी। स्कूटी व कार दोनों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। स्कूटी सवार मनोज कुमार सिंह (45) की मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक मनोज कुमार सिंह गोरा बाजार में रहता था।

### सूखे पेड़ गिरने से टूटे पांच विद्युत पोल

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** मटियारा चौराहे पर गुरुवार शाम पुलिस चौकी के सामने बड़ा हादसा होने से बच गया। सड़क किनारे खड़ा सूखा पेड़ सड़क पर गिरने से पांच विद्युत पोल टूट कर गिर गए। मार्ग से गुजर रहे राहगीर बाल-बाल बच गए। मटियारा चौराहे पर पुलिस चौकी के सामने सूखा पेड़ अचानक से सड़क पर गिर गया। पेड़ तार पर गिरने से पांच विद्युत पोल भी टूट कर गिर गए। अचानक से पेड़ और विद्युत पोल गिरने से हड़कंप मच गया। सड़क से गुजर रहे राहगीर बाल-बाल बच गए।

# हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से पांच बीघे गेहूं की फसल जलकर राख



हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से गेहूं के खेत में लगी आग।

**अमावां, रायबरेली**

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर हाईटेंशन लाइन के तारों की टकराहट से गिरे शोलों से गेहूं की फसल में आग लग गई। खेतों से उठता हुआ धुआं देखकर दौड़े ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना दमकल कर्मियों को दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाई लेकिन तब तक पांच बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

घटना थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे के पास स्थित पावर ग्रिड से सटे खेतों की है, जहां पावर ग्रिड के हाईटेंशन लाइन के तारों की टकराहट से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। तेज हवा के झोंको ने आग में घी का काम किया। फसलों से उठती लपटे और धुआं देखकर दौड़े ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और सूचना दमकल कर्मियों को दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया, लेकिन जब तक दमकल कर्मी आग पर काबू पाते तब तक करीब 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने फसलों के नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि शार्ट-सर्किट से आग लगी थी। दमकल कर्मियों द्वारा बुझाई गई है। राजस्व विभाग द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## आग से दो बीघा गेहूं की फसल व दो घरों की गृहस्थी जलकर नष्ट



खेत में लगी आग बुझाने के लिए लगी लोगों की भीड़।

**महराजगंज, रायबरेली**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव में आग लगने से दो बीघे गेंहू की फसल सहित दो घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। गुरुवार दोपहर में चल रही तेज लू के थपेड़ो के बीच पूरे जगन मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव निवासी सतन पुत्र सुरजू और चेतराम पुत्र सतन खेतों में काम कर रहे थे, तभी उनके घरों मे अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई, जिससे गांव में कोहराम मच गया देखते ही देखते दोनों घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंची दमकल व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। हल्का लेखपाल विपिन मौर्य ने नुकसान का आकलन कर आर्थिक सहायता के लिए रिपोर्ट भेजने की बात कही है। दूसरी घटना में बछरांवा रोड स्थित असनी व सलेथू गांव के बीच दोपहर एक बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। हवा इतनी तेज थी की आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया जब तक लोग आग पर काबू पाते तब तक आग सलेथू गांव के निकट पहुंच गई, जिससे लगभग डेढ़ बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे कानूनगो सहित लेखपाल सुशील कुमार शर्मा ने बताया नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार को सौंप जाएगी।

# अस्पताल में जलाई गई सरकारी दवाएं, विभाग की हुई किरकिरी

**लालगंज, रायबरेली**

**अमृत विचार।** सरकारी अस्पताल लालगंज में मरीजों को दी जाने वाली दवाओं के जलाने का मामला एक बार फिर प्रकाश में आया है। इसके पहले भी लाखों रुपए कीमत की दवाई लालगंज सरकारी अस्पताल में जलाई गई थी। हालांकि उसमें केवल तत्कालीन प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक और फार्मासिस्ट का ट्रांसफर करके मामले को रफा-दफा कर दिया गया था। बुधवार की रात बिना एक्सपायरी डेट की दवाई जलाई जा रही थी। लोगों ने धुआं उठते देखा तो मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों से सूचना पाकर मौके पर पहुंचे किसान नेता रमेश सिंह जिलाधिकारी से मामले में कार्यवाही किये जाने की मांग की।

डीएम के आदेश पर इमरजेंसी में तैनात डॉ. सत्यजीत और फार्मासिस्ट ने जलाई जा रही दवाओं को एक डिब्बे में बंद कर सील लगाया और मौके पर मौजूद लोगों के सील बंद डिब्बा पर हस्ताक्षर भी कराये। किसान नेता रमेश सिंह का कहना है कि



धरने पर बैठे किसान नेता रमेश बहादुर सिंह। अमृत विचार

सरकारी अस्पताल के डॉक्टर मरीज को निःशुल्क दी जाने वाली दवाओं में भ्रष्टाचार करते हैं। कमीशन खोरी के चक्कर में बाहर की दवाई लिखते हैं और सरकारी दवाओं को जलाकर वितरण दिखा दिया जाता है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुधारने का जहां एक ओर प्रयास कर रहे हैं।

वहीं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उनकी मंशा पर पानी फेर रहे हैं। रात में जब इमरजेंसी में मौजूद डॉ. सत्यजीत से पत्रकारों ने दवाओं के चलाए जाने के बाबत जानकारी लेना चाहा तो उन्होंने उल्टा पत्रकारों को ही धमकाया और एफआईआर कराकर जेल भेजने की धमकी भी दी। दवा जलाये जाने की घटना का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ ने बताया कि घटना साजिश के तहत हुई है, फिर भी तीन सदस्यीय जांच टीम बना दी गई है जो जांच कर रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट के बाद ही मामले में कुछ हो सकता है।



आरएलबी कॉलेज में सम्मानित विद्यार्थियों के साथ प्रसिद्ध परमाणु वैज्ञानिक डॉ. बीएन जगताप और वैज्ञानिक डॉ. रामा राव।

## बिजली उत्पादन का सबसे सुरक्षित तरीका परमाणु ऊर्जा

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचारः** छात्रों को परमाणु ऊर्जा में शोध करना चाहिए, पढ़ाई में परमाणु ऊर्जा के पाठ्यक्रम को चुनें। आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में करियर के बहुत अवसर आएंगे। यह बातें इंडियन न्यूक्लियर सोसाइटी (आईएनएस) के अध्यक्ष व भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के पूर्व वैज्ञानिक प्रो. बीएन जगताप ने गुरुवार को आरएलबी स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं से कहीं। उन्होंने कहा कि बिजली उत्पादन करने का सबसे सुरक्षित, स्वच्छ एवं हरित तरीका परमाणु ऊर्जा है। परमाणु ऊर्जा से बिजली का उत्पादन कर कार्बन का उत्सर्जन कम किया जा सकता है। यह बिजली उत्पादन के लिए सबसे कम खर्चीले स्रोतों में से एक है।

कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ. रामा राव एवं डॉ. इंदिरा प्रियदर्शिनी ने छात्रों को न्यूक्लियर साइंस एवं टेक्नालजी की जानकारी दी। परमाणु वैज्ञानिकों ने करीब 500 विद्यार्थियों और शिक्षकों को परमाणु ऊर्जा की उपयोगिता एवं भविष्य में इसके योगदान की जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल के निदेशक मोहिंदर सिंह, निदेशिका आशा अरोरा एवं प्रधानाचार्या उमा मानवेन्द्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

# हिसाल बने अध्यक्ष तो महामंत्री निर्वाचित हुए अशोक

## जिला बार एसोसिएशन का चुनाव परिणाम घोषित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर देवेन्द्र प्रताप यादव चुनाव जीते

**कार्यालय संवाददाता, बारबंकी**

**अमृत विचारः** भारी गहमागहमी के बीच गुरुवार को जिला बार एसोसिएशन के चुनावों के परिणाम घोषित हुए। अध्यक्ष पद के लिए कुल छह उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। घोषित हुए चुनाव परिणामों में हिसाल बारी किदवई अध्यक्ष तो महामंत्री पद के लिए अशोक कुमार वर्मा चुने गए। अध्यक्ष पद पर हिसाल बारी किदवई ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रामगोपाल शुक्ल को 208 मतों से शिकस्त दी। रामगोपाल शुक्ल 444 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। जबकि अध्यक्ष पद के लिए 387 मत पाकर नरेंद्र कुमार वर्मा तीसरे स्थान पर रहे।

इसी तरह महामंत्री पद के लिए पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे थे। जिसमें अशोक कुमार वर्मा पर मतदाताओं ने अपना भरोसा जताया।



जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई को प्रमाणपत्र देते चुनाव अधिकारी। अमृत विचार

673 मत पाकर वह विजयी घोषित किए गए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रामराज यादव से 158 मतों के अन्तर से बड़ी जीत हासिल की। रामराज यादव महामंत्री पद के लिए दूसरे स्थान पर रहे उन्हें 515 मत प्राप्त हुए। जबकि 507 मत पाकर कौशल किशोर त्रिपाठी तीसरे नम्बर पर रहे।

इसी तरह वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए देवेन्द्र प्रताप यादव चुनाव जीते उन्हें 443 मत प्राप्त हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी देवी प्रसाद वर्मा को 60 मतों से शिकस्त दी।



समर्थकों के साथ विक्ट्री का निशान दिखाते जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित महामंत्री अशोक कुमार वर्मा। अमृत विचार

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुनीत अवस्थी तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह उपाध्यक्ष प्रथम के लिए राकेश कुमार तिवारी विजयी घोषित किए गए उन्हें 494 मत प्राप्त हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रामकुमार वर्मा को 20 मतों से शिकस्त दी। उपाध्यक्ष प्रथम पद के लिए सहज राम यादव तीसरे स्थान पर रहे। उपाध्यक्ष द्वितीय पद के लिए अंशुमान सिंह निर्वाचित हुए उन्हें 416 मत मिले। जबकि इसी पद पर 320 मत लेकर अनिल कुमार वर्मा दूसरे स्थान पर रहे।

## स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जागरुकता अभियान

**संवाददाता, सरोजनीनगर**

**अमृत विचारः** विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरुवार को सरोजनीनगर स्थित कैप्टन मनोज पांडेय उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य कर्नल राजेश राघव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपीलाल, डीएसओ डॉ. निशांत, कीट विज्ञानी डॉ. सुदेश, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. ऋतु श्रीवास्तव केजीएमयू के सौरभ कश्यप, सरोजनीनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज गुप्ता, चिकित्सा अधिकारी डॉ. वसीम शाह, वीबीडी इंस्पेक्टर सुयश श्रीवास्तव और गोदरेज द्वारा वित्त पोषित पाथ सीएचआरआई से डॉ. अमित शुक्ला, राहुल कुमार व आशीष द्वारा कार्यक्रम में मलेरिया से संबंधित लक्षण व बचाव की विस्तार से जानकारी दी गई।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर गुरुवार की सुबह वधू लेकर जा रही एक तेज रफ्तार कार से स्कूटी सवार एक युवक की जोरदार भिड़ंत हो गई। स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर पूरे सूबेदार गांव के पास स्थित एफएम रेडियो स्टेशन के पास की है। जब अयोध्या के मानपुर गांव का मनोज कुमार सिंह पुत्र देवी प्रसाद अपनी स्कूटी से अमावा की ओर जा रहा था, तभी सुबह उन्नाव जनपद वधू लेकर कार उन्नाव की ओर जा रही थी। स्कूटी व कार दोनों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। स्कूटी सवार मनोज कुमार सिंह (45) की मौके पर ही मौत हो गई।

## शिवपाल ने की चूरन संबंधी टिप्पणी पर योगी की आलोचना

**एजेंसी लखनऊ**

समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता शिवपाल यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उनकी इस टिप्पणी को लेकर आलोचना की कि पार्टी में उनकी भूमिका काफी घटा दी गयी है और अब वह वैसे नहीं हैं जो पहले हुआ करते थे। दिन में योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी में एक राजनीतिक रैली में कहा था, मुझे असहाय शिवपाल पर दया आती है। वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो सत्यनारायण की कथा सुनता है और वहां वितरित किये जाने वाला चूरन ग्रहण करता है।

उन्होंने कहा कि शिवपाल मुलायम सिंह यादव के 'सिपहसालार' हुआ करते थे लेकिन पार्टी में उनका कद काफी घट गया है। उन्होंने कहा, आज उनकी स्थिति ऐसी हो गयी है कि उन्हें बैठने के लिए सोफा तक नहीं मिलता। शिवपाल ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर लिखा, ज्ञानी मुख्यमंत्री महोदय, भगवान सत्यनारायण की कथा के पश्चात चूरन नहीं प्रसाद वितरित होता है। पवित्र प्रसाद को चूरन कहना करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का अपमान है। उन्होंने कहा, जहां तक चूरन खाने वाले व्यक्ति का सवाल है,आपको पता होना चाहिए कि इस चूरन खाने वाले ने बहुतों का हाजमा दुरुस्त किया है। सपा प्रमुख अखिलेश ने भी योगी आदित्यनाथ की निंदा की।

## 1.31 करोड़ के मनी लांड्रिंग के मामले की ईडी ने शुरू की जांच

**अमृत विचार, हरदोईः** जांच के दौरान राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना में हुआ 1.31 करोड़ का घोटाला मनी लांड्रिंग का मामला निकल कर सामने आया है। इस मामले मे जनवरी 2023 में दो जेई, तीन एसडीओ और रिलायंस एनर्जी के प्रोजेक्ट मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

ईडी ने मामले की तह तक पहुंच कर इसमें शामिल लोगों को बेनकाब करते हुए सब कुछ सामने लाने के लिए जांच शुरु कर दी है।

साल 2005-06 में ज़िले के 776 गांवों में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत विद्युतीकरण कराया गया था। सब कुछ होने के बाद सारा भुगतान भी हो गया। जब जांच हुई तो एक-एक कर सारी गड़बड़ी सामने आने लगी। 85 गांवों में हुए विद्युतीकरण की जांच की गई तो 1 करोड़, 31 लाख, 52 हज़ार 888 रुपये के घोटाले का पता चला।

### महिला की जलकर मौत हत्या का आरोप

अमृत विचार, कानपुर : स्वरूप नगर थानाक्षेत्र के अशोक नगर इलाके में दहेज की मांग न पूरी करने पर महिला को जलाकर मार डालने का आरोप लगाया गया है। मायके पक्ष के लोगों ने जलाकर मारने के बाद उन लोगों को सूचना देने का आरोप लगाया। लखनऊ से कानपुर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति और देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लखनऊ के गोमती नगर विश्वास खंड निवासी सौरभ साहू ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बहन 35 वर्षीय प्रिया साहू का विवाह 17 नवंबर 2018 को अशोक नगर निवासी अमरजीत सिंह से किया था। अमरजीत मार्केटिंग रिप्रेंजेटिव हैं। अमरजीत के पिता और उसके परिजन शास्त्री नगर में रहते हैं। उसने आरोप लगाया कि अमरजीत नशे में उनकी बहन के साथ मारपीट करता था, अक्सर रुपये की मांग करता था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार सुबह अमरजीत ने फोन कर जानकारी दी कि उनकी बहन की मौत हो गई है। जब वे उसके घर पहुंचे तो देखा प्रिया का जला हुआ शव पड़ा था। इस संबंध में डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर अमरजीत और उसके भाई हरमिंदर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, दहेज हत्या के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



**लापरवाही**

चारबाग सब्जी मण्डी स्थित आर.के.इन. होटल वाली गली में सड़क खोदकर नई सीवर लाइन डाली गई थी। इसके बाद मिट्टी नहीं हटाई गई। आवागमन में दिक्कत हो रही हैं।

### नाचने को लेकर नशे में धुत बारातियों ने युवक को पीटा

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** नशे में धुत बारातियों ने डीजे पर डांस करने को लेकर एक युवक की पिटाई कर दी। इससे भी जब मन नही भरा तो लोहे की कुर्सी तोड़कर उससे युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान मण्डप में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद पुलिस दो बारातियों समेत तीन को मारपीट के मामले में पकड़ कर ले गई। वही घायल युवक को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नगर के मोहल्ला पैगम्बरपुर पश्चिमी निवासी पृथ्वीपाल जोशी की लड़की की बुधवार को शादी थी। बारात अयोध्या से आई हुई थी। बारातियों के स्वागत के बाद अगुवानी की तैयारी शुरू हो गई। अगुवानी में डीजे के धुनपर बाराती नाचते झूमते लड़की के दरवाजे पर पहुंचे, तभी पड़ोस का रहने वाला युवक शुभम पुत्र रघुवीर भी डीजे पर नाचने लगा। इसी बीच नशे में धुत बारातियो से युवक की किसी बात को लेकर शुरू हुई कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई। शादी की रस्मो के बीच दोनो पक्ष एक दूसरे पर कुर्सियां फेकना शुरू कर दिया। बारात में आये युवको ने स्टील की कुर्सी का रॉड तोड़कर युवक शुभम पर वारकर उसे लहूलुहान कर दिया।

### हीटवेव से बचाने के पुख्ता इंतजाम हों: मुख्य सचिव

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रदेश के लोगों को हीटवेव से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किये जायं। मुख्य सचिव गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ हीटवेव से बचाव के लिए तैयारी और प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने कहा कि मौसम विभाग के मुताबिक 28 अप्रैल तक हीटवेव से प्रदेश के अधिकांश जनपद प्रभावित होंगे। इसका प्रभाव आमजन के साथ पशु-पक्षियों पर भी पड़ेगा। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारी अलर्ट रहें। संबंधित विभागों द्वारा आपसी समन्वय से आवश्यक कदम उठाये जायं। कहीं भी पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिये। हीट वेव से बचाव के लिए जारी एडवाइजरी का प्रभावी ढंग से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। हीट वेव के दौरान 'क्या करें और क्या न करें' के बारे में आम लोगों को जागरूक किया जाय। हीट वेव से प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## पोखरों में उड़ रही धूल, कुएं इतिहास में दफन

**ऊंचाहार, रायबरेली**

**अमृत विचार।** किसी जमाने में जल के स्रोत रहे पोखरा और कुएं अब इतिहास में दफन हो रहे है। ज्यादातर कुएं खत्म हो चुके है तो तालाब की खोदाई में खर्च हुए करोड़ों रूपये व्यर्थ हो रहे है। जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण तालाबों में धूल उड़ रही है जिसके कारण मवेशियों तक को हलक तर करने के लिए एक बूंद पानी तक मयस्सर नहीं हो रहा है।

एक जमाना था जब पूरी आबादी कुएं के पानी पर ही जिन्दा रहती थी। समय बदला और कुएं जवाब दे गए। जलस्तर घटा तो कुएं के पानी सुख गए। अब केवल उन्ही गांव के कुओं में पानी है जहां सीपेज के समस्या है और उन कुओं का पानी पीने योग्य नही है। विशेष कर शारदा सहायक नहर के आस पास गांव और रोहनिया ब्लाक में बकुलाही झील से प्रभावित गांव में ऐसी स्थित है।

तालाबों का आलम यह है कि पूरे क्षेत्र में करीब 467 तालाबों की खोदाई मनरेगा के तहत कराई गयी है। इस काम में करोड़ों रुपये



सूखे पड़े तालाब। अमृत विचार

खर्च हुए और हर साल तालाबों की मरम्मत के नाम पर भारी रकम खर्च की जा रही है, लेकिन तालाबों के निर्माण का उद्देश्य सरकारी दुर्व्यवस्था के कारण पूरा नही हो पा रहा है। पूरे क्षेत्र के सारे तालाब सूखे पड़े है।

तालाबों का आलम यह है कि उनमे पानी के स्थान पर धूल उड़ रही है। पूरे क्षेत्र में करीब 40 आदर्श तालाब है और आदर्श तालाबों में भी पानी नही है। गांव गांव भटक रहे बेसहारा मवेशियों को हलक तर करने के लिए कहीं एक बूंद पानी तक नहीं मिल रहा है ।

इस समय पूरा सरकारी अमला लोकसभा चुनाव में व्यस्त है। गांव में मूलभूत जरूरत पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। नहरें, तालाब सभी सूखे पड़े हैं। खेतों में मौसमी सब्जियों के अलावा पिपरमेंट की फसल है।

जो किसी तरह निजी ट्यूबवेलों के सहारे जिंदा है, किंतु बेजुबान जानवर, पक्षियों के लिए कहीं पानी नहीं है। गांव पंचायतों को तालाबों में पानी भरवाने की जिम्मेदारी दी गई हैं, किंतु गांव के जिम्मेदार कर्मचारी और ग्राम प्रधान दोनों बेपरवाह बने हुए है। कोई भी इस समस्या की ओर ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं कर रहा है।

# अब ‘घर’ और ‘गढ़’ में होगा बेहद रोमांचक रण


इरा अवस्थी, कन्नौज



## अब भारत-पाकिस्तान का मैच : सुब्रत पाठक

- सस्पेंस के बादल छंटने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज से फिर मैदान में
- अटकल, असमंजस और मायूसी के दौर से उबर कर जोश में आए सपा कार्यकर्ता





नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे सांसद सुब्रत पाठक ने मीडिया से कहा कि अब भारत-पाकिस्तान का मैच होगा? कन्नौज अगर सपा का गढ़ है, तो उनका घर है। इसके जवाब में पूर्व सीएम अखिलेश ने कहा कि वे (सांसद) न तो बॉलिंग कर पाएंगे न बैटिंग, हम छह के छह बॉल पर छक्के ही मारेंगे। ऐसा न हुआ तो समाजवादी नहीं। इस बार क्लीनबोल्ड करने की तैयारी है। जीत ऐतिहासिक होगी। मुकाबला ‘घर’ बनाम ‘गढ़’ होने वाला है।



## छह के छह बॉल पर छक्के मारेंगे : अखिलेश

**अमृत विचार।** आखिरकार कन्नौज लोकसभा सीट एक बार फिर से देश की ‘हॉट सीट’ की लिस्ट में आ गई है। तमाम कयास, असमंजस, प्रत्याशी घोषित करने और फिर बदलने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के ताल ठोंकने से मुकाबला रोमांचक होने के आसार प्रबल हो गए हैं। अब रण ‘घर’ बनाम ‘गढ़’ होगा। भाजपा प्रत्याशी कहते हैं कि कन्नौज मेरा घर है तो सपा का तर्क है कि गढ़ में वापसी होगी।

दो दिन पहले तक कन्नौज सीट पर समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को लेकर अटकलों-असमंजस का दौर था। इस बीच सपा ने तेजप्रताप यादव को प्रत्याशी बना दिया। इसके साथ ही सपा कुनबे में मायूसी फैल गई और सभी अखिलेश से ही कन्नौज से चुनाव लड़ने की मांग करने लगे। उधर, माना जा रहा था कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका तथा पूरे देश में प्रचार की जिम्मेदारी के चलते वे इस बार लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे। दूसरी तरफ सुप्रीमो के मन में कोई और ही रणनीति तैयार हो रही थी। जनता व कार्यकर्ताओं की जबर्दस्त मांग व जिद के आगे तो झुकना ही पड़ा जबकि वे खुद दो साल पहले एक निजी कार्यक्रम में इस बात का संकेत दे चुके थे। इस तरह पहले से स्पष्ट ही था के वे कन्नौज को ही एक बार फिर से चुनावी रणक्षेत्र बनाएंगे। बुधवार को शाम होते-होते उनके यहां से चुनाव लड़ने पर मुहर लग गई। गुरुवार दोपहर 12 बजे सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचकर अखिलेश यादव ने नामांकन कर दिया। इसके बाद पत्रकारों से रूबरू हुए तो कन्नौज से अपने लगाव का प्रदर्शन यह कहते हुए किया कि यहां से उनकी शुरुआत हुई तो यहां के लोगों से जुड़ाव खास है।

### डिंपल यादव की हार याद दिलाकर भरा जोश

- दो दिन पहले तक तेजप्रताप के नाम की घोषणा से खुश नजर आ रहे भाजपाइयों के खेमे में उत्साह अब भी है लेकिन कहीं न कहीं शंका के बादल भी नजर आ रहे हैं। प्रेस के माध्यम से अखिलेश ने रूठों का भी सहयोग मांगा है। सपा के जिम्मेदारों की मानें तो राष्ट्रीय अध्यक्ष के चेहरे पर पार्टी की टूटन खत्म हो सकती है। बताया जा रहा है कि भाजपा में भी अंदरखाने असंतुष्टि और गुस्से के स्वर हैं। ऐसे में सपा अध्यक्ष के आने से कुछ इस तरह का वोट इधर का उधर हो सकता है। यद्यपि सांसद सुब्रत ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब अखिलेश सामने हैं। वे पहले भी अखिलेश और डिंपल के सामने चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 में डिंपल को हराकर ही सीट भाजपा की झोली में डाली थी।
- वर्ष 2000 में अखिलेश ने यहां पहला उपचुनाव लड़ा था जब उनके पिता व पार्टी संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव ने यहां की सीट से इस्तीफा दिया था। इसके बाद वे लगातार तीन बार सांसद रहे।

# कौशांबी में त्रिकोणीय लड़ाई में फंसी भाजपा

चुनाव डेस्क

- सपा से पुष्पेंद्र सरोज प्रत्याशी तो बसपा ने सेवानिवृत्त डीएसपी को मैदान में उतारा
- भाजपा ने लगातार दो बार से जीत रहे विनोद कुमार सोनकर पर ही जताया भरोसा

**अमृत विचार।** कौशांबी लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। फिलहाल यहां लड़ाई त्रिकोणीय दिख रही है। भाजपा ने जहां दो बार से जीत रहे विनोद कुमार सरोज को पुनः मैदान में उतारा है तो सपा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज के बेटे पुष्पेंद्र सरोज पर दांव लगाया है। मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए बसपा प्रमुख मायावती ने सेवानिवृत्त डीएसपी शुभ नारायण को मौका दिया है।

**राजा भइया पर हर किसी की निगाहः** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर जन सत्ता दल के मुखिया राजा भइया का अच्छा खासा प्रभाव है। राजा भइया को उम्मीद थी कि उनका भाजपा से गठजोड़ हो जाएगा और यह सीट उनकी पार्टी को समझौते के तहत मिलेगी। इसी उम्मीद से उन्होंने राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को वोट भी दिया था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भाजपा ने यहां से अपना उम्मीदवार उतार दिया। बाद में समाजवादी पार्टी ने भी राजा भइया से गठजोड़ की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली।

### विधानसभा की एक भी सीट भाजपा के पास नहीं

- लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से कुंडा समेत दो विधानसभा सीटों पर जन सत्ता दल का कब्जा है। कुंडा से राजा भइया खुद विधायक हैं जबकि सिराथू, मंझनपुर और चैल सीट पर सपा काबिज है। सिराथू की विधायक पल्लवी पटेल ने अखिलेश का साथ छोड़ दिया है। विधानसभा चुनाव में मिली हार भाजपा को आज भी अखरती है। राजनीति के जानकार इसीलिए इस बार मान रहे हैं कि भाजपा यहां कड़े मुकाबले में फंस गई है।

### जनसत्ता दल ने बिगाड़ा था सपा का खेल

- 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा- बसपा का गठबंधन था। तब सपा के इंद्रजीत सरोज यहां से मैदान में उतरे थे लेकिन उनकी जीत की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन गई थी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी। इस पार्टी के उम्मीदवार शैलेंद्र कुमार पासी ने डेढ़ लाख से अधिक वोट प्राप्त किया था। इंद्रजीत तब दूसरे स्थान पर रहे थे। भाजपा ने यह सीट 38, 722 वोट से जीत ली थी।

### 2022 में हार गए थे केशव प्रसाद मौर्य

- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य इस संसदीय क्षेत्र की सिराथू विधानसभा सीट से 2022 में विधानसभा चुनाव लड़े थे। उनके सामने अपना दल कमेरावादी पार्टी की पल्लवी पटेल सपा के टिकट पर मैदान में थीं। पल्लवी ने उन्हें हरा दिया था। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की हार चौंकाने वाली थी। इसे भाजपा के लिए बड़ा झटका माना गया था।

## एक नजर

### सांसद संजय सिंह के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने सुनवाई के लिए 10 मई की तारीख नियत की है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है, जबकि आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी है।

### पानी भरे गड्डे में गिरकर व्यक्ति की मौत

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतगर्त बुधवार शाम घर जा रहे ककोली निवासी बेचूलाल कनौजिया (50) की पानी भरे गड्ढे में गिरकर मौत हो गई। बताया जाता है कि उन्हें आंख से दिखाई भी कम पड़ता था। मौत की जानकारी गड्ढे के सामने एक मकान में रह रही महिला को उस समय हुई जब वह टॉर्च की रोशनी में कुछ ढूंढ रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव विच्छेदन के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा दो पुत्र एवं एक पुत्री है।

### एफएसटी टीम ने वाहन से बरामद किए 1.57 लाख

**बहराइच, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में एफएसटी टीम ने वाहन जांच के दौरान 1.54 लाख रूपये बरामद किया। सही जवाब न मिलने पर रूपये जब्त करते हुए सीज कर दिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी की ओर से एफएसटी टीम का गठन किया है। कोतवाली नगर में एफएसटी टीम झिंगहाघाट के पास शाम को जांच कर रही थी। तभी यह सफलता टीम के हाथ लगी।

# फॉर्मेसी में फर्स्ट क्लास पास करने वाले छात्र दोबारा मूल्यांकन में फेल

संवाददाता, जौनपुर

**पूर्वांचल विवि का कारनामा**

- शिक्षकों पर धन उगाही कर गीत, संगीत व धार्मिक नारा लिखी उत्तर पुस्तिका पर अत्यधिक अंक देने का था आरोप

**अमृत विचारः** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से फॉर्मेसी में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र दोबारा मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण पाए गए। विवि की परीक्षा समिति ने संबंधित कॉलेज को 3 साल के लिए डिबार घोषित कर दिया है। आरोप था कि छात्रों से धनउगाही कर गीत संगीत व धार्मिक नारे लिखी उत्तर पुस्तिका पर परीक्षकों ने अत्यधिक अंक दिए गए थे। छात्र नेताओं ने इसकी शिकायत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल व कुलपति से कर कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर इन छात्रों का दोबारा मूल्यांकन कराया गया था। छात्र नेता दिव्यांशु सिंह ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि विवि के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से शून्य अंक पाने वाले छात्रों को भी 60 फ़ीसदी से अधिक अंक देकर उन्हें पास कर दिया गया है। इस पर राजभवन द्वारा विवि की कुलपति को पत्र लिखकर प्रकरण में परीक्षणोंपरांत कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद दोबारा मूल्यांकन कराया गया तो छात्रों को दिए गए अंक में बड़े पैमाने पर भिन्नता पाई गई है। बुधवार को परीक्षा समिति की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की अध्यक्षता में बैठक में फार्मेसी संस्थान के संविदा शिक्षक डॉ. विनय वर्मा व डॉ.आशीष गुप्ता को बर्खास्त कर दिया गया। त्रिलोचन महादेव स्थित आरडीएस महाविद्यालय को तीन साल के लिए डिबार कर दिया गया है।

शिकायत कर्ताओं का आरोप था कि बिना आदेश के सत्र 2021- 22 के डी - फार्मा छात्रों को कई बार मानक के विपरीत बैक व स्पेशल बैक की परीक्षा करा दी गई।जबकि परीक्षा नियंत्रक की टिप्पणी में है कि डी - फार्मा में बैक परीक्षा आयोजित कराने का प्रावधान नहीं है।

# गड़ासे से पत्नी का गला काटकर लगा ली फांसी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले के कुड़वार थाना क्षेत्र के फिरोजकला गांव से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। एक मानसिक रूप से बीमार पति ने अपनी पत्नी का गला गड़ासा (चापड़) से रेत दिया और फिर फंदे से लटककर जान दे दी। दोहरे हत्याकांड से फिरोजकला और आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई। मृतक महिला के भाई कुड़वार कस्बा निवासी मो. तसलीम की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर जांच कर रही है।

कुड़वार थाना क्षेत्र स्थित फिरोजपुर कला गांव निवासी अफाक पुत्र सुनीर अहमद बुधवार देर शाम परिवार के साथ खाना खाकर कमरे में गया। उसके तीन लड़के बाहर सोए थे, एक छोटी बेटी घर के अंदर थी। रात में पति-पत्नी कब मकान के ऊपर छत पर गए, किसी को पता नहीं है। छत पर बने टीन शेड के नीचे अफाक (50) ने पहले पत्नी किसमतुल निशा (48) की चापड़ से गला काटकर हत्या की। फिर खुद उसी के दुपट्टे से टीन शेड की पाइप से लटककर जान दे दी। गुरुवार सुबह जब दंपति की छोटी बेटी आशिफा चाय लेकर छत पर पहुंची तो आगे मां का शरीर खून से लथपथ पड़ा देखा। पिता को पाइप से लटकते देख चिल्लाते हुए हुए छत से नीचे आई। उसके बाद मृतक के बेटों सहित अगल-बगल के लोग छत पर पहुंचे।

## रेलकर्मियों के समक्ष मौजूद चुनौतियों पर मंथन

**नई दिल्ली, अमृत विचार :** ताल कटोरा इन्डोर स्टेडियम नई दिल्ली में रेलकर्मियों के सबसे बडे, सबसे पुराने और सबसे जुझारू संगठन, आल इण्डिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के ऐतिहासिक शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र का आयोजन गुरुवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें भारतीय रेल के कोने-कोने से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों एवं 3000 से अधिक अन्य संगठन के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। एआईआरएफ के सभी पदाधिकारी जोनल सचिवों के साथ-साथ आई.टी. एफ. इन्लेण्ड ट्रान्सपोर्ट रेलवे सेक्शन की स्ट्रेटिजिक प्लानर एवं ए.आई.आर.एफ. महिला विंग की चेयरपर्सन जया अग्रवाल, संयोजक प्रवीणा सिंह, एवं एच.एम.एस. एशिया-पैशिफिक विंग की अगुआ चंपा वर्मा मंच पर उपस्थित रहें। ऐतिहासिक ‘शताब्दी अधिवेशन’ में रेल कर्मचारियों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर गम्भीर विस्तृत चर्चा हुई, आल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन की पहल पर नेशनल पेशन सिस्टम एनपीएस की खामियों के मद्देनजर गठित पुरानी पेशन स्कीम बहाली संचुक्त मंच जेएफआरओपीएस द्वारा लिये गये सर्वसम्मत निणर्य के अनुपालन में 1 मई 2024 से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन देशव्यापी आम हड़ताल को भारत सरकार की पहल तथा इंस पर गठित उच्च स्तरीय समित द्वारा कर्मचारी पक्ष को वार्ता के लिए बुलाकर दिये गये आश्वासन एवं 2 माह का समय अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप दिये जाने के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया था। इस शताब्दी अधिवेशन में इस तथ्य पर गम्भीर मंत्रणा के पश्चात सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि यदि नौजवान रेलकर्मियों वं अन्य सरकारी कर्मचारियों के लिए परिभाषित एवं गारेन्टेड पेशन में प्रदत लाभ एवं सुविधाए बहाल नहीं की जाती हैं तो देशव्यापी अनिश्चितकालीन आम हड़ताल को टाला नहीं जा सकेगा। शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र में पेश किये गये अन्य आठ प्रस्तावों को भी विस्तृत चर्चा की।

# हर पात्र गरीब को मिलेगा मकानः मेनका गांधी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद व भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी ने चुनावी कैंपेन के 21वें दिन सदर विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने नुक्कड़ सभाओं में अपना रिपोर्ट कार्ड देते हुए बताया कि पिछले पांच सालों में उन्होंने 3800 करोड़ रुपए के विकास कार्यों से सुलतानपुर को चमकाने का काम किया है। उन्होंने कहा घबराओ मत जीतने के बाद गरीबों के लिए एक लाख आवास और लाएंगे। हर पात्र गरीब को मकान मिलेगा। शौचालय, विद्युत कनेक्शन, गैस कनेक्शन,आयुष्मान कार्ड व अन्य सुविधाएं भी होंगी। मोदी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार हैं। पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीमती गांधी ने बुधवार को सदर विधानसभा के जोगीवीर, देवदासपुर, अरवल कीरी करवट,ममरखा, भीखूपुर, इसूर, श्रीराम नगर, विनवन, खड़सडा, राईबीगो, नानेमऊ, बहाउद्दीनपुर, बरूई, मिश्रौली एवं शहर के सुदर्शन पार्क समेत डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। इसके अलावा सांसद श्रीमती गांधी ने खड़सडा जाकर पवन मिश्रा की पुत्री एवं बौरही मोतिगरपुर में हौसला प्रसाद की पुत्री के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर बेटियों को आशीर्वाद दिया।

## सात फीट लंबी त्रिशूरा की नाव रामलला को समर्पित



कारसेवकपुरम में मौजूद शालू। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** दक्षिण भारत में नौका दौड़ के लिए प्रसिद्ध केरल की नौका श्री रामलला को समर्पित की गई। मलयालम अभिनेता और राज्य सभा सदस्य रहे सुरेश गोपी के प्रतिनिधि शालू केरल की सांस्कृतिक पहचान नाव को लेकर वह त्रिशूल से 2600 किलोमीटर की यात्रा कर बृहस्पतिवार को कारसेवकपुरम पहुंचे। कारसेवकपुरम प्रभारी शिवदास सिंह ने नौका स्वीकार की। शालू ने बताया कि यह नौका सात फुट लंबी और करीब एक फुट चौड़ी है। इसका सरयू में जलावतरण भी कराया गया।

## पूर्व पीएम शास्त्री के पौत्र ने किये रामलला के दर्शन



अमावा मंदिर में भोजन करते (नीली शर्ट में) विभाकर शास्त्री।

**अयोध्या, अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र विभाकर शास्त्री ने गुरुवार को रामलला के दर्शन किये। पुजारी ने उन्हें रामनामी ओढ़ाई और प्रसाद भी दिया। इसके बाद परिसर के निकट स्थित अमावां मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ भोजन प्रसाद ग्रहण किया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

## वर्ग पहेली-51

**बाएं से दाएं**

1. 1. जिसके सिर पर बहुत बाल हो, झोंटेवाला 2. जटाधारी।

2. 1. किसी चीज़ के रगड़ जाने से या छिलने से बनने वाला चिह्न या निशान, खरोंच 2. ख़राश।

5. 1. दुकान में चीज़ें बेचने वाला व्यक्ति 2. दुकान का मालिक 3. व्यवहार में मोल-भाव करने वाला व्यक्ति।

6. 1. दुष्ट 2. ढीठ।

7. 1. फ़ारस की प्रसिद्ध लोककथा ‘लैला-मजनूं’ की नायिका और कैस (मजनूं) की प्रेमिका 2. प्रेयसी।

8. 1. भारत एक प्राचीन राजवंश 2. प्राचीन शैव संप्रदाय जिसके अनुयायी सिर पर शिव की मूर्ति रखा करते थे।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पास-पास उगे हुए कई पेड़ या झाड़ियां जिनकी डालियां आपस में मिली हुई हों 2. बहुत लोगों का समूह, गिरोह 3. चादर या किसी कपड़े से शरीर को पूरी तरह ढक लेने की क्रिया 4. बच्चों का एक खेल जिसमें वे घेरा बनाकर नाचते हैं।

3. 1. अंधकार में अथवा स्पष्ट दिखाई न देने पर किसी चीज़ के आकार-प्रकार

4. 1. जहां बिल्कुल भी प्रकाश न हो, अंधेरा, अंधियारा, तिमिर, तम 2. तामस, कलुष 3. निराशा, हताशा, अज्ञान। (मु.) -नज़र आना : कोई उपाय न सूझना, निराशापूर्ण हालात में फंसना। -दूर होना : ज्ञान या बुद्धि प्राप्त होना। 5. दूना, दो गुना।



### वर्ग पहेली -50 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 पू | | 2 आ | |
| | 3 का | | छ | | धू | |
| | रों | | 4 ता | 5 क | त | |
| | 6 छ | का | छ | क | | 7 म |
| 8 मो | | | | 9 ह | ड़ | हा |
| 10 ह | र | शे | ख | रा | | श |
| नी | | | | | | य |

### सुडोकू -130

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 5 | | | | |
| 6 | | | 4 | | | 9 | | |
| | 4 | | | | 3 | | | 8 |
| 9 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | 6 | | | 1 | 3 | | 5 |
| | | | 2 | | | | | 4 |
| 5 | | | 1 | 3 | | | 2 | |
| | 7 | 1 | | | 4 | | | 9 |
| | | | 5 | 9 | | 6 | | |

### सुडोकू -129 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 07.45 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अनुराधा 03.40 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** — आज घर में अकेलापन और बोरियत महसूस होगी। गर्मी से बचकर रहें और पानी भरपूर पियें। दूसरों पर ज्यादा दबाव डालने से आपको बचना चाहिए। शाम को कहीं घूमने जा सकते हैं। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। ज्यादा भागदौड़ के कारण पैरो में दर्द हो सकता है।

**वृष** — आज वैवाहिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। रियल एस्टेट से आपको धन लाभ होगा। कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। आपके सभी काम समय पर पूर्ण होंगे। किसी बड़े प्रोजेक्ट्स पर आप धन निवेश कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पायेंगे। दोस्तों की मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे। अपनी कार्यशैली में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। ससुराल में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** — आज परिवार के साथ सुखद समय बितायेंगे। आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे। अपनी सेहत का ध्यान रखें। आज आपको अपच की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे। विद्यार्थियों की नए विषयों के अध्ययन में रुचि होगी।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र का तनाव आपके घर पर भी प्रभाव डाल सकता है। भरोसेमन्द लोग ही आपको धोखा दे सकते हैं। इसीलिए किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जाने का विचार बनायेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**कन्या** — आज राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। पति-पत्नी के बीच आपसी संबंध मधुर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। नए मित्र बन सकते हैं।

**तुला** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहने वाली है। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। संतान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर चिन्तित रहेंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज आप अपने घर पर आराम करने की योजना बना सकते हैं। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यवसाय में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**धनु** — आज अति आत्मविश्वास के कारण आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। गलत खान पान के कारण सेहत खराब हो सकती है। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। विदेश में रह रहे लोगों को वीजा आदि को लेकर कुछ समस्या होगी।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। जरूरतमन्द लोगों की सेवा में मन लगायेंगे। अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव हो सकता है। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे।

**कुंभ** — आज आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ायेंगे और किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। संतान को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। बहु प्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है।

**मीन** — आज बिना मांगे किसी को राय न दें। अधिकारी वर्ग के लोग आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे। पुराना लोन आज चुकाने की कोशिश करेंगे। आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- इंसान — सुबह : 11.50
- पार्टनर — शाम : 05.57

SONY PIX
- द वॉटर हाउस — सुबह : 11.24
- ज़ोम्बीलैंड — शाम : 06.26

&pictures
- कूगल कुट्टप्पा — सुबह : 11.14
- साइना — रात : 08.00

ZEE CINEMA
- राम लखन — सुबह : 08.45
- तैश — रात : 08.45

colors CINEPLEX
- सपने साजन के — सुबह : 11.00
- देवदास — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पिता- बेटा जरा अपना मोबाइल देना।
बेटा- 1 मिनट ऑन करके देता हूं।
वीडियो डिलीट...फोटोज डिलीट... मैसेजेस डिलीट लीजिए पापा ऑन हो गया..
पापा- रहने दो, मुझे तो बस टाइम बता दे।
पापा की बात सुनकर सन्न रह गया बेटा।

कल तुम्हें फांसी होगी... बताओ तुम्हारी अंतिम इच्छा क्या है?
कैदी- मैं तरबूज खाना चाहता हूं.
जेलर- लेकिन ये तरबूज का मौसम नहीं है।
कैदी- कोई बात नहीं
कैदी- कोई बात नहीं, मैं इंतजार कर लूंगा।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# दूसरे चरण में चुनाव

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में धर्म का मुद्दा आगे हो गया है। भाजपा ने अपने दस साल के कार्यकाल के दौरान अधिकतर विकास, 5वीं से तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंततः 2047 तक 'विकसित भारत' की बात कही। 2024 का जनादेश 'विकसित भारत' का संकल्प हासिल करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए मांगा जा रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि अचानक यह बदलाव क्यों आया कि प्रथम चरण के कम मतदान के बाद प्रधानमंत्री के तेवर बदल गए। विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजस्थान में विभाजनकारी और अपमानजनक भाषण देने का आरोप लगाया। हालांकि भाजपा अब भी दौड़ में सबसे आगे है। कई सीटों पर मुकाबले कांटेदार हैं। परंतु मतदान अब भी कम हो सकता है, क्योंकि दूसरे चरण की जिन 89 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है, उसमें कमोबेश 30 सीटों पर लू का मौसम होगा। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी और करीब 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में प्रचार के दौरान बाकी सब मुद्दे पीछे छोड़ते हुए भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उस पर तुष्टिकरण करने का आरोप लगा दिया। गुरुवार को चुनाव आयोग ने किसी प्रधानमंत्री के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप पर पहली बार संज्ञान लेते हुए भाजपा से विपक्षी दलों द्वारा दायर शिकायतों का जवाब देने को कहा है। चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को जारी नोटिस का 29 अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश जारी किया है। आयोग ने इसी तरह का एक पत्र कांग्रेस अध्यक्ष को भी लिखा है जो उनके और राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है।

चुनाव आयोग को अपनी शिकायत में कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में आरोप लगाया था कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति को मुसलमानों में फिर से बांटना चाहती है और विपक्षी दल महिलाओं के 'मंगलसूत्र' को भी नहीं बख्शेगा। महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग ने स्टार प्रचारकों पर लगाम लगाने के पहले कदम के तहत पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराने के लिए जनप्रतिनिधि कानून के प्रावधानों का इस्तेमाल किया है। गौरतलब है कि 2019 के आम चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ छह शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन चुनाव आयोग ने उन्हें 'क्लीन चिट' दे दी। इस पर चुनाव आयोग की तीखी आलोचना की गई थी। हालांकि मतदान और मतदाता से जुड़े 'भारतीय जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951' में ऐसी धाराएं भी हैं, जिनके तहत ऐसी शिकायतों पर दंडनीय कार्रवाई की जा सकती है। आयोग की यह कार्यवाही उसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता से जुड़ी है।

# लोकसंस्कृति समझने को गणगोत्र का जानना जरूरी



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

रामकथा का स्रोत भुशुंड काक है। योग वासिष्ठकार ने भुशुंड को अत्यन्त रूपवान और श्यामवर्ण बतलाया है। भुशुंड की गणना महामनीषियों में होती थी और स्वयं वसिष्ठ भुशुंड से मिलने के लिए मेरुपर्वत पर गए थे। भुशुंड के पिता चंड काक ही थे किन्तु मां हंस गणगोत्र की थी। भागवत-कथा का स्रोत शुक है। शिव पार्वती को मुंडमाला का रहस्य समझा रहे थे।

पुराण कथाओं के पशु-पक्षी सामान्य पशुपक्षी नहीं है, वहां उनका अर्थ कुछ गहरा है, जिसे हम गणगोत्र के सूत्र से समझ सकते हैं। टोटम का इतिहास मानवीय धारणाओं, देवताओं और जन जातियों की युग यात्रा और सामाजिक विकास की आत्मकथा है, जिसको हम भारतीय संस्कृति कहते हैं, वह वास्तव में समुद्र की भांति है, जिसमें संस्कृतियों की अनेक धाराएं समाई हुई हैं।

रांगेयराघव ने "महायात्रा गाथा" में टिप्पणी की है कि भारतीय पौराणिक-जीवन की अनेक समस्याएं प्राचीन जातियों के "टोटम" में ही छिपी हुई हैं। आचार्य क्षितिमोहनसेन और डा.रामविलास शर्मा ने भी टोटम या गणगोत्र के सिद्धांत के प्रकाश में पुराकथाओं की समीक्षा की है। एक युग था, तब वर्ण नहीं था, जाति नहीं थी, कबीले थे। किसी का गणगोत्र (टोटम) नाग था, कोई सुपर्ण था, कोई जटायु था, मत्स्य, कूर्म, गज, सिंह, महिष, मयूर, अश्व, हंस, शुक, काक, नंदी, वाराह आदि हजारों गणगोत्र थे।

रांगेयराघव ने लिखा है कि भय भूख और आवश्यकता ने टोटम को जन्म दिया उन्होंने लिखा है कि संसार में एक लंबा समय टोटम का रहा है। केवल भारत में ही नहीं, मिस्र में थोट देवता गरुडमुखी है, चीन में ड्रेगन की कथाएं हैं। बैबीलोनिया में जू गरुड़ देवता है। भरतीय पुराकथाओं में जनमेजय का नागयज्ञ, गज-ग्राह युद्ध और नाग-गरुड़-युद्ध प्रसिद्ध हैं।

युगांत प्रलय के समय मत्स्य (विष्णु के प्रथम अवतार) का प्रादुर्भाव हुआ। यह नौका पर बैठे मनु की कथा है, मत्स्य पुराण भी है। मत्स्यकन्या की कथा में मल्लाहों ने मछली का पेट चीर कर एक कन्या और बालक को निकाला था। वह उपरिचर वसु का वीर्य था। पुराण की कथा है कि अमृत प्राप्त करने के लिए देवता और दैत्य समुंद्र मंथन करने लगे उस समय भगवान विष्णु ने कछुआ (कच्छप या कूर्म अवतार) का रूप धारण किया। समुद्र में प्रवेश करके मंदराचल को पीठ पर धारण किया। कुर्मी नाम का एक जनसमूह अभी भी है। इसका संबंध कूर्म गणगोत्र से है। वाराह पुराण की कथा के अनुसार जब हिरण्याक्ष धरती की चटाई कर के पाताल ले गया, तो वाराह भगवान ने हिरण्याक्ष का वध किया और अपने एक ही दंष्ट्र पर धारण करके पृथ्वी का उद्धार किया और उसे शेषनाग के फण पर प्रतिष्ठित किया। इस प्रकार विष्णु के दस अवतारों में से प्रथम तीन अवतार मानवेतर हैं। मथुरा को आदिवाराह क्षेत्र माना जाता है। सोरों शूकर क्षेत्र है। विष्णु के चौथे अवतार नृसिंह का स्वरूप अर्द्धमानुषी है अर्थात आधा शरीर मनुष्य का और आधा सिंह का। नृसिंह की तरह और भी देवता हैं, जिनका रूप अर्द्ध-मानुषी है। हयग्रीव-अवतार (चौबीस अवतारों में) है -हयग्रीव (मुख घोड़ा का, शरीर आदमीका) हनुमान (मुख वानर का, शरीर आदमी)। गणेश (हाथी जैसा मुंह बाकी शरीर मनुष्य जैसा), और हनुमान ( मुख और पूंछ बंदर की तथा शेष शरीर मानवीय) प्रमुख है। चीन, जापान और तिब्बत में भी नागकन्या का आधा रूप सर्प का तथा आधा मनुष्य जैसा है। गरुड़ के संबंध में पुराणों में बताया गया है कि उसका मस्तक गरुड़ पक्षी के समान तथा शरीर और इंद्रियां मनुष्य-जैसी थी।

रामकथा का स्रोत भुशुंड काक है। योग वासिष्ठकार ने भुशुंड को अत्यन्त रूपवा न और श्यामवर्ण बतलाया है। भुशुंड की गणना महामनीषियों में होती थी और स्वयं वसिष्ठ भुशुंड से मिलने के लिए मेरुपर्वत पर गए थे। भुशुंड के पिता चंड काक ही थे किन्तु मां हंस गणगोत्र की थी। भागवत-कथा का स्रोत शुक है। शिव पार्वती को मुंडमाला का रहस्य समझा रहे थे। पार्वती सो गईं। तोता हूंकरा देने लगा। शिव ने देखा तो त्रिशूल ले कर दौड़े। शुक उड़ा, व्यास पत्नी जंभाई ले रही थीं। शुक व्यास पत्नी के गर्भ में चला गया। शुकदेव जब रावण सीता का अपहरण करके ले जा रहा था तो जटायु ने रावण को वेदतत्व का प्रमाण देते हुए पर स्त्री हरण का निषेध किया था और जब रावण नहीं माना तो इसने रावण को घायल कर दिया। राम को सीता हरण की प्रथम सूचना जटायु से ही मिली थी। इतना ही नहीं, जटायु ने राम को बताया कि सीता का हरण 'बिंद' मुहूर्त में हुआ है, इसलिए वह तुम्हें अवश्य प्राप्त होगी। स्पष्ट है कि वेद का प्रमाण और ज्योतिष का संदर्भ देना किसी भी पक्षी के वश की बात नहीं हो सकती। जटायु गृद्ध गणगोत्र का था।

यों तो गरुड़ पक्षी का ही नाम है, विष्णु का वाहन! लेकिन वेद और पुराकथाओं में जिस गरुड़ की कहानियां हैं, वह गणगोत्र अथवा टोटम-जाति अथवा कबीला है।

रांगेयराघव ने महायात्रा गाथा में एक पूरे अध्याय में नाग और गरुड़ के संघर्ष का वर्णन किया है। वेद में वह श्येन का पुत्र है। पुराकथाओं में कश्यप और विनता का पुत्र और अरुण का भाई है। गरुड़ की दो बातें ध्यान देने लायक हैं, पहली बात यह कि उसकी मां अपनी ही सौत कद्रू की दासी है। गरुड़ उसे दासता से मुक्त करने के मिशन पर लग जाता है, उसे निषादों, गजों, कच्छपों, और अन्य कितने ही गणगोत्रों से युद्ध करना पड़ता है। वह यक्ष, गंधर्व और देवों से भी युद्ध करता है। अंत में यह अपनी मां को दासता से मुक्त करता है। बालखिल्य उसका अभिषेक करते हैं। दूसरी महत्व की बात है कि-यह स्वर्ग से अमृत ले कर आया था। बाद में नाग और गरुड़ दोनों की अन्तर्भुक्ति विष्णु में हो जाती है। तैत्तिरीय उपनिषद का तीतर गणगोत्र है।

डॉ. कामिल बुल्के ने स्पष्ट बताया था कि हनुमान वास्तव में वानर गोत्रीय आदिवासी थे। इसी प्रकार जिस ऋक्षराज जांबवान से कृष्ण का अट्ठाईस दिनों तक युद्ध चला था और जिसकी कन्या जांबवती कृष्ण की आठ पटरानियों में से एक थी, वह रीछ नहीं हो सकता। महिष भी गणगोत्र है। महिकासुर ब्रज में भी लोकदेवता है। महिषासुर के जन्म की कथा में उल्लेख है कि रंभासुर ने महिषी को गर्भ प्रदान किया था।

पुराण कथाओं के पशु-पक्षी पात्रों का एक तीसरा रूप देवता के वाहन रूप में है जैसे ऐरावत हाथी (इंद्र का वाहन), गरुड़ (विष्णु), सिंह (दुर्गा), हंस (ब्रह्मा तथा सरस्वती), बैल (शिव), कुत्ता (भैरव), मूषक (गणेश), मयूर (कार्तिकेय स्वामी), महिष (यमराज तथा शनि), उल्लू (लक्ष्मी का वाहन)। देवताओं के वाहनों से जुड़े अभिप्राय वास्तव में गणगोत्र जातियों की अन्तर्भुक्ति की कथाएं हैं। नरक चतुर्दशी को यमराज का तर्पण करके दीप जलाकर कुत्ते की पूजा की जाती है। भागवत में पंचम स्कंध में, कंक गिद्ध बगुला और बटेर जैसे देवताओं का उल्लेख है, भागवत 5-14-29।

भारत के लोकजीवन के विश्व बोध में, आचार-प्रणाली और विश्वासप्रणाली में गणगोत्र तत्त्व समाया हुआ है। भारत के जनगण को और भारत की लोकसंस्कृति को समझने के लिए गणगोत्र को समझना अनिवार्य है, नहीं तो अध्ययन के निष्कर्ष गलत ही निकलेंगे।

## प्रसंगवश

# चुनाव और विदेशी मेहमान

संसदीय आम चुनाव 2024 को नजदीक से जानने समझने के लिए भाजपा ने विश्व की तमाम सत्ताधारी तथा विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है, सिवाय चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के। भाजपा के विदेश विभाग के प्रवक्ता अनुसार ब्रिटेन की कंजरवेटिव तथा लेबर पार्टी, जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स तथा सोशल डेमोक्रेट्स एवं यूएस की डेमोक्रेट्स तथा रिपब्लिकन पार्टियों को बुलावा भेजा जा चुका है।



डॉ. सुभाष चन्द्र
एमजेपीआरयू, बरेली

पड़ोसी देश नेपाल में सत्तारूढ़ दल की सहयोगी सभी पांच पार्टियों को भी आमंत्रण भेजा गया है। इस तरह लगभग दो दर्जन पार्टियों को आमंत्रित किया जा चुका है। गत वर्षों में भाजपा ने देश के अलग-अलग हिस्सों (यथा गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश विधानसभा) में संपन्न चुनावों को जानने समझने के लिए डिप्लोमेट्स को भेजा था। भारत यह दिखाना चाहता है कि देश में सफल चुनाव कैसे कराए जाते हैं तथा लोकतंत्र का उत्सव कैसे मनाया जाता है। ब्रिटिश एमपी एवं पद्म पुरस्कार प्राप्तकर्ता बॉब ब्लैकमेन अनुसार 'भारतीय आम चुनाव बड़े स्तर पर आयोजित किए जाते हैं तथा यह विश्व के किसी भी प्रजातंत्र के मुकाबले बहुत बड़ा आयोजन है।' भाजपा के विदेश विभाग द्वारा प्रवासी मित्रों को सूचना भेजी जा रही है कि वे कम से कम दो हफ्तों के लिए भारत में प्रवास करें तथा ऐसी जगहों पर भ्रमण करें जहां से वे पूरी तरह वाकिफ हों। हालांकि इनमें केवल उन्हें ही शामिल नहीं किया गया है जो कि भाजपा के प्रति सहानुभूति रखते हैं अपितु भारतीय मूल के शिक्षाविदों को भी शामिल किया गया है। पैनल फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इलेक्शन्स-2024 के मुखिया प्रो. राहुल मुखर्जी (हेडलबर्ग यूनिवर्सिटी, जर्मनी) ने भारतीय चुनाव आयोग को बता दिया है कि निष्पक्ष भाव से चुनावी प्रक्रिया को हम समझेंगे तथा अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। इस प्रक्रिया में हम राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों तथा दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे तथा स्वतंत्रता पूर्वक अपना कार्य करेंगे।' भाजपा एवं कांग्रेस दोनों पार्टियों द्वारा विगत वर्षों के दौरान आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विदेशी नेताओं को आमंत्रित किया जाता रहा है। इस आम चुनाव में विदेशी मेहमानों का वृहद् स्तर पर भाग लेना संभावित है।

# चुनौती बनता इलेक्ट्रॉनिक कचरा



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

जिस तरह से जलवायु परिवर्तन किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है।

वर्तमान तकनीकी और डिजिटल युग में ई-कचरा (ई-वेस्ट) पूरी दुनिया में एक चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है। हम सभी के पास मोबाइल फोन, टीवी, लैपटॉप और भी बहुत से ऐसे इलेक्ट्रॉनिक सामान हैं जो कि हर रोज इस्तेमाल होते हैं। लेकिन नए स्मार्टफोन, टीवी या फिर लैपटॉप खरीदने के बाद पुराने को हम कचरा समझकर फेंक देते हैं। आज जिस तरह से देश दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक सामान की चाहत बढ़ती जा रही है वही सामान (गैजेट्स) जहर बनकर अब हमारे वातावरण का गला घोंट रहे हैं। ई-कचरे पर यूनाइटेड नेशन की 'द ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनीटर 2024' रिपोर्ट जारी हुई है। जिसमें ई-कचरे वाली सुनामी का जिक्र है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर सालाना 6.2 करोड़ टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा हो रहा है। 2010 के बाद से इस कचरे में 82 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार ई-कचरा अगर ऐसे ही बढ़ता रहा तो वर्ष 2030 तक 32 फीसदी की वृद्धि के साथ बढ़कर 8.2 करोड़ टन पर पहुंच सकता है। ई-कचरे का वार्षिक उत्पादन 23 लाख टन प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रहा है। जिन इलेक्ट्रॉनिक सामानों ने हम सभी की जिंदगी को आसान बनाया है वही सामान अब हमारी जिंदगी में ज़हर घोल रहे हैं।

आमतौर पर हम अपने घरों और दफ्तरों में जिस मोबाइल, लैपटॉप, टीवी, टैबलेट, स्मार्ट-फोन समेत दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सामानों (गैजेट्स) और दूसरे अन्य उत्पादों को इस्तेमाल के बाद फेंक देते हैं। वही बेकार फेंका हुआ कचरा इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट (ई-वेस्ट) यानी कि ई-कचरा कहलाता है लेकिन ई-कचरे की असली समस्या तब शुरू होती है जब इस कचरे का सही तरीके से संग्रहण (कलेक्शन) और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) नहीं होता है। जिससे मिट्टी, पानी और हवा जहरीली हो रही है। यूएन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में यूरोप, ओशिनिया देशों और अमेरिका ने प्रति व्यक्ति सबसे ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा किया। इस कचरे में यूरोप प्रति व्यक्ति 17.6 किलोग्राम के हिसाब से सबसे आगे है। इसके बाद ओशिनिया ने प्रति व्यक्ति 16.1 किलोग्राम ई-कचरा पैदा किया। ओशिनिया ऐसे द्वीपों के समूहों को कहा जाता है जो कि प्रशांत महासागर में फैले हुए हैं। जबकि अमेरिका ने 14.1 किलोग्राम ई-कचरा पैदा किया था। इन देशों में ई-कचरे को इकठ्ठा करने और पुनर्चक्रण के साधन मौजूद हैं। इसीलिए इन देशों में ई-कचरे की पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) दर भी ऊंची है। लेकिन बहुत से ऐसे देश हैं जहां ई-कचरा बड़ी मात्रा में निकलता है। लेकिन ना तो ऐसे देशों में इस कचरे को इकठ्ठा करने के पर्याप्त संसाधन हैं और न ही पुनर्चक्रण के लिए कोई उचित प्रबंधन है।

जिस तरह से जलवायु परिवर्तन किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। पूरी दुनिया में ई-कचरे की मात्रा कितनी ज्यादा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर इस इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-कचरे) को 40 मीट्रिक टन क्षमता के ट्रकों में भरा जाए तो इसके लिए करीब 15.5 लाख से ज्यादा ट्रकों की जरूरत पड़ेगी। इन ट्रकों को यदि एक के पीछे एक लगाया जाय तो ये भूमध्य रेखा के चारों और एक लाइन बना सकते हैं। ई-कचरा राकेट की रफ़्तार से बढ़ रहा है। जबकि पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की दर अभी भी बहुत कम है। वैश्विक स्तर पर पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की दर सिर्फ 12 फ़ीसदी दर्ज की गई है। ऐसे में बहुत बड़ी मात्रा में ई-कचरा नदियों में बहा दिया जाता है। बडे-बड़े गोदामों में ई-कचरा पड़ा रहता है या फिर इसे समुद्र में फेंक दिया जाता है। जिससे पर्यावरण के साथ-साथ जीव जंतुओं को भी नुकसान हो रहा है।

भारत पूरी दुनिया में ई-कचरा पैदा करने में तीसरे नंबर पर है। वर्ष 2021 से 2022 में 1.6 मिलियन टन ई-कचरा भारत में पैदा हुआ था। वर्ष 2030 तक भारत में 14 मिलियन टन ई-कचरा होने का अनुमान है। हालांकि भारत ने इस समस्या से निपटने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में नई स्क्रैप पॉलिसी के तहत सरकार ने वर्ष 2022 में मोबाइल फ़ोन, लैपटॉप, फ्रिज, टीवी, एसी समेत 134 इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की तिथि (एक्सपायरी डेट) तय कर दी थी। यानी एक निश्चित समय के बाद घर में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक सामान कबाड़ (स्क्रैप) हो जाएंगे। और उन्हें उपयोग से बाहर करना पड़ेगा। ये बिलकुल वैसे ही है जैसे भारत में वाहनों की परिचालन की समय सीमा (एक्सपायरी डेट) 15 साल होती है। जिसके बाद वाहनों को सड़कों पर चलाने की अनुमति नहीं मिलती है और उन्हें उपयोग से बाहर करना पड़ता है। उसी तरह से अब इलेक्ट्रॉनिक सामान को भी एक निश्चित समय के बाद 'स्क्रैप' करना होगा।

## सोशल फोरम

# अच्छे दिन

एक किसान मेले से बकरी खरीद कर घर लौट रहा था। राह में चार ठग मिले। बकरी देख उनकी जीभ लपलपाने लगी। फिर कुछ आपस में राय विचार कर चारों चार जगह खड़े हो गए।

राह में खड़ा पहला ठग किसान को देखते ही बोला, "यह कुत्ता तो बड़ा सुंदर है, भाई। कहां मिला?" किसान उसकी मूर्खता पर हंस कर बोला, "अरे बेवकूफ, यह बकरी है। अभी अभी मेले से खरीद कर ला रहा हूं।"



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

थोड़ी दूर जाने के बाद दूसरा ठग मिला और कहा, "भाई कुत्ता तो तुम्हारा बहुत सुंदर है। मेला में लिए क्या?" किसान ने गुस्से में कहा, "ये कुत्ता नहीं, बकरी है।" लेकिन उसके मन में एक शंका सी खड़ी हो गई।

कुछ दूर आगे उसे तीसरा ठग मिल गया जिसने छूटते ही पूछा, "भाई, ये कुत्ता तो विदेशी नस्ल का लगता है। कितने में मिला?" किसान बिल्कुल चिंतित हो गया और बोला, "भाई साहब, आपको गलतफहमी हुई है ! यह कुत्ता नहीं, बकरी है।" ठग किसान को बार-बार आंख फाड़ कर देखते

राह में खड़ा पहला ठग किसान को देखते ही बोला, "यह कुत्ता तो बड़ा सुंदर है, भाई। कहां मिला?" किसान उसकी मूर्खता पर हंस कर बोला, "अरे बेवकूफ, यह बकरी है। अभी अभी मेले से खरीद कर ला रहा हूं।"

और जोरों से हंसते हुए वहां से चला गया। ठग के जाने के बाद किसान बकरी को बार-बार जांचने परखने लगा और अपने से ही कहा कि नहीं, यह तो बकरी ही है।

कुछ दूर ही आगे चौथा ठग किसान का इंतजार कर रहा था। किसान को देखते ही बोला, "क्या गजब का बढ़िया कुत्ता है, भाई! इतना सुंदर कुत्ता अपनी जिंदगी में पहली बार देख रहा हूं।"

किसान का आत्मविश्वास अब खत्म हो चुका था। बकरी को वहीं छोड़ वह अपने गांव की ओर चल पड़ा। झूठ को बार-बार दुहरा कर इसी प्रकार ठग लोगों की मति फेर देते हैं और अपने लिए अच्छे दिन लाते है।

**- फेसबुक वॉल से**

# शिफ्ट्स में सत्ता या सत्ता में शिफ्ट



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

हरेक चुनाव के समय-राष्ट्रपति के लिए हैं या पंचायत के लिए, जाति, वर्ग, धर्म, अनुसूचित, आदि को लेकर विभिन्न प्रकार के वक्तव्य हमारी नज़र में आते हैं।

'शिफ्ट' को मैं बदलाव नहीं कहूंगा। यह ऐसा भी नहीं है थक जाने के बाद अपने कंधे का बोझ दूसरे पर लादना। बल्कि कहूंगा कि भारत में सत्ता में ड्रिफ्ट और शिफ्ट दोनों हैं। कांग्रेस में ड्रिफ्ट अधिक है लेकिन लोग शिफ्ट भी चाहते हैं। बहुतों को मालूम नहीं है कि सत्ता में शिफ्ट क्या होता है। उन्हें सभी पॉलिटिशियन एक जैसे दिखाई नहीं देते हैं। जब अलग दिखाई देते हैं तो उनमें 'अपना' ढूंढने की चाहत अधिक होती है। बेशक वह एक नंबर का बदमाश या परले दर्जे का धूर्त और अनपढ़ है।

हरेक चुनाव के समय-राष्ट्रपति के लिए हैं या पंचायत के लिए, जाति, वर्ग, धर्म, अनुसूचित, आदि को लेकर विभिन्न प्रकार के वक्तव्य हमारी नज़र में आते हैं। अधिकांश के बारे में तो मीडिया के जरिये। मूविंग विजुएल्स अर्थात विडियोग्राफ्ड एविडेंस सबसे विश्वसनीय होता है अगर डॉक्टर्ड न हो या कहें तो मनमुताबिक छेड़खानी न की गई हो।

दिए गए वक्तव्यों से व्यक्ति के चिंतन स्तर और विषय के बारे में उसकी समझ मालूम होती है। सत्ता, व्यक्ति को मदहोश रखती है और वह कब वाहियात या अशोभनीय बोल गया है, इसे खुद मालूम नहीं पड़ता। सत्ता, आनी-जानी होती है। लेकिन घृणा और बदले की भावना पॉलिटिक्स में नहीं होनी चाहिए और पॉलिटिकल में अतिवाद के लिए भी जगह नहीं होती। अफसोस की बात है कि भारत में स्टेट्समैन और पॉलिटिकल थिंकर्स की कमी है। कोई है, मुझे अभी नज़र नहीं आ रहा।

कांग्रेस जैसी बड़ी पॉलिटिकल पार्टी ने अपना नाश खुद परिवारवाद में घुसे रहकर किया। रहा-सहा नाश उन रीढ़ हीन व्यक्तियों ने किया जो अनुभवी होकर भी कुटिलतापूर्वक आवश्यकता से अधिक धन के संग्रहकर्ता बने, देश के लिए क्रिटिकल वक्त पर सही निर्णय न ले पाए, देश की सुरक्षा और प्रभुसत्ता के सामने निजी स्वार्थों और अपने अन्दर के भय को जीत न पाए, सही नीतियां न बनाकर देश के मेहनतकशों के साथ धोखा करते रहे, पूंजीवादियों (उद्योगपति नहीं) और बदमाश पृष्ठभूमि के लोगों को सत्ता-संरक्षण देते रहे, सांप्रदायिकता को बढ़ावा देते रहे और विवश आमजन को हमेशा पददलित करते रहे।

रही बीजेपी की बात तो इनके लिए अंग्रेजी में एक शब्द है 'पर्सनल वेंडेटा', जिसे एक वाक् अस्त्र बनाकर ये लोग अपने पैर ही कुल्हाड़ी चला रहे हैं। सत्ता का दुरुपयोग कौन नहीं करता और किसने एक ऋषि-मुनि, मनीषी सरीखा व्यवहार किया है। देश के लोगों को भयभीत करके, ओछे तर्क देकर और व्यक्तिगत ईर्ष्या से सराबोर होकर चुनाव जीतना बेमानी है। देश के नेताओं में अनुभव और अनुभवहीनता, अशिक्षितपन और विद्वत्ता में कोई फर्क कर पाए ऐसी हालत नेताओं ने नहीं छोड़ी। पॉलिटिक्स में नेहरु जैसी ऊंचाई किसी में नहीं दिख रही और जिनमें होगी वे पॉपुलिस्ट किस्म के बयानबाजियों के ताली ढकी-छिपी रहती है। देश में टेलेंट की क्या कमी है?

बहुत पहले एक भविष्यवाणी खुद को समझाने के लिए की थी कि सन 2024 तक 'पैटी-पॉलिटिक्स' को पैसे वाले हथिया लेंगे। तत्पश्चात सत्ता के सौदागर होंगे टेक्नोक्रेट्स और साइंटिस्ट्स। 'शिफ्ट इन इन सेंटर्स ऑफ़ पॉलिटिकल पॉवर' की थ्योरी के अनुसार यह शिफ्ट क्षत्रिय का हाथ से निकलकर ब्राहमण या बनिए के पास नहीं बल्कि कर्मयोगियों के पास होनी चाहिए लेकिन दैवयोग से देखने पर यह किसी और के पास अनापेक्षित रूप से खिसकी है। इसके लिए राजनैतिक शक्ति से वंचित या हाशिये पर रही कम्युनिटीज के पास यह धीरे-धीरे खिसकी है। थ्योरेटिकली देखें तो पॉलिटिकल चिंतन विहीन वर्ग के पास यह केन्द्रित होने की प्रवृत्ति दिखा रही है। देश में अकादमीय विद्वत्ता की कमी नहीं, लेकिन सत्ता ऐसे लोगों के हाथ में चली गई है जिनका लक्ष्य रहा स्वार्थ और बेशुमार अमीरी। पॉलिटिक्स ही ऐसा आसान रास्ता ही जिससे बिना कुछ योगदान के बेशुमार समृद्धि और अमीरी कमाई जा सकती है। दुनिया में इसी चलन का बोलबाला है। भारत की स्थिति अगले 30 साल इस मामले में अभी और बिगड़ेगी। पिछले 15 साल में, खासतौर से सन 2017 में बराक ओबामा के जाने के बाद अमरीका की पॉलिटिकल हालत प्रशंसनीय नहीं कही जा सकती। मुझे लगता है कि अगले बीस साल संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त पिछड़ी जातियों की तरफ सत्ता के शिफ्ट होने के आसार अधिक हैं।

# सैम पित्रोदा का प्रलाप

कांग्रेस के ओवरसीज यानी समुद्र पार क्षेत्र के अध्यक्ष और राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने अपने एक बयान द्वारा भारत में अमेरिका की तर्ज पर उत्तराधिकार टैक्स लगाने की वकालत की है। इसके अनुसार किसी के मरने पर उसकी धन सम्पत्ति का 55 प्रतिशथ सरकार को चला जाता है और शेष 45 प्रतिशत उसके वारिसों को। इसके द्वारा उनके अनुसार धन संपत्तियों के पुनर्वितरण करने में सहूलायत होगी। चूंकि भारतीय जन मानस की भावनावों के यह अनुरूप नहीं है, अतः बीजेपी ने इसे तुरंत लपक कर मुद्दा बना लिया और चुनावी लाभ लेने में जुट गई।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हालांकि समय रहते कांग्रेसी चेत गए और सैम के इस बयान से किनारा करते हुए इसे उनका निजी बयान बता दिया। वैसे भी कोई पार्टी सत्ता मे आने पर क्या करेगी, यह उसके चुनावी घोषणा पत्र यानी मैनीफेस्टो से शासित होता है, न कि नेताओं के फुटकर बयानों से, जो हर पार्टी के बड़बोले कहते ही रहते हैं। आपको याद होगा कि कुछ महीने पहले इन्हीं पित्रोदा ने कहा था कि बैलट से चुनाव कराने की मांग की जाएगी। यदि यह न माना जाएगा, तो विपक्ष चुनाव का बहिष्कार करेगा। यह कहां कार्यान्वित हुवा? चुनाव मशीनों से ही हो रहे हैं और विपक्ष भाग ले रहा है। जब भाजपा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाई और लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण की भूमि तैयार की, तो पार्टी लाइन से हटकर उमा भारती ने इसमें पिछड़े वर्ग की महिलाओं का आरक्षण डालने की बात कही और बयान दिया। किंतु यह उनकी निजी राय ही मानी गई। पार्टी ने इसकी अनसुनी की। सुब्रह्मण्यम स्वामी अक्सर पार्टी लाइन से हटकर बयान देते रहते हैं, जिनका विशेष प्रभाव नहीं होता है, हालांकि बहुधा उनमें दम होता है।

ऐसा भी हो सकता है कि भाजपा ने पित्रोदा को मिलाकर कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करने के लिए यह बयान दिलवा दिया हो, क्योंकि इन दिनों तमाम विपक्षियों और कांग्रेसियों को भाजपा अपने पाले में खींच रही है, और यह उसकी रणनीति का हिस्सा हो। जो भी हो, सैम पित्रोदा का यह बयान भारतीय परिवेश के प्रतिकूल और सम्प्रति प्रलाप मात्र है। संपत्ति का अधिकार तो संविधान में मूलभूत अधिकारों के रूप में समाविष्ट है।

## एक नजर

### मौलाना तौकीर मामले में सुनवाई टली

**विधि संवाददाता, बरेली :** आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की अर्जी पर कोतवाली पुलिस की ओर से रिपोर्ट न भेजे जाने पर गुरुवार को सीजेएम कोर्ट में सुनवाई टल गयी। अब अदालत ने सुनवाई को 10 मई की तिथि नियत की है। मानव अधिकार संरक्षण मंच अध्यक्ष वीरेन्द्र पाल गुप्ता एडवोकेट ने मौलाना पर 9 फरवरी को जिले में धारा 144 लागू होने के बाद भी भीड़ एकत्रित कर भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाते हुए मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सीजेएम सौरभ कुमार वर्मा की कोर्ट में अर्जी दी थी। जिस पर अदालत ने कोतवाली पुलिस से मामले में रिपोर्ट मांगी थी। दो तारीख बीतने के बाद भी कोतवाली पुलिस ने अदालत में रिपोर्ट पेश नहीं की है।

### हवाईअड्डे पर पकड़ी गई अमेरिकी महिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर तस्करी के सोने के साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कर्मियों को कथित तौर पर रिश्वत देने की कोशिश करने वाली एक अमेरिकी महिला को पकड़ा गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार तड़के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे के टर्मिनल-तीन पर हुई। एक यात्री की पहचान अमेरिकी मूल की फराह दीको मोहम्मद के रूप में हुई जो एयर इंडिया की उड़ान से नैरोबी (केन्या) से आई थी।

### प्रश्नपत्र लीक मामले में पांच अभियुक्त रिमांड पर

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित तीसरी शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में उज्जैन से गिरफ्तार किए गए पांच अभियुक्तों को पटना की एक विशेष अदालत ने पूछताछ के लिए दो दिनों की पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का आदेश दिया।

# विस अध्यक्ष विधायकों के इस्तीफे स्वीकार करें : कोर्ट

**शिमला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष को तीन बागी निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे तुरंत स्वीकार करने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई 30 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी। हालांकि प्रदेश कांग्रेस ने उनके खिलाफ दल-बदल निरोधक कानून के तहत कार्रवाई की मांग की है।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के पास दायर एक नयी याचिका में कांग्रेस विधायकों- जगत सिंह नेगी और हरीश जनार्था ने दलील दी कि इन विधायकों के इस्तीफे स्वीकार न होने के बावजूद इन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा और ऐसा करना दल-बदल निरोक कानून के तहत कार्रवाई के योग्य है। तीन निर्दलीय विधायकों- होशियार सिंह, आशीष शर्मा और केएल ठाकुर ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था। इन विधायकों ने 22 मार्च को विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था और अगले दिन भाजपा में शामिल हो गए थे। इस बीच विधायकों की ओर से पेश महाधिवक्ता अनूप रतन ने कहा कि उनके मुवक्किलों की दलीलें आज पूरी हो गईं और अध्यक्ष के वकील अगली सुनवाई पर अपनी दलील पेश करेंगे।

# रुविवि : 74 करोड़ से ज्यादा की हेराफेरी में फंसे कुलपति

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

▶▶ बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 में ही 55 करोड़ से ज्यादा के घोटाले का आरोप

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह गंभीर आरोपों में घिर गए हैं। कई मदों में 74 करोड़ से ज्यादा के गोलमाल के साथ स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में शिक्षकों के प्रमोशन और शैक्षिक पदों पर नियुक्तियों में गड़बड़ियों पर शासन ने जवाब मांगा है। पूर्व वित्त अधिकारी केके शंखधार ने इस मामले में राज्यपाल और शासन से शिकायत की थी। इनमें बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 में 55.5 करोड़ के भुगतान में हेराफेरी का आरोप प्रमुख है। शासन के आदेश पर कुलसचिव ने संबंधित विभागों से रिपोर्ट मांगी है।

पूर्व वित्त अधिकारी की ओर से की गई शिकायत में सबसे गंभीर आरोप रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से कराई गई बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 में बड़े गोलमाल का है। शिकायत के मुताबिक कुलपति ने बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान गोपनीय मदों में भुगतान के लिए 55.50 करोड़ की धनराशि तीन किस्तों में अग्रिम तौर पर ली थी लेकिन बाद में इसका समायोजन नहीं कराया गया। पूर्व वित्त अधिकारी इसमें गंभीर वित्तीय अनियमितता की संभावना जताई है। इसके अलावा परीक्षा में गाड़ियों के भुगतान में करीब 15 करोड़ और कोरोना किट की खरीद में भी चार करोड़ के गोलमाल का आरोप लगाया गया है।

कुलपति पर प्रमोशन और नियुक्तियों में भी गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। शिकायत के मुताबिक विश्वविद्यालय में शासन के उच्च शिक्षा अनुभाग की ओर से जारी आदेश पर स्ववित्त पोषित योजना के अंतर्गत शैक्षिक पद सृजित किए गए थे। शैक्षिक और शिक्षणेत्तर पदों के लिए मानक भी निर्धारित किए गए थे। कहा गया है कि कुलपति प्रो. केपी सिंह शासन के आदेश के विरुद्ध नियमित शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ ही स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षकों और कर्मचारियों के भी वेतन के भुगतान के लिए संयुक्त खाता खुलवाने का दबाव डाला। इसके लिए वित्त अधिकारी सहमत नहीं हुए तो कुलपति की ओर से विवि में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षकों की कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नतियां कर दी गईं जिसकी वजह से आय की तुलना में व्यय बढ़ गया। कुलपति की ओर से उन पर लगातार एरियर भुगतान के लिए भी दबाव बनाया जाता रहा। शिक्षकों की पदोन्नति से भुगतान असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई थी। उनकी ओर से आय बढ़ाने के लिए मई 2022 में कुलसचिव को भी पत्र लिखा गया था।

### शैक्षिक पदों के विज्ञापन में भी दी अधूरी जानकारी

कुलपति पर यह भी आरोप था कि विश्वविद्यालय में शैक्षिक पदों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किए गए थे। इसमें स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के भी पद शामिल थे लेकिन विज्ञापन में साफ नहीं किया गया था कि कौन से पद स्ववित्त पोषित हैं और कौन से नियमित। सही सूचना न देने से भविष्य में प्रशासनिक और वित्तीय समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

### परीक्षा में गाड़ियों पर 15 करोड़ का ज्यादा खर्च

आरोप है वित्तीय वर्ष 2022-23 में अप्रैल से सितंबर 2022 तक परीक्षा संबंधी गाड़ियों पर लगभग 15 करोड़ का व्यय हो गया। अधिक खर्च होने पर परीक्षा नियंत्रक से पूर्व वित्त अधिकारी ने कई बिंदुओं पर जवाब मांगा। जवाब में नई शिक्षा नीति के तहत वर्ष में अधिक परीक्षाएं कराने की बात कही गई और गोपनीयता का हवाला देते हुए ड्राइवर और भुगतान का ब्योरा उपलब्ध कराने से इन्कार कर दिया गया।

### कोरोना किट खरीदने का दबाव

बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 के दौरान कोरोना किट की खरीदारी के चार करोड़ से ज्यादा धनराशि के बिल प्रस्तुत किए गए और कुलपति ने उसके भुगतान के लिए दबाव बनाया लेकिन पर्याप्त धनराशि न होने के कारण भुगतान नहीं किया गया। बाद में किट की खरीदारी का प्रकरण जांच का बिंदु बन गया है।

# असत्यमेव जयते पर विश्वास करते हैं प्रधानमंत्री मोदी : जयराम रमेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



▶▶ कांग्रेस का आरोप, पहले चरण के मतदान के बाद से मोदी बौखलाए

कांग्रेस ने घोषणापत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को उनकी बौखलाहट करार देते हुए कहा कि मोदी सत्यमेव जयते नहीं बल्कि असत्यमेव जयते पर विश्वास करते हैं और सिर्फ झूठ ही प्रचारित करते हैं।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले चरण का मतदान पूरा होने के बाद से मोदी बौखला गए हैं और उन्हें निश्चित हो गया है कि उनकी हार हो रही है इसलिए वह उल्टे-सुनते बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र में विरासत कर का कोई जिक्र नहीं हैं। यह हमारा एजेंडा नहीं है। हकीकत ये है कि 1985 में राजीव गांधी ने विरासत कर को हटाया था। उन्होंने कहा भाजपा के कई नेताओं ने साल 2014-19 के बीच में इसकी वकालत की थी और आज प्रधानमंत्री हम पर आरोप लगा रहे हैं और कहते हैं कि कांग्रेस के न्याय पत्र में धन पुनर्वितरण की बात हो रही है। मैं उनको चुनौती देता हूं, हमने न्याय पत्र में एक शब्द इस्तेमाल नहीं किया है, जो धन पुनर्वितरण की बात करता है। देश में पहले चरण के चुनाव के रुझानों से साफ है कि भाजपा के प्रदर्शन में भारी गिरावट आने वाली है।

### पीएम के नाम पर अत्यधिक सावधान हो जाता है आयोग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ शिकायत का निर्वाचन आयोग द्वारा कुछ देरी से संज्ञान लिये जाने के परिप्रेक्ष्य में बृहस्पतिवार को कटाक्ष किया कि जब प्रधानमंत्री की बात आती है तो आयोग अत्यधिक सावधान हो जाता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आयोग की ओर से कदम उठाने में कुछ देरी हुई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से हमने शिकायत की थी।

# बच्चे के इलाज के लिए प्रधानमंत्री से लगाई गुहार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ डीएमडी नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है बच्चा

उत्तर प्रदेश के मोहम्मद फजल यासीन किदवई ने दुर्लभ बीमारी से पीड़ित पांच साल के बेटे का इलाज कराने में आर्थिक सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गुहार लगाई है। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी के रहने वाले मोहम्मद किदवई लखनऊ में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के रूप में काम करते हैं और उनका कहना है कि वह अपने बेटे का इलाज कराने में असमर्थ हैं।

मोहम्मद किदवई ने एक पत्र में कहा कि उनके बेटे यूनुस फजल यासीन किदवई के अगस्त 2023 में ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) नामक एक दुर्लभ आनुवांशिक बीमारी से पीड़ित होने का पता चला था। इस बीमारी के उपचार के लिए लगभग 27 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। मोहम्मद किदवई ने अपने पत्र में कहा कि यह उपचार पहले सिर्फ अमेरिका में ही संभव था। लेकिन, आशा की किरण तब जगी जब मैंने नयी दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से संपर्क किया और इलाज का तरीका बताने का अनुरोध किया। एम्स की ओर से कहा गया है कि वे मास्टर यूनुस का इलाज करने के इच्छुक हैं, बशर्ते आर्थिक सहायता स्वीकृत हो। इसलिए मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से विनम्र निवेदन किया है कि वह आर्थिक सहायता देकर मेरे बेटे की जान बचाएं। एम्स में न्यूरोमस्कुलर क्लिनिक एवं चाइल्ड न्यूरोलॉजी डिवीजन, बाल रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ शेफाली गुलाटी ने कहा, 'हालांकि, जून 2023 में एफडीए (अमेरिका) द्वारा प्रयोगशाला परिणामों के आधार पर त्वरित अनुमोदन के तहत दवा को मंजूरी दे दी गई है, लेकिन दवा की दीर्घकालिक सुरक्षा और प्रभावकारिता साबित नहीं हुई है। अध्ययन जारी है और नतीजों का इंतजार है। चिकित्सकों के मुताबिक डीएमडी में मांसपेशियां नाजुक होती जाती हैं और जीवन के लिए खतरा पैदा कर देती हैं।

# धनंजय सिंह की अपील पर फैसला सुरक्षित

▶▶ एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाई थी सात साल की सजा

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण और आपराधिक साजिश मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह की अपील पर लगातार दो दिनों से चल रही सुनवाई के बाद गुरुवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर फैसला सुरक्षित कर लिया है।

सांसद ने जौनपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा दी गई 7 साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। अपील पर सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश का रिकॉर्ड तलब किया था। हालांकि धनंजय सिंह के अधिवक्ताओं ने बिना ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड के ही कोर्ट से सुनवाई की मांग की थी। इस मांग को कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद कोर्ट ने 22 अप्रैल तक राज्य सरकार से अपनी आपत्ति दर्ज करने को कहा था, जिस पर सरकार ने अपना पक्ष कोर्ट में प्रस्तुत किया। मालूम हो कि नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मांगने, धमकाने और आपराधिक साजिश के मामले में 10 मई 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में पूर्व सांसद धनंजय सिंह व सह-अभियुक्त संतोष विक्रम सिंह के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था।

### सीओ आले हसन के मामले में सरकार से जवाब तलब

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान के करीबी सीओ आले हसन के मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगते हुए जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। उसके एक सप्ताह के भीतर याची को प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश भी दिया गया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची का तबादला 21 सितंबर 2016 को मुरादाबाद कर दिया गया था। इसके साथ ही साधना गोस्वामी पुलिस अधीक्षक के रूप में उस समय रामपुर में तैनात नहीं थी। अत: शिकायतकर्ता के पास उनसे मिलने और पुलिस कर्मियों की कथित मनमानी के संबंध में अपनी शिकायत करने का कोई अवसर नहीं था। उपरोक्त तर्कों को सुनने के बाद मामले को 24 मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।



लोकसभा चुनाव के बीच गुरुवार को वाराणसी पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने कालभैरव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की।

# ई-फाइलिंग के लिए दिशा-निर्देश जारी

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

▶▶ हाई कोर्ट ने सभी जिला जजों को परिपत्र जारी किया

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में वादकारियों को सुरक्षित और त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए महानिबंधक की ओर से प्रदेश के सभी जिला न्यायाधीशों को एक परिपत्र जारी किया है, जिसमें जिला न्यायालय के ई-सेवा केंद्रों के माध्यम से ई-फाइलिंग का निर्देश दिया गया है।

जिला न्यायालय के ई-सेवा केंद्रों के माध्यम से वादकारियों के लिए व्यक्तिगत रूप से ई-फाइलिंग की जाएगी। ई-सेवा केंद्रों पर ई-फाइलिंग की प्रक्रिया से फोटो पहचान सत्यापन का विकल्प हटा दिया जाएगा। वादकारियों को ई-फाइलिंग के लिए ई-सेवा केंद्रों पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा, जिसमें शपथकर्ता की तस्वीर वाले स्कैन किए गए नोटरी हलफनामे का उपयोग ई- फाइलिंग मामलों में किया जाएगा। मालूम हो कि यह सुविधा सुप्रीम कोर्ट के मोहम्मद अनस चौधरी बनाम रजिस्ट्रार जनरल हाईकोर्ट, इलाहाबाद मामले में पारित आदेश के अनुपालन में प्रारंभ की गई है।

# छात्रा को प्रधानाचार्य की कार ने रौंदा, मौत

**संवाददाता, कालाढूंगी**

▶▶ स्कूल वैन से उतरकर सड़क पार कर रही थी 5 वर्षीया छात्रा

**अमृत विचार :** कोटाबाग में स्कूल वैन से उतरकर सड़क पार कर रही पांच वर्षीय को छात्रा को कार ने रौंद डाला। हादसे में छात्रा की मौत हो गयी। कार आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज कोटाबाग के प्रधानाचार्य की बताई जा रही है।

गुरुवार को कृष्णा (5 वर्ष) पुत्री अनिल कुमार निवासी दोहनियां कोटाबाग निजी स्कूल चेतना स्कॉलरशिप एकेडमी मायारापमपुर में पढ़ती थी। वह गुरुवार की दोपहर एक बजे वैन से उतरकर सड़क पार खड़ी अपनी मम्मी को देखकर दौड़ पड़ी। इस दौरान बच्ची विपरीत दिशा से आ रहे आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज कोटाबाग के प्रधानाचार्य की कार की चपेट में आ गयी। आक्रोशित लोगों ने उनकी कार का अगला शीशा तोड़ दिया। आनन-फानन में प्रधानाचार्य बच्ची को कार से सीएचसी कोटाबाग ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा के पिता मेहनत मजदूरी करते हैं। कृष्णा तीन बच्चों में उनकी सबसे छोटी बेटी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आग से 29 घर राख, ननद-भाभी जिंदा जलीं

**संवाददाता, सिंगाही (लखीमपुर खीरी)**

▶▶ आग की चपेट में आने से 12 पशुओं की भी हुई मौत

**अमृत विचार :** थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव सिंगहा कलां में गुरुवार को भीषण आग लग गई। 29 घर राख हो गए। आग में फंसी एक महिला और उसकी ननद की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि परिवार के दो सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। 12 पशु भी जिंदा जल गए। कई पशु झुलस गए। अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। एसडीएम ने हालातों का जायजा लिया।

गांव सिंगहा कलां निवासी भागीरथ के पक्के कमरों के सामने छप्पर पड़े थे। दोपहर करीब 12 बजे भागीरथ की बहन संगीता (35) अपने बेटे सचिन (13) के साथ कमरे में, जबकि भागीरथ की पत्नी रामगुनी (50) व बहू पूजा पत्नी सहजराम छप्पर में सो रही थीं। इसी बीच छप्परों में आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। संगीता ने शोर मचाते हुए किसी तरह सचिन को बाहर निकाल दिया, लेकिन खुद फंस गई और जिंदा जलकर मौत हो गई। छप्पर में सो रही पूजा जैसे-तैसे बाहर निकल आई, लेकिन उसकी सास रामगुनी नहीं निकल पाई और उसकी भी झुलसकर मौत हो गई। उन्हें बचाने के लिए घर में घुसे बांके और सहजराम लपटों की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए।

देखते ही देखते आग ने 29 घरों को चपेट में ले लिया। गांव में चीख-पुकार मच गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में सहज राम की दो बकरी, बांके लाल की चार बकरी, राजाराम की चार बकरी, एक गाय और भैंस जलकर मर गईं। चारा मशीन, नगदी, अनाज, कपड़ा, बर्तन, ट्रैक्टर समेत 50 लाख का नुकसान होने का अनुमान है। एसडीएम अश्वनी कुमार, तहसीलदार भीम चंद आदि मौके पर पहुंचे और नुकसान का सर्वे कराया। अग्निकांड में दो मौतों के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया।

# स्कूलों में शारीरिक दंड खत्म करने को दिशा-निर्देश लागू करें : कोर्ट

**चेन्नई, एजेंसी**

▶▶ मद्रास हाई कोर्ट ने शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को दिया निर्देश

मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया है कि वह स्कूलों में शारीरिक दंड समाप्त करने के लिए 'एनसीपीसीआर' के दिशानिर्देश (जीईसीपी) को लागू करे। न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम ने कामाची शंकर अरुमुगम द्वारा दायर एक याचिका पर हाल ही में अंतरिम आदेश पारित करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को यह निर्देश दिया।

याचिका में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के दिशा-निर्देश को लागू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि तमिलनाडु के सभी शैक्षणिक संस्थानों और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश के बारे में बताने की व्यवस्था दी गई थी, ताकि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए दिशानिर्देशों को ठीक से लागू किया जा सके। अदालत ने कहा कि इस संबंध में, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में सेमिनार व जागरूकता शिविर आयोजित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारियों को उचित निर्देश जारी करने का आदेश दिया गया है, ताकि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

अदालत ने कहा कि विचार न केवल स्कूलों में शारीरिक दंड को खत्म करने के लिए था, बल्कि बच्चों के उत्पीड़न के किसी भी अप्रत्यक्ष रूप या उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली परिस्थिति पर भी ध्यान दिया जाना भी इसमें शामिल था। न्यायाधीश ने रजिस्ट्री को मामले को 14 जून को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

# श्री हेमकुंड साहिब यात्रा की रवानगी के लिए राज्यपाल को किया आमंत्रित

**ब्यूरो, देहरादून**

● 22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में शुरू होगी श्री हेमकुंड साहिब यात्रा

**अमृत विचार :** हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने गुरुवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह से मुलाकात कर उन्हें श्री हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने राज्यपाल को 22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में प्रथम जत्थे को रवानगी के लिए भी आमंत्रित किया। इस दिनसे हेमकुंड साहिब यात्रा का शुभारंभ होगा।

राज्यपाल ने बिंद्रा से हेमकुंड साहिब यात्रा की तैयारियों और यात्रा मार्गों में चल रहे निर्माणों की जानकारी ली। राज्यपाल सिंह ने कहा कि शासन का प्रयास है कि श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुरक्षित हो इसके लिए यात्रा मार्गों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। इस मौके पर बिंद्रा ने बताया कि यात्रा की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। यात्रा मार्गों में पैदल रास्तों के चौड़ीकरण और सुधारीकरण तेजी से किया जा रहा है। भारतीय सेना बर्फ को हटाकर पथ को यात्रियों के लिए सुगम बनाने का काम कर रही है। रूतूड़ा में ट्रस्ट की ओर से 5 हजार यात्रियों के ठहरने के लिए आधुनिक धर्मशाला एवं प्रारंभिक चिकित्सा के लिए अस्पताल बनाया। इस तरह हेमकुंड सहित चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं की सुविधा होगी। ट्रस्ट की ओर से शासन एवं प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय कर यात्रियों के लिए निर्बाध और सुरक्षित यात्रा के प्रयास किए जा रहे हैं।



राजनीति | खीरी में सपा और कांग्रेस पर जमकर बरसे राजनाथ सिंह

# कांग्रेस हो जाएगी विलुप्त, सपा होगी समाप्त पार्टी

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि जिस तरह डायनसोर धरती से विलुप्त हो गया, उसी तरह कांग्रेस विलुप्त हो जाएगी। इस चुनाव के बाद यही हाल सपा को होने वाला है। कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। हमने कहा था कि जिस दिन हमें संसद के दोनों सदनों हमें स्पष्ट बहुमत मिल जाएगा, उस दिन चुटकी बजाकर धारा 370 को खत्म कर देंगे। आप लोगों ने देखा कि धारा 370 खत्म हो गई।




जनसभा को संबोधित करते राजनाथ सिंह, साथ में खीरी से भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी और धौरहरा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा। अमृत विचार

रक्षा मंत्री ने गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी और धौरहरा से प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र के बारे में कहा कि वह सांसदों के सवालों का बहुत ही खूबसूरती से जवाब देते हैं। वहीं रेखा वर्मा उत्तर प्रदेश की आवाज उठाने वाली हैं।

▶▶ अजय मिश्र टेनी व रेखा वर्मा के समर्थन में मांगे वोट

रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। श्रीराम कुटिया से निकलकर महल में पहुंच चुके हैं। कांग्रेस ने चीन बार्डर पर सिर्फ इसलिए सड़क नहीं बनाई, क्योंकि उन्हें डर था कि चीन घुसपैठ कर देगा। भाजपा की सरकार में चीनी बार्डर पर सड़क बनकर तैयार हो गई है । यदि कोई चीन से घुसने की कोशिश करेगा तो उसे माकूल जवाब दिया जाएगा। कांग्रेस के कार्यकाल में हम मिसाइल, बम, हथियार सब दूसरे देशों से खरीदते थे। आज हम गोला-बारूद, मिसाइल, हथियार सब भारत में बन रहे हैं। रक्षामंत्री ने कहा कि सबसे बड़ा प्रदेश होने के बाद उत्तर प्रदेश को जिस ऊंचाई पर चाहिए, उस ऊंचाई तक नहीं पहुंचाया गया, लेकिन गर्व से कहना चाहता हूं कि जब से भाजपा की सरकार बनी, तबसे उत्तर प्रदेश का कद बढ़ा है। कानून और व्यवस्था चुस्त, दुरुस्त हुई हुई है। जब ये सुनता हूं कि उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है तो सीना चौड़ा हो जाता है।

## अपनी ढपली अपना राग



वे कहते हैं कि हम संपत्तियों का सर्वे कराएंगे। मां बहनों के गहनों की जांच होगी। इससे देश का क्या हित होगा?

– पंकज चौधरी, केंद्रीय मंत्री



पूरी बारात तैयार है, केवल दूल्हे का इंतजार है। दूल्हा कोई भी हो हम तैयार हैं। 29 तारीख को दाबम दाब मचा देंगे।

– बृजभूषण शरण सिंह



भाजपा में कहीं न कहीं घबराहट है। अखिलेश यादव के कन्नौज से चुनाव लड़ने पर ये घबराहट और बढ़ रही है।

– डिंपल यादव



25 राजनीतिक दलों में सभी बड़ी-बड़ी पार्टी ने पैसा लिया। पूरे देश की इकलौती बसपा पार्टी है जिसने पैसा नहीं लिया।

– आकाश आनंद



हम मंदिर मस्जिद सब जगह जाते हैं। हर संस्कृति का सम्मान करते हैं। भगवान राम राजनीति का विषय नहीं हैं।

– पवन खेड़ा

# रायबरेली से प्रियंका और अमेठी से राहुल आ सकते हैं चुनाव मैदान में

- दोनों के चुनाव लड़ने पर आज होगा फैसला
- केरल की वायनाड सीट से भी राहुल हैं प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** इंडी गठबंधन से समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के चुनाव मैदान में उतरने के बाद अब रायबरेली से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और अमेठी सीट से राहुल गांधी भी चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी की लोकसभा सीट वायनाड पर शुक्रवार को मतदान के बाद दोनों के चुनाव लड़ने पर कांग्रेस के शीर्ष नेता अंतिम फैसला लेंगे। इस निर्णय के बाद दोनों सीटों के लिए अगले हफ्ते नामांकन दाखिल हो सकते हैं।



दरअसल, केरल की वायनाड सीट से राहुल गांधी प्रत्याशी हैं। 26 अप्रैल को मतदान के बाद राहुल गांधी 27 अप्रैल को अमेठी पहुंचकर नामांकन कर सकते हैं। हालांकि दिलचस्प यह है कि अमेठी क्षेत्र में कुछ स्थानो पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को भी उम्मीदवार बनाने की मांग करने वाले पोस्टर लगे हैं। लेकिन प्रियंका के सामने न आने पर वाड्रा के रायबरेली से लड़ने के संकेत हैं। रॉबर्ट वाड्रा ने भी पिछले दिनों मीडिया से कहा था कि, पार्टी उन्हें मौका देगी तो वह जनसेवा के लिए आगे आएंगे।बहरहाल, सूत्रों का कहना है कि, कांग्रेस उप्र. में मिली हर सीट पर लड़ाई लड़ना चाहती है और इसीलिए पार्टी ने भाई-बहन को मैदान में उतारने का फैसला किया है। हालांकि, राहुल गांधी के लिए अपने पुराने गढ़ में जीत आसान नहीं होगी क्योंकि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी इस निर्वाचन क्षेत्र में कई दिनों से व्यापक प्रचार कर रही हैं। बीते दिनों स्मृति ने अमेठी के प्रति राहुल गांधी की निष्ठा पर भी सवाल खड़े किए थे।



अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों पर 20 मई को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान होगा। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच हुए सीट समझौते के अनुसार, कांग्रेस 17 सीटों पर और समाजवादी पार्टी शेष 63 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस अपने पारंपरिक गढ़ रायबरेली और अमेठी के अलावा वाराणसी, गाजियाबाद और कानपुर सीट पर भी चुनाव लड़ रही है।

# प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ा रही मतदाताओं की चुप्पी

एमपी गोस्वामी, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के लिए होने वाले चुनाव में एक तरफ भाजपा और इंडी गठबंधन प्रत्याशी में सीधी टक्कर दिख रही है तो वहीं बसपा प्रत्याशी रेस में काफी पीछे है। इन सब के बीच मतदाताओं की चुप्पी प्रत्याशियों को बेचैन किए है।

तीन बार से सांसद रहे जगदंबिका पाल को फिर भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। गत दिनों शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में 5 वर्षों से क्षेत्र में काम न होने के कारण व आगजनी में समय से दमकल की गाड़ी न आने के कारण भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल और समर्थकों को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा था। हालांकि बाद में भाजपा प्रत्याशी ने इसका खंडन करते हुए कहा कि यह विपक्षियों की चाल है।




वहीं, चुनावी हलचल के बीच इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देते दिख रहे हैं। भीष्म शंकर इस भीषण गर्मी में भी लोगों के बीच में जाकर और पार्टी की नीतियां और उपलब्धियां बताकर अपनी जीत के लिए जोरआजमाइश करते दिख रहे हैं। जबकि बसपा प्रत्याशी ख्वाजा शमसुद्दीन चुनाव में ज्यादा जोर लगाते नहीं दिख रहे हैं।

स्थानीय राजनीतिज्ञों का कहना है कि अगर ब्राह्मण और मुस्लिम एक साथ आ जाएं तो उनके समर्थन वाले प्रत्याशी की जीत लगभग तय है, लेकिन अभी मतदाताओं का रुख स्पष्ट नहीं है, जिसकी वजह से प्रत्याशियों में बेचैनी है। यहां छठे चरण में 25 मई को चुनाव होना है और उस समय प्रचंड गर्मी पड़ेगी। ऐसे में मतदाताओं को मतदेय स्थल तक लाना प्रत्याशियों और संबंधी पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी चुनौती होगी।

इसी बीच, अपना दल- एस के पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह अभी भी बसपा से टिकट पाने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। इसको लेकर वह कई बार राजधानी लखनऊ का चक्कर भी लगा चुके हैं। जानकारों का मानना है कि बसपा का चुनाव प्रचार कमजोर होने का एक कारण यह भी है कि संभवतः चुनाव होने तक बसपा का प्रत्याशी ही बदला जा सकता है।

## चुनावी चक्कर

**भावुक भीड़ को भी नहीं बख्शा चोरों ने :**


टेलीविजन धारावाहिक रामायण में राम का किरदार निभा चुके अरुण गोविल इन दिनों उत्तर प्रदेश के मेरठ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में एक नयी भूमिका में हैं। हाल ही में इनके रोड शो के दौरान कुछ लोगों की जेब खाली होने यानी पैसे चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है और इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया। दरअसल, 22 अप्रैल को अरुण गोविल का रोड शो था। इसमें सीता का किरादार निभाने वाली दीपिका चिखलिया और लक्ष्मण का रोल करने वाले सुनील लहरी भी थे। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद थे। जनता तो यहां राम, लक्ष्मण और सीता को देखकर भावविभोर थे लेकिन चोरों का एक गैंग यहां कुछ और ही नीयत के साथ था। ऐसे में कई कार्यकर्ताओं के मोबाइल, पैसे और पर्स चोरी कर लिए। महिलाओं के भी पर्स चोरी हुए हैं। यहां तक कि दुकान छोड़कर तीनों को देखने गए एक मोबाइल दुकानदार के कीमती मोबाइल भी चोरी चले गए।

# 32 वर्षों से भाजपा का अभेद दुर्ग है लखनऊ

चुनाव डेस्क लखनऊ

**अमृत विचार:** 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश में लखनऊ लोकसभा सीट देश की बेहद हाई प्रोफाइल सीटों में से एक है। लखनऊ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का संसदीय क्षेत्र रहा है और वह इस सीट से लगातार 5 बार सांसद चुने गए, इनके अलावा देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की बहन विजय लक्ष्मी पंडित भी यहां की सांसद चुनी जा चुकी हैं। विजय लक्ष्मी पंडित को लखनऊ सीट का पहला सांसद होने का गौरव प्राप्त है। लखनऊ सीट पर अभी भाजपा का कब्जा है और राजनाथ सिंह यहां से सांसद हैं, वह देश के रक्षा मंत्री भी हैं।

यूपी की राजधानी लखनऊ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कर्मूभूमि रही है। यहां



अटल जी पांच बार सांसद चुने गए। यहीं से सांसद रहते हुए अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। इस सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर 1991 से अभी तक भाजपा के प्रत्याशी लगातार आठ बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। भाजपा के इस दुर्ग को विपक्षी दल 32 वर्षों से नहीं भेद पाए हैं। साल 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में अटल बिहारी वाजपेयी यहां से सांसद चुने गए। उन्होंने कांग्रेस के रंजीत सिंह को परास्त किया था।

1991 से पहले भी अटल बिहारी वाजपेयी इस सीट से दो बार (1957, 1962) चुनाव लड़े थे, लेकिन तब उनको जीत हासिल नहीं हुई थी।

### नहीं चला ग्लैमर

1991 के बाद 1996 में अटल बिहारी वाजपेयी एक बार फिर से लखनऊ से चुनाव लड़े। उस वक्त उनके सामने सपा के राज बब्बर मैदान में थे, लेकिन अटल जी के सामने बब्बर का ग्लैमर नहीं चला। यहां की जनता ने अटल जी को 52 फीसदी वोट देकर संसद भेजा। इसके बाद यह सिलसिला लगातार 2004 तक जारी रहा। तब तक कि अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति से संन्यास नहीं ले लिया।

### लाल जी टंडन पर जताया भरोसा

2009 का लोकसभा चुनाव जब आया तब उस वक्त भाजपा इस बात लेकर काफी असमंजस में थी कि आखिर अटल जी की विरासत को कौन संभालेगा। इस मुश्किल वक्त में भाजपा और अटल बिहारी के बेहद खास रहे लाल जी टंडन पर भरोसा जताया था, 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में लालजी टंडन ने उस वक्त कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी को करीब 41 हजार मतों से हराया।

### जीत का अंतर पांच गुना

2014 के चुनाव में भाजपा ने अपनी रणनीति में बदलाव कर लाल जी टंडन को प्रत्याशी न बनाकर तत्कालीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह पर भरोसा दिखाया, अटल जी की इस सीट पर बीजेपी ने एक बार फिर से जीत हासिल की और इस बार जीत का अंतर भी पिछली बार से पांच गुना ज्यादा रहा। 2014 के चुनाव में राजनाथ सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी को करीब को 2,72,749 वोटों से हराया। साथ ही केंद्र की मोदी सरकार में गृह मंत्री बने।

### 2019 में राजनाथ को 55 प्रतिशत वोट मिले

लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी ने राजनाथ सिंह को टिकट दिया था। राजनाथ सिंह ने सपा की पूनम शत्रुघ्न सिन्हा को 3,47,302 वोटों से हराया था। राजनाथ को करीब 55 प्रतिशत वोट मिले थे। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम थे। जिन्हें 1,80,011 वोट मिले थे। यह चुनाव जीतने के बाद राजनाथ सिंह गृह मंत्री के बजाय देश के रक्षा मंत्री बनाए गए।



राजनाथ सिंह



रविदास मेहरोत्रा



सरवर मलिक

### इंडी गठबंधन के प्रत्याशी हैं रविदास मेहरोत्रा

भाजपा ने एक बार फिर से लगातार दो बार यहां से सांसद रहे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जीत का परचम फहराने की जिम्मेदारी दी है तो वहीं इंडी गठबंधन की तरफ से सपा के लोकसभा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा का राजनीति से पुराना नाता रहा है और कॉलेज के दिनों से ही वह राजनीति को लेकर काफी सक्रिय है यही नहीं वह कई मुद्दों व प्रकरणों को लेकर 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे ज्यादा जेल जाने के रिकॉर्ड दर्ज करा चुके हैं।

### बसपा ने सरवर मलिक को उतारा है मैदान में

बहुजन समाज पार्टी ने लखनऊ सीट से सरवर मलिक को उम्मीदवार बनाया है। सरवर मालिक लखनऊ की उत्तरी सीट से 2022 में बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बसपा ने लखनऊ सीट पर मुस्लिम दांव खेल दिया है। लखनऊ में ठीक-ठाक मुस्लिम आबादी होने के कारण मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है।


### जातीय समीकरण

2011 की जनगणना के मुताबिक, लखनऊ जिले की आबादी 45.89 लाख है जिनमे पुरुषों की आबादी 23.94 लाख और महिलाओं की आबादी 21.95 लाख है 2011 की जनगणना के अनुसार लखनऊ की कुल आबादी की 71.1 प्रतिशत जनसंख्या हिन्दुओं की है। इसके बाद 26.36 प्रतिशत मुस्लिम हैं। इसके बाद बाकी अन्य हैं। अनुसूचित जाति की आबादी 14.3% है तो अनुसूचित जनजाति की 0.2%। इसी तरह ब्राह्मण, राजपूत वोटर भी मिलकर करीब 18 प्रतिशत हैं। ओबीसी मतदाता 28 फीसदी और मुस्लिम मतदाता करीब 18 फीसदी हैं।

### 2024 में ये करेंगे निर्णय

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 21,36,709 |
| पुरुष | - 11,29,926 |
| महिला | - 10,06,684 |
| अन्य | - 99 |


### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| राजनाथ सिंह | 6,33,026 |
| पूनम सिन्हा | 2,85,724 |
| आचार्य प्रमोद कृष्णम | 1,80,011 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | राजनाथ सिंह | 5,61,106 |
| कांग्रेस | रीता बहुगुणा जोशी | 2,88,357 |
| बसपा | नकुल दुबे | 64,449 |
| सपा | अभिषेक मिश्रा | 56,771 |
| एएपी | सैयद जावेद अहमद जाफ़री | 41,429 |





### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | विजया लक्ष्मी पंडित | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1955 | श्योराजवती नेहरू | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | पुलिन बिहारी बनर्जी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | बीके धावन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | आनंद नारायण मुल्ला | निर्दल |
| 1971 | शीला कौल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | हेमवती नंदन बहुगुणा | जनता पार्टी |
| 1980 व 84 | शीला कौल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | मांधाता सिंह | जनता दल |
| 1991,96,98,99 व 04 | अटल बिहारी वाजपेयी | भारतीय जनता पार्टी |

| 2014 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|
| 4,696 | 7,416 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | लाल जी टंडन | 2,04,028 |
| कांग्रेस | रीता बहुगुणा जोशी | 1,63,127 |
| बसपा | डॉ.अखिलेश दास गुप्ता | 1,33,610 |
| सपा | नफीसा अली सोढ़ी | 61,457 |




## इलेक्शन बायस्कोप



लोकतंत्र का उत्सव चल रहा हो तो पहनावा भी तनिक ऊर्जा भरने वाला होना चाहिए। कुछ इसी तर्ज पर आगरा में भाजपा की एक चुनावी रैली के दौरान जनसभा में आगे बैठीं महिलाएं भगवा रंग की पगड़ी पहनीं काफी उत्साहित नजर आयीं। अमृत विचार

# चौथे चरण के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारक घोषित

**अमृत विचार, लखनऊः** कांग्रेस ने प्रदेश में चौथे चरण के चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारक घोषित कर दिये हैं। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना, सलमान खुर्शीद, अशोक गहलोत, प्रमोद तिवारी, सचिन पायलट, निर्मल खत्री, राज बब्बर, पीएल पुनिया, अजय कुमार लल्लू, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदीप माथुर, विवेक बंसल, नसीमुद्दीन सिद्दीकी आदि नेता शामिल हैं।

# रणनीति के तहत बसपा कर रही मुख्य धारा में आने की जद्दोजहद

- त्रिकोणीय है हरदोई में चुनावी मुकाबला
- खेत, मेड़, नाली व पानी की लड़ाई का मुद्दा भी बड़ा
- दबंगई से परेशान गरीब मतदाता खोज रहे संरक्षण
- 2019 के सपा-बसपा गठबंधन में ही खिसक गया 70 प्रतिशत दलित मतदाता

पद्माकर पाण्डेय,लखनऊ

**अमृत विचार।** देश का भविष्य भले हो लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र में बनने वाली सरकार तय करे लेकिन, हरदोई का भविष्य यहां के मतदाता 13 मई को तय कर लेंगे। राजनीतिक समीकरण की बात करें तो हरदोई पासी बाहुल्य है और सुरक्षित सीट है। यहां भाजपा के जय प्रकाश रावत और सपा की ऊषा वर्मा में होने वाले मुकाबले को, बसपा ने एमएलसी भीमराव आंबेडकर ने त्रिकोणीय बना दिया है।

वैसे तो करीब 19 लाख 13 हजार 675 मतदाताओं वाली इस सीट के साथ-साथ पूरे हरदोई जिले में पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल का वर्चस्व माना जाता है। मगर इस बार एक बड़ा मतदाता वर्ग इस वर्चस्व के आकर्षण से अलग अपनी क्षेत्रीय मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने संरक्षण को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। दरअसल, नरेश अग्रवाल भाजपा में हैं और उनके पुत्र नितिन अग्रवाल योगी सरकार में मंत्री हैं। ऐसे में योगी-मोदी की गारंटी को बल भाजपा प्रत्याशी के साथ होना स्वाभाविक है।



जय प्रकाश रावत



उषा वर्मा



भीमराव आंबेडकर

### हरदोई लोकसभा सीट

सैतियापुर गांव के पूर्व प्रधान अचल पाठक का तर्क है कि यहां मुद्दों की लड़ाई नहीं बल्कि मुफ्त राशन और छह हजार रुपये किसान निधि से लोग ज्यादा प्रभावित हैं। उनका कहना है कि मेरा सांडी विधानसभा क्षेत्र ब्राम्हण व ठाकुर बाहुल्य है, इसलिए भाजपा को हमेशा लाभ मिलता है। उनका दावा है कि यहां जो 30 प्रतिशत दलित मतदाता है, उनमें भी ज्यादातर की पहली पसंद अब भाजपा है। हरपालपुर अंतर्गत मलौथा गांव के निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश प्रसाद मिश्र का कहना है कि यहां खेत की मेड, नाली, सिंचाई के पानी की मुख्य लड़ाई है। इसके लिए गरीब व अनुसूचित मतदाताओं को क्षेत्रीय दबंगई से संरक्षण चाहिये। ऐसे में योगी सरकार में अनुसूचित मतदाताओं का रुझान सपा की अपेक्षा भाजपा में ज्यादा बढ़ा नजर आ रहा है। संभवतः यही वजह रही कि 2019 में सपा व बसपा गठबंधन के बावजूद भाजपा के जय प्रकाश ने जीत दर्ज की थी। हालांकि प्रशासन के मामले में तमाम लोग मायावती सरकार की याद करते हुए तारीफ करते मिलें। जैसापुर निवासी पृथ्वी राज का कहना है बसपा प्रमुख मायावती ही देश में इकलौती नेता है जो सर्व समाज को न्याय और सुरक्षा दिला सकती है। उन्होंने भीमराव आंबेडकर को हरदोई का प्रतिनिधित्व दिया है, इसलिए जनमानस बसपा प्रत्याशी के साथ है।

इस बार भी भाजपा ने अपने सांसद जय प्रकाश पर ही दांव लगाया है, जबकि सपा-कांग्रेस गठबंधन ने तीन बार की सांसद और बीते चुनाव में दूसरे नंबर पर रहीं सपा की ऊषा वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। वहीं बसपा ने विधान परिषद सदस्य भीमराव आंबेडकर को उतारकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। इस सीट पर साल 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर चली थी, भाजपा के अंशुल वर्मा ने जीत तो दर्ज की थी। लेकिन, बसपा के शिव प्रसाद वर्मा ने पौने तीन लाख से ज्यादा वोट प्राप्त कर, सपा को तीसरे नंबर पर धकेलकर मुख्य प्रतिद्वंदी बनकर चौकाया था।

### ठाकुर- ब्राह्मण मतदाता हैं निर्णायक

जातिवार मतदाताओं को देखे तो हरदोई में अकेले अनुसूचित वोटर्स 35-40 प्रतिशत यानि लगभग आठ लाख हैं, इसके अलावा ओबीसी वर्ग के छह लाख मतदाताओं में अकेले कुर्मी मतदाता करीब तीन लाख हैं। ब्राम्हण और ठाकुर मतदाताओं की संख्या ढाई लाख है और एक लाख वैश्य मतदाता हैं। वहीं मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब तीन लाख है। पांच विधानसभा सीटों में शाहाबाद, गोपामऊ, हरदोई सदर व सांडी क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता है। इनमें 18-23 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं के एकजुट होने पर परिणाम बदल सकते हैं, मगर कोई मुस्लिम प्रत्याशी न होने की वजह से मुस्लिम मतदाताओं के रूझान पर कयास लगाना जबरिया होगा।

### जेपी रावत 17 तो उषा वर्मा 11 साल रहीं सांसद

साल 1991, 1996, 1999 और 2019 के लोकसभा चुनावों में विजय दर्ज कर करीब 17 साल जय प्रकाश रावत यहां सांसद रहे। इसके अलावा साल 1998, 2004 और 2009 के चुनावों में समाजवादी पार्टी की ऊषा वर्मा चुनाव जीतकर करीब 11 साल सांसद रहीं। साल 2014 में मोदी लहर में भाजपा के अंशुल वर्मा भी पांच साल सांसद रहे।



# सत्ता विरोधी लहर
## डूबेंगे या पार लगेंगे पटनायक

मनोज त्रिपाठी


**अमृत विचार।** ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ हो रहे हैं। राज्य की 21 लोकसभा सीटों और 147 विधानसभा सीटों के लिए 13 मई से 1 जून के बीच चार चरणों में वोट डाले जाएंगे। पहले चरण के लिए 13 मई, दूसरे चरण में 20 मई, तीसरे चरण में 25 मई और चौथे चरण में पहली जून को जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी। 13 मई को चार लोकसभा सीटों कालाहांडी, नवरंगपुर, बेरहमपुर और कोरापुट में वोटिंग होगी तो 20 मई को बारगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का लोकसभा सीट पर मतदान होगा। 25 मई को छह लोकसभा सीटों संबलपुर, क्योंझर, ढेंकनाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर में मतदाता वोट डालेंगे। पहली जून को राज्य की बची छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर में वोटिंग होगी। इसी तरह चार चरणों में विधानसभा चुनाव के लिए 13 मई को 28 विधानसभा सीटों पर वोटिंग तो 20 मई को 35 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। 25 मई को 42 सीटों और पहली जून को राज्य की शेष बची 42 विधानसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे। लोकसभा में जहां 60 फीसदी सीटों पर बीजेडी, भाजपा और कांग्रेस में त्रिकोणात्मक संघर्ष की तस्वीर उभर रही है, वहीं विधानसभा की लगभग 50 फीसदी सीटों पर बीजेडी और भाजपा के सीधे संघर्ष में कांग्रेस तीसरा कोण बनाती नजर आ रही है। राज्य में यह पहला मौका है, जब पिछले पांच बार से चुनाव जीत रही बीजेडी को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ा है। भाजपा लोकसभा की ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के साथ विधानसभा चुनाव में भी पार्टी के लिए कड़ी चुनौती पेश कर रही है, तो कांग्रेस इस लड़ाई में अपने लिए बाजीगर जैसी भूमिका तलाश रही है।


**3.32** करोड़ कुल मतदाता
**1.68** करोड़ पुरुष मतदाता
**1.64** करोड़ महिला मतदाता
**7.54** लाख फर्स्ट टाइम वोटर

**2019 लोकसभा चुनाव में दलीय परिणाम**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| बीजेडी | 12 | 1,01,74,021 |
| भाजपा | 08 | 91,30,768 |
| कांग्रेस | 01 | 32,85,339 |

**विधान सभा चुनाव- 2019 परिणाम**




## पिछले चुनाव में सिर्फ 4.4 % वोटों से पिछड़ गई थी भाजपा

ओडिशा लोकसभा में 21 सांसद भेजता है। इन 21 लोकसभा सीटों में तीन एससी और पांच एसटी के लिए आरक्षित हैं। बीजेडी 2009 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग हो गई थी। इस बार पार्टी ने चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए भाजपा के साथ हाथ मिलाने के लिए कोशिश की पर समझौता परवान नहीं चढ़ पाया।

2019 के लोकसभा चुनावों में बीजेडी ने 42.8 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए राज्य की 21 में से 12 सीटें जीत ली थीं। भाजपा ने आठ सीटों पर कमल खिलाया था। पार्टी को 38.4% वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस एक सीट ही जीत पाई थी। उसने 13.4% वोट प्राप्त किए थे। इस बार भी ओडिशा में यही तीन पार्टियां चुनावी लड़ाई में आमने-सामने हैं। लोकसभा की एक दर्जन सीटों पर बीजेडी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय टक्कर मानी जा रही है, जबकि नौ सीटों पर मुकाबला बीजेडी और भाजपा के बीच सीधे संघर्ष में सिमटता नजर आ रहा है।

भाजपा ने इस बार अपने चार सांसदों को दोबारा मौका नहीं दिया है। संबलपुर से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस के दुलाल चंद्र प्रधान और बीजेडी के प्रणब प्रकाश दास की चुनौती है। पुरी से भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के सामने बीजेडी ने मौजूदा सांसद पिनाकी मिश्र की जगह पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण पटनायक को उतारा है, कांग्रेस ने सिद्धार्थ राउत्रे को टिकट दिया है। केंद्रपाड़ा से भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा किस्मत आजमा रहे हैं। यहां उनके मुकाबले में बीजेडी के अंशुमन मोहंती हैं। भुवनेश्वर से अपराजिता सारंगी दोबारा मैदान में हैं, यहां उनका मुकाबला बीजेडी के मन्मथ राउद्रे से है। सुंदरगढ़ से जुएल उरांव जैसे पुराने नेता पर दांव खेला है। पार्टी ने बीजेडी छोड़कर आए कटक के मौजूदा सांसद भर्तृहरि महताब को कटक से ही उतारा है।

### गठबंधन भाजपा और बीजेडी की मजबूरी थी पर सीट शेयरिंग की जिद व कार्यकर्ताओं में दूरी थी


- लोकसभा और विधानसभा चुनाव के रण में बीजेडी और नवीन पटनायक पर जमकर हमले करने के बाद भी भाजपा ने चुनाव बाद बीजेडी के साथ अनौपचारिक समझौते का द्वार खुला रखा है। दोनों दलों में गठबंधन और सीट समझौता टूटने के बाद भी पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीय महत्व के कई मामलों में मोदी सरकार को समर्थन देने के लिए पार्टी ने बीजेडी के प्रति आभार जताया था। रणनीति के तहत ही समझौते की बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो बार ओडिशा आए पर नवीन पटनायक या उनकी सरकार के बारे में एक शब्द नहीं कहा। उल्टा नवीन को "मेरे मित्र" कहकर संबोधित किया और "लोकप्रिय मुख्यमंत्री" बताया था। दरअसल दोनों पार्टियों के बड़े नेता तो गठबंधन के लिए उत्सुक थे जबकि आम कार्यकर्ता इससे नाराज़ थे। भाजपा "अबकी बार, 400 पार" लक्ष्य के साथ राज्य सरकार में भागीदारी के लिए गठबंधन चाहती थी, तो बीजेडी भी समझ रही थी कि इस बार के चुनाव में पार्टी की स्थिति पहले जैसी नहीं है। लेकिन लोकसभा में भाजपा के ज्यादा सीट मांगने के कारण बात परवान नहीं चढ़ पाई।

### राजघरानों के एक दर्जन सदस्य चुनावी समर में बीजेडी ने सबसे ज्यादा 10 को दिया है मौका

- ओडिशा के चुनाव में इस बार राजघरानों के एक दर्जन सदस्य चुनावी मैदान में किस्मत आजमाने उतरे हैं। प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी बीजू जनता दल ने सबसे ज्यादा सात शाही परिवार के सदस्यों को टिकट दिया है। भाजपा ने चार और कांग्रेस ने एक राजघराने के सदस्य को चुनावी समर में उतारा है। राजघरानों के 10 सदस्य विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि दो लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे हैं। बीजेडी से धाराकोटे शाही परिवार के दिग्गज नेता स्व. एएन सिंहदेव की 28 वर्षीय पौत्री सुलक्षणा गीतांजलि देवी सनाखेमुंडी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा विधायक रमेश चंद्र जेना से है। चिकिती विधानसभा से चिकिती के शाही परिवार की वंशज उषा देवी के बेटे चिन्मयानंद श्रीरूप देब भी बीजेडी से मैदान में हैं। अभी इस सीट से उनकी मां उषा देवी विधायक हैं। बीजेडी से ही देवगढ़ के राजा और भाजपा के संबलपुर सांसद नितेश गंगा देव की पत्नी रानी अरुंधति देवी देवगढ़ विधानसभा सीट से प्रत्याशी हैं। बीजेडी के टिकट पर चुनावी समर में औल शाही परिवार के सदस्य प्रताप देब औल सीट से तो नयागढ़ विधानसभा सीट से प्रत्यूषा राजेश्वरी उतरी हैं। इसी तरह पुष्पेंद्र सिंह देव धर्मगढ़ विधानसभा सीट और अंगुल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक शाही परिवार के रजनीकांत की पत्नी संजुक्ता सिंह उम्मीदवार हैं। बोलांगीर से दो बार के सांसद कलेश नारायण सिंह देव भी बीजेडी से इस बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने बोलांगीर लोकसभा सीट से यहां के शाही परिवार की मौजूदा सांसद संगीता कुमारी सिंह पर फिर से दांव लगाया है। संगीता चार बार इस सीट को जीत चुकी हैं। उनके पति केवी सिंह को भाजपा ने पटनागढ़ विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। पार्टी ने कालाहांडी लोकसभा सीट से शाही परिवार के पूर्व सांसद केशरी देव की पत्नी मालविका केशरी देव को टिकट दिया है।

**2014 में दलीय परिणाम और वोट**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| बीजेडी | 20 | 94,91,497 |
| भाजपा | 01 | 46,38,619 |
| कांग्रेस | 00 | 55,93,123 |
| अन्य | 00 | 18,09,036 |








400 पार जीतेंगे : नई दिल्ली में भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने मोती नगर में रोड शो करने के दौरान जब अपने तेवर और अंदाज दिखाए तो लोगों के बीच बरबस ही उनकी मां भाजपा की वरिष्ठ नेता रहीं स्व. सुषमा स्वराज की यादें ताजा हो गईं।

## राजस्थान में पांच सीटों पर भाजपा का कड़ा इम्तिहान

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राजस्थान में 13 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। इनमें पांच सीटों पर सभी की नजर लगी है। जोधपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत का मुकाबला कांग्रेस के करण सिंह उजियारा से हो रहा है। दोनों के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है। कोटा-बूंदी सीट पर भाजपा के ओम बिरला और कांग्रेस के प्रहलाद गुंजल के बीच भी संघर्ष बताया जा रहा है। जालोर-सिरोही सीट पर कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत का चैन भाजपा के लुंबाराम चौधरी ने छीन रखा है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट भी चर्चा में है। यहां भाजपा के महेंद्रजीत सिंह मालवीय की बाप पार्टी के राजकुमार रोत से टक्कर है। राजकुमार को कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है। सबसे चर्चित सीट बाड़मेर-जैसलमेर है, जहां त्रिकोणीय मुकाबले में सबकी निगाह निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्र सिंह भाटी पर है, जिन्होंने भाजपा-कांग्रेस दोनों की नींद उड़ा रखी है।

## छठवीं बार मुख्यमंत्री बनने में 'एंटी इनकंबेंसी' बन रही कठिन चुनौती



- **विधान सभा चुनाव जीतने पर देश में सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने के मामले में पहले नंबर पर आ जाएंगे नवीन पटनायक**

विधानसभा चुनाव में बीजू जनता दल (बीजेडी) के सामने लगातार छठी बार बहुमत हासिल करने की चुनौती है। अगर इस बार भी बीजेडी चुनाव जीतती है, तो राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक चार माह बाद सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को पछाड़ कर सबसे लंबे समय तक सरकार चलने के मामले में पहले नंबर पर आ जाएंगे। इसके साथ ही लगातार छठी बार विधानसभा चुनाव जीतने का अनोखा रिकॉर्ड भी उनके नाम हो जाएगा। लेकिन पिछले पांच बार आसानी से चुनाव जीतने वाले नवीन पटनायक इस बार अपने राजनीतिक जीवन की सबसे कठिन चुनौती का सामना कर रहे हैं। 24 साल में पहली उन्हें और उनकी पार्टी बीजेडी को राज्य में 'एंटी इनकंबेंसी' से जूझना पड़ रहा है। हालांकि पटनायक की लोकप्रियता में खास कमी नहीं आई है, लेकिन लगातार सत्ता में रहने के कारण उनके विधायक और सांसद अपने क्षेत्रों में लोगों की आंकक्षाओं पर खरे नहीं उतरने के कारण और स्थानीय समस्याओं के चलते भरोसा और समर्थन खोते नजर आ रहे हैं।

इस 'एंटी इनकंबेंसी' से निपटने के लिए बीजेडी ने चेहरे बदलने का खेल खेला है। लोकसभा और विधानसभा प्रत्याशियों की सूची में भाजपा और कांग्रेस से आए नेताओं को बड़ी संख्या में मौका दिया है। बीजेडी के लोकसभा और विधान सभा प्रत्याशियों की सूची में एक तिहाई टिकट अन्य पार्टियों से आए नेताओं को दिए गए हैं। इसका परिणाम यह भी हो रहा है कि टिकट की आस लगाए बैठे बीजेडी के कई नेता टिकट न मिलने की नाराजगी में भाजपा में शामिल हो चुके हैं, तो कुछ बीजेडी नेता खुलेआम घोषित प्रत्याशियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं या निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतर गए हैं। इसका नुकसान भी पार्टी को हो सकता है।

### मोदी के विजन-2047 की तर्ज पर ओडिशा को 2036 में नंबर वन राज्य बनाने का वादा

- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को यूं ही राजनीति का बड़ा खिलाड़ी नहीं माना जाता है। इस बार के चुनाव में 'एंटी इनकंबेंसी' का फैक्टर भलीभांति समझते और भाजपा द्वारा 25 साल के कामकाज पर जारी चार्जशीट का मुकाबला करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विज़न 2047' की तर्ज पर 2036 तक ओडिशा को विकसित राज्य बनाने की कसम खाई है। अपने चुनावी अभियान की शुरूआत उन्होंने इसी दांव से की है। वह लोगों से कह रहे हैं कि बीजेडी को छठी बार मौका देने पर जब राज्य 2036 में अपने गठन के 100 साल पूरे करेगा तो देश में नंबर एक विकसित प्रदेश होगा। भाजपा के डबल इंजन सरकार के जवाब में वह मतदाताओं से बीजेडी के चुनाव निशान शंख को डबल आशीर्वाद, एक वोट लोकसभा और दूसरा विधानसभा चुनाव के लिए मांग रहे हैं। पटनायक हर चुनावी चाल सधे अंदाज में चल रहे हैं। 2019 में भाजपा ने पश्चिमी ओडिशा में कालाहांडी, बलांगीर, बारगढ़, संबलपुर व सुंदरगढ़ लोकसभा सीटें जीत ली थीं। भाजपा की फिर से पिछला प्रदर्शन दोहराने की संभावनाओं को रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने हिन्जिली की परंपरागत सीट के साथ बलांगीर की कांटाबांजी विधानसभा क्षेत्र से भी उतरने का फैसला लिया है।

## सतना में त्रिकोणीय, रीवा में सीधे मुकाबले के आसार

चुनाव डेस्क

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छह लोकसभा सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 26 अप्रैल को मतदान होना है। 2019 के चुनाव में यह सभी छह सीटें भाजपा ने जीती थीं। इन छह सीटों में सबसे रोचक मुकाबला सतना और रीवा में होता नजर आ रहा है। पहले चरण के चुनाव में कम मतदान होने के कारण इस चरण में चुनाव आयोग के साथ भाजपा और कांग्रेस ने भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए हैं।

- मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छह लोकसभा सीटों पर आज मतदान
- सतना में चार बार के सांसद गणेश सिंह और कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा की जंग में पूर्व विधायक बसपा के नारायण त्रिपाठी बने तीसरा कोण
- रीवा में भाजपा-कांग्रेस के ब्राह्मण प्रत्याशियों में घमासान, भाजपा सासंद की जीत की हैट्रिक रोकने में कांग्रेस की पूर्व विधायक ने लगाई ताकत

भाजपा से सतना लोकसभा पर चार बार के सांसद गणेश सिंह चुनाव मैदान में है। उनके मुकाबला कांग्रेस के सतना से विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा मजबूती से कर रहे हैं। पिछले चुनावों में गणेश सिंह को इकलौता ओबीसी प्रत्याशी होने का भी लाभ मिलता था, लेकिन इस बार कांग्रेस का प्रत्याशी भी ओबीसी है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी नारायण त्रिपाठी भी कहीं से कमजोर नहीं नजर आ रहे हैं। इस सीट पर कुल 14 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मजेदार बात यह है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा सांसद गणेश सिंह को सिद्धार्थ कुशवाहा ने 4041 मतों से हरा दिया था। ऐसे में इस बार दोनों प्रत्याशियों के बीच संघर्ष प्रतिष्ठा और बदले के साथ ओबीसी वर्ग में वर्चस्व से भी जुड़ गया है। लेकिन इस लड़ाई के समीकरण पांचवीं बार दल बदलकर बसपा से उतरे नारायण त्रिपाठी ने गड़बड़ा दिए हैं। मैहर विधानसभा से चार बार के विधायक रहे नारायण के कारण अब यहां संघर्ष त्रिकोणीय हो गया है। सतना सीट पर ठाकुर मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

### हैट्रिक के लिए लड़ रहे जनार्दन



रीवा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा दोनों के ब्राह्मण प्रत्याशियों के कारण मुकाबला दिलचस्प स्थिति में पहुंच गया है। भाजपा से मौजूदा सांसद जनार्दन मिश्र चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार वह जीत की हैट्रिक लगाना चाहते हैं। कांग्रेस से उनका मुकाबला नीलम अभय मिश्रा कर रही हैं। नीलम मिश्रा ने 2013 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में सेमरिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। वर्तमान में उनके पति अभय मिश्रा सेमरिया से विधायक हैं। बसपा के अभिषेक पटेल दो ब्राह्मणों की इस जंग में तीसरा कोण बनाने के लिए सजातीय और कैडर वोट को गोलबंद करने में लगे हैं। जानकारों का कहना है कि शुरू में इस सीट पर भाजपा का पलड़ा भारी नजर आ रहा था, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ा कांग्रेस उम्मीदवार के कारण समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। अब भाजपा-कांग्रेस की सीधी टक्कर में मौजूदा सांसद को पीएम मोदी और सीएम मोहन यादव का ही सहारा है।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
**रामपुर :** शिवालिक-995 फ्लैग- 1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1160

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74150 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55250-55450 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 82,300 |

### उत्पादन क्षमता वृद्धि को डिविज लैब करेगी 700 करोड़ निवेश

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी डिविस लैबोरेटरीज ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ने के लिए 700 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा कि वह एक ग्राहक के साथ दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता करने की प्रक्रिया में है और 650 से 700 करोड़ तक का निवेश कर अपनी विनिर्माण इकाई की क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी यह राशि आंतरिक स्रोतों से जुटाएगी। प्रस्तावित इकाई के जनवरी, 2027 के आसपास परिचालन में आने की संभावना है।

### गोदरेज को मिले 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के ठेके

**नई दिल्ली।** गोदरेज को 2023-24 में बिजली और बुनियादी ढांचा कारोबार के 1,000 करोड़ से अधिक के ठेके मिले। प्रत्येक ठेकों का मूल्य 100 से 400 करोड़ रुपये के बीच था। गोदरेज इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं व्यवसाय प्रमुख राघवेंद्र मिर्जी ने कहा कि हम अपने हालिया ठेकों से खुश हैं, जिसने 400 केवी से अधिक के खंड में हमारी उपस्थिति को और मजबूत किया है। इनमें पूरे भारत में एयर इंसुलेटेड स्विचगियर और गैस इंसुलेटेड स्विचगियरसबस्टेशन आदि के ठेके शामिल थे।

# भौगोलिक संकेत से सात और कृषि उत्पादों की पहचान हुई आसान

## बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, जौनपुर की इमरती या बनारस की बर्फी को मिला जीआई टैग

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

**अमृत विचार:** बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, जौनपुर की इमरती हो या बनारस की तिरंगी बर्फी, लाल भरुआ मिर्च, चिरई गांव का करौंदा, लाल पेड़ा व ठंडई की पहचान आसान हो गई है।

इन प्रसिद्ध कृषि उत्पादन वाले क्षेत्रों को भौगोलिक संकेत यानी जीआई से रजिस्ट्री मुख्यालय चेन्नई ने पंजीकृत किया है। ये उत्पाद जीआई टैग के लिए लंबे समय से प्रक्रिया में थे। जो पिछले माह कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के सहयोग से पंजीकृत हुए हैं। अब जीआई टैग लगाकर उत्पाद की बिक्री करने के लिए उपयोगकर्ता पंजीकृत किए जाएंगे। जिन्हें एक चिन्ह व कोड मिलेगा। इसी आधार पर उत्पाद की विशिष्ट पहचान यानी उत्पाद का स्थान और अधिकृत उपयोगकर्ता आदि की पूरी जानकारी होगी।

Geographical Indication of India Logo
अतुल्य भारत की अमूल्य निधि
Invaluable Treasures of Incredible India

- **कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के सहयोग से पंजीकृत हुए सभी उत्पाद**

**इन उत्पादों को ये मिला कोड**
बुंदेलखंड कठिया गेहूं 819, बनारस का लाल भरवा मिर्च 823 व इसी जिले का चिरई गांव करौंदा 833, लाल पेड़ा 853, ठंडई 1000, तिरंगी बर्फी 941, जौनपुर इमरती 999।

"पिछले माह सात और कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत हुए हैं। अब संबंधित क्षेत्रों में जीआई टैग लेने के लिए उपयोगकर्ता का पंजीयन करा रहे हैं। इससे इनके प्रसिद्ध उत्पादों की पहचान होगी और कोई दूसरा इन नामों से बिक्री नहीं कर पाएगा।
**-डॉ. सुग्रीव शुक्ला,** उपनिदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय

**प्रदेश के 20 कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत :** उत्तर प्रदेश में कुल 20 कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत हुए हैं। इससे पहले पंजीकृत हुए 13 उत्पादों के 3035 उपयोगकर्ता बन चुके हैं और उत्पादन के साथ टैग लगाकर बिक्री की जा रही है। इनमें बनारस का लंगड़ा आम, प्रतापगढ़ ऑवला, आदमचीनी चावल, बनारस पान, रामनगर भांटा, मुज्जफरनगर गुड़ व हाथरस हींग है।

## वोडाफोन-आइडिया का राशि जुटाना कंपनी में जान फूंकने जैसा

**मुंबई।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने गुरुवार को कहा कि वोडाफोन-आइडिया का 18,000 करोड़ रुपये जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा है। बिड़ला ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के सूचीबद्ध कार्यक्रम में कहा कि कंपनी अपने नेटवर्क को बढ़ाने और चुनिंदा 5जी सेवाओं को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी बिड़ला ने हां में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह कंपनी में एक तरह से नई जान फूंकने जैसा होगा।



## भारत के विकसित होने से खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या होगी कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में कम गंभीर होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति शृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं।

भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीति के कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस समस्या उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी।



विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति शृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी। आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होना रहा। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.66 थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि मुद्रास्फीति 2024-25 में घटकर 4.5 प्रतिशत हो जाएगी। यह 2023-24 में 5.4 प्रतिशत और 2022-23 में 6.7 प्रतिशत थी।

# नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के नमूने ले रहा एफएसएसएआई : सीईओ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने गुरुवार को कहा कि वह नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के भारत से नमूने ले रहा है। हाल ही में रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कंपनी उत्पाद में अधिक चीनी डाल रही है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जी. कमला वर्धन राव ने खाद्य सुदृढ़ीकरण पर एसोचैम के कार्यक्रम में कहा कि हम शिशु आहार के नमूने ले रहे हैं। प्रक्रिया पूरी होने में 15-20 दिन लगेंगे। एफएसएसएआई स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन वैधानिक निकाय है। स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क' ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि नेस्ले ने भारत सहित कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे।

**नेस्ले इंडिया का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 934 करोड़**
**नई दिल्ली।** दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया का चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 934 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 737 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय बढ़कर 5,267 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 4,830 करोड़ रुपये थी।

## भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 % बढ़ा

**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़कर 345 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि चीन का निर्यात 10.1 प्रतिशत घटकर 381 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यूएनसीटीएडी की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की सेवा निर्यात वृद्धि में योगदान देने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, चिकित्सकीय और आतिथ्य हैं। यूएनसीटीएडी त्रैमासिक बुलेटिन में कहा गया, मौजूदा डॉलर मूल्य के संदर्भ में 8.9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ वैश्विक सेवा निर्यात 2023 में 7900 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है।

# एक लाख करोड़ डॉलर का वस्तु निर्यात पाने के लिए काम कर रहा मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य मंत्रालय ने बुनियादी ढांचे की जरूरतों, संभावित क्षेत्रों और संकुलों को चिह्नित करने के लिए काम शुरू किया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इससे देश को 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के वस्तु निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव अनंत स्वरूप ने कहा कि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से अध्ययन करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने उद्योग मंडल सीआईआई के कार्यक्रम में कहा कि यदि देश 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के निर्यात का लक्ष्य बना रहा है, तो 1.5 लाख करोड़ डॉलर के आयात की संभावना है। ऐसे में 2.5 लाख करोड़ डॉलर के निर्यात और आयात को पूरा करने के लिए क्या हमारे पास पर्याप्त क्षमता है। जो अधिक महत्वपूर्ण है वह यह है कि एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात कहां से आने वाला है, वे कौन से क्षेत्र और संकुल हैं जहां से एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात होने वाला है।

**मजबूत अर्थव्यवस्था, मूल्य स्थिरता से वृद्धि को मिल रहा समर्थन: वित्त मंत्रालय**
**नई दिल्ली।** अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों के बीच मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिलना जारी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है। मंत्रालय ने मार्च महीने की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और रिजर्व बैंक ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है और भारत सबसे तेजी से बढ़ रही प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### पति का अपनी पत्नी के स्त्रीधन पर कोई अधिकार नहीं : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पति का अपनी पत्नी के स्त्रीधन पर कोई अधिकार नहीं होता और भले ही वह संकट के समय इसका उपयोग कर सकता है, लेकिन उसका नैतिक दायित्व है कि वह इसे लौटाए। कोर्ट ने महिला को उसका 25 लाख मूल्य के जेवर लौटाने के निर्देश भी उसके पति को दिया। महिला ने दावा किया था कि शादी के समय उसके परिवार ने 89 सोने के सिक्के उपहार में दिए थे। उसके पिता ने पति को दो लाख का चेक भी दिया था। शादी की पहली रात पति ने उसके आभूषण ले लिए और सुरक्षित रखने के बहाने अपनी मां को दे दिए। पति और उसकी मां ने कर्ज चुकाने में उसके सारे जेवर का दुरुपयोग किया। कुटुम्ब अदालत ने 2011 में कहा था कि पति और उसकी मां ने महिला के आभूषण का दुरुपयोग किया और इसलिए वह इसकी भरपाई करें। केरल हाईकोर्ट ने कुटुम्ब अदालत के आदेश को रद करते हुए कहा कि महिला आभूषणों की हेराफेरी को साबित नहीं कर पाई। तब महिला ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने कहा कि स्त्रीधन पत्नी और पति की संयुक्त संपत्ति नहीं है और पति के पास इस पर अधिकार या प्रभुत्व का अधिकार नहीं है।

### धनखड़ ने दिलाई नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी। राज्यसभा सचिवालय ने बताया कि धनखड़ ने नवनिर्वाचित देवेंद्र प्रताप सिंह, तेजवीर सिंह और महेंद्र भट्ट को सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। नवनिर्वाचित सदस्यों को संसद भवन में सभापति के कक्ष में शपथ दिलायी गयी।

### बलिया में कार पलटने से चार की मौत

**बलिया।** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के फेफना क्षेत्र में एसयूवी के पलटने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जिले चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के बढ़वलिया गांव के कमलेश यादव (36), राजू यादव (30), छोटू यादव (30), फेफना थाना क्षेत्र के तीखा निवासी रितेश गोंड (32) और गाजीपुर जिला के सत्येंद्र यादव (40) बुधवार देर रात टाटा सफारी कार लेकर फेफना से चितबड़ागांव जा रहे थे कि तभी फेफना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर निजी ढाबे के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई तथा खेत में पलट गई। वहीं कार सवार सतेन्द्र, राजू और कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मृतकों व दो घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने घायलों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। मऊ ले जाते समय रास्ते में रीतेश की मौत हो गई। छोटू यादव को वाराणसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### स्कूल को मधुशाला बनाने वाला शिक्षक निलंबित

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में बीते रोज सराज के सोबली में शराब पीकर स्कूल पहुंचे जेबीटी अध्यापक के खिलाफ शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया गया है। जांच में सामने आया कि यह शिक्षक पहले भी नशे में धुत्त होकर स्कूल आता रहा है। जिस पर एसएमसी ने शिक्षक पर कार्रवाई की। शिक्षक ने इसके लिए माफी भी मांगी थी। प्राम्भिक शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि मामला सामने आने के बाद विभाग ने संबंधित शिक्षा खंड बगस्याड़ से रिपोर्ट लेकर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

### दुर्घटनावश गोली चलने से जवान की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से सुरक्षाबल के एक जवान की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाके में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) दंतेवाड़ा के जवान जोगराज कर्मा की मौत हो गई तथा आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए। दंतेवाड़ा के बारसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हांदावाडा और हितावड़ा क्षेत्र में माओवादियों की सूचना पर बुधवार को दल को गश्त पर रवाना किया गया था।

# आबकारी घोटाले से संबंधित आय की मुख्य लाभार्थी आप : ईडी

## निदेशालय ने कोर्ट से कहा- केजरीवाल के जरिए किया गया धनशोधन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली की कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित उत्पन्न अपराध की आय की प्रमुख लाभार्थी है और उसने अपने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन किया है।

ईडी ने दावा किया कि अब तक हुई जांच से पता चला है कि अपराध की आय का एक हिस्सा लगभग 45 करोड़ रुपये नकद का उपयोग 2022 में आप के गोवा विधानसभा चुनाव में किया गया था। कोर्ट में दायर ईडी के हलफनामे पर आप ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी झूठ बोलने वाली मशीन बन गई है। घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में दायर हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि गोवा में आप के अभियान में शामिल विभिन्न व्यक्तियों के बयानों से पता चला है कि सर्वेक्षण कार्यकर्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक, विधानसभा प्रबंधक आदि के रूप में उनके द्वारा किए गए काम के लिए उन्हें नकद भुगतान किया गया था।

एजेंसी ने कहा कि आप ने अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन का अपराध किया है और इस प्रकार के अपराध पीएमएलए 2002 के धारा 70 के तहत आते हैं। धनशोधन रोकथाम कानून, 2002 की धारा 70 कंपनियों द्वारा किए गए अपराधों से संबंधित है। पार्टी जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 29-ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर केजरीवाल चुनाव में इस्तेमाल होने वाले धन के लिए जिम्मेदार थे। न सिर्फ पार्टी के पीछे केजरीवाल का दिमाग है बल्कि प्रमुख गतिविधियों को भी वही नियंत्रित करते हैं।

**आबकारी नीति घोटाला**



**आरोप निर्धारण के विरूद्ध उच्च न्यायालय गए अरूण पिल्लै**
**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में आरोपी हैदराबाद के व्यापारी अरूण रामचंद्र पिल्लै ने गुरुवार को एक अधीनस्थ अदालत के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें सीबीआई की जांच पूरी होने तक बहस शुरू नहीं करने की उनकी अर्जी खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने इस याचिका पर सीबीआई से उसका रूख जानना चाहा और इसे अगली सुनवाई के वास्ते तीन मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

## संदेशखालि मामले में सीबीआई ने दर्ज की पहली प्राथमिकी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने प. बंगाल के संदेशखालि में पांच प्रभावशाली लोगों के खिलाफ जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध पहला मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह मामला भूमि हड़पने का है जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं को प्रभावशाली लोगों से यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। सीबीआई ने पांच आरोपियों और पीड़ितों की पहचान अब तक उजागर नहीं की है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच का आदेश दिया था और कहा था कि न्याय के हित में निष्पक्ष जांच जरूरी है। सीबीआई ने शिकायत के लिए ईमेल आईडी जारी की थी, जिसमें बड़ी संख्या में शिकायतें मिलीं। एजेंसी ने आरोपों का पता लगाने और उन मामलों को दर्ज करने के लिए संदेशखालि में एक टीम भेजी थी, जहां आरोपों को प्रथम दृष्टया सत्यापित किया जा सके।

# पटना के होटल में लगी आग छह की मौत, दो लोग गंभीर

**पटना, एजेंसी**

बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप होटल में गुरुवार को भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो की हालात गंभीर है।

पुलिस अधीक्षक (पटना सेंट्रल) चंद्र प्रकाश ने बताया कि अब तक छह लोगों की मौत हुई है, जिनमें तीन महिलाएं हैं। दो अन्य व्यक्तियों की हालत है जबकि बाकी घायल खतरे से बाहर हैं। एसपी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष टीम बुलाई गई है।

एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित बहुमंजिला इमारत से अग्निशमन कर्मियों द्वारा 20 से अधिक लोगों को बचाया गया है। अग्निशमन दस्ते ने आग पर काबू पा लिया है। अग्निशमन दस्ते का नेतृत्व कर रहे उपमहानिरीक्षक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने रसोई गैस सिलेंडर से आग लगने की बात बताई है पर आग कैसे लगी, इस बारे में पता नहीं लग पाया है। जांच के बाद ही कारण की जानकारी हो सकेगी। पटना डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने पटना मेडिकल कालेज अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक को भर्ती घायलों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि सभी होटल और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में अग्निशमन की तैयारियों का ऑडिट कराने का आदेश दिया गया है।



- **मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल जांच के लिए बुलाई गई विशेष टीम**

# मुसलमानों को आरक्षण पर कर्नाटक के मुख्य सचिव को तलब करेगा एनसीबीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **आयोग ने पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने पर सरकार के फैसले की आलोचना की**
- **इस तरह का वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है : आयोग अध्यक्ष**

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को दिए आरक्षण पर राज्य के मुख्य सचिव को तलब करेगा। आयोग अध्यक्ष हंसराज अहीर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एनसीबीसी ने मुस्लिम समुदाय को पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह का वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है।

एनसीबीसी अध्यक्ष अहीर ने कहा कि कर्नाटक में मुस्लिम धर्म की जातियों को सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग माना जा रहा है और उन्हें पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय (बी) के तहत अलग से सूचीबद्ध किया गया है। यह उन्हें संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और राज्य की सेवाओं में पदों और रिक्तियों पर आरक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। एनसीबीसी ने इस पर बल दिया कि वास्तव में मुस्लिम समुदाय में कुछ वर्ग ऐसे हैं जो वंचित हैं और ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर हैं, लेकिन पूरे धर्म को पिछड़ा मानने से मुस्लिम समाज के भीतर विविधता और जटिलताओं की अनदेखी होती है। इस मामले पर राज्य सरकार से मिली प्रतिक्रिया संतोषजनक नहीं है और वह इस कदम पर स्पष्टीकरण देने के लिए कर्नाटक के मुख्य सचिव को बुलाएंगे।

कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार मुस्लिम धर्म के भीतर सभी जातियों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय(बी) के तहत सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। आयोग ने पिछले साल शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए कर्नाटक की आरक्षण नीति की समीक्षा की थी। सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में मुस्लिमों सहित पिछड़े वर्गों को 32 प्रतिशत आरक्षण देता है, एनसीबीसी ने ऐसा दृष्टिकोण पर जोर दिया जो इन समुदायों में विविधता को ध्यान में रखे।

# अधिकारी बन एमएनसी की पूर्व निदेशक से 25 करोड़ ठगे

**मुंबई, एजेंसी**

- **पीड़िता ने अपनी और अपने मां के शेयर बेचे, म्यूचअल फंड से राशि निकाली और गोल्ड लोन लेकर ठगों के बताए खाते में डाला**

महाराष्ट्र में एमएनसी की पूर्व निदेशक से साइबर धोखेबाजों ने 25 करोड़ ठग लिए। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि मुंबई की महिला को धोखेबाजों ने पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर कहा कि धन शोधन के मामले में उसके खिलाफ जांच चल रही है। यह मामला हाल के समय में लोगों को निशाना बनाकर की गई सबसे बड़ी साइबर धोखाधड़ी में से एक है।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने जालसाजों को पैसे चुकाने के लिए अपनी और अपने मां के शेयर बेच दिए, म्यूचअल फंड में निवेश राशि निकाली और गोल्ड लोन भी लिया। यह घटनाक्रम छह फरवरी से शुरू होकर दो महीने के दौरान हुआ। पश्चिम मुंबई की शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को दूरसंचार विभाग का अधिकारी बताते हुए महिला से कहा कि उसके तीन नंबर बंद कर दिए जाएंगे। पीड़िता ने कारण पूछा तो बताया कि वह पुलिस से उनकी बात करा रहा है। दूसरे व्यक्ति ने पुलिस बनकर कहा उन्हें धन शोधन की शिकायत मिली और पीड़िता का मोबाइल नंबर व आधार कार्ड मामले से संबद्ध है। इसके बाद आरोपी ने दूसरे को कॉल ट्रांसफर की, जिसने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा कि अगर वह मामले से बाहर निकलना चाहती हैं तो उसे उनके बताये बैंक खाते में पैसे जमा कराने होंगे। जालसाजों ने पीड़िता के नाम पर चालू खाता भी खुलवाया और महिला से उसमें पैसे जमा कराए। पुलिस ने बताया कि महिला ने खाते में 25 करोड़ हस्तांतरित किए। पीड़िता ने मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाने ने जांच शुरू की और 31 बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं।

# सट्टेबाजी एप पर आईपीएल प्रसारण में पुलिस ने तमन्ना को किया तलब

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी एप्लिकेशन के सहायक एप पर आईपीएल मैच देखने के कथित प्रचार करने के संबंध में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को समन किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री तमन्ना को 29 अप्रैल को साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। फेयरप्ले सट्टेबाजी एप पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच को देखने के लिए किए गए प्रचार के संबंध में तमन्ना को तलब किया गया है। अधिकारियों ने इस संबंध में दर्ज कराई गई शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि 2023 में फेयरप्ले सट्टेबाजी एप पर कुछ आईपीएल मैचों का अवैध रूप से प्रसारण किया गया था।



## बिहार : पटना में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

**पटना।** जिले के पुनपुन इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने जनता दल(यू) के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। मसौढ़ी अनुमंडल के पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) कन्हैया सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान सौरव कुमार के रूप में की गई है। उनके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति मुनमुन कुमार घायल हो गए हैं। यह घटना गुरुवार की रात 12 बज कर 15 मिनट पर हुई जब सौरव, मुनमुन के साथ पुनपुन क्षेत्र के परसा बाजार में शादी समारोह से लौट रहे थे। तभी हमलावर आये और उनपर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी।



## आज का मुकाबला

कोलकाता नाइटराइडर्स
बनाम
पंजाब किंग्स
समय : शाम 7 : 30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके) | 08 | 349 |
| ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल) | 09 | 342 |

### पर्पल कैप


| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

# केकेआर के गेंदबाजों पर रहेंगी नजरें

कोलकाता, एजेंसी

खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है।

पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है। केकेआर के लिए शीर्षक्रम पर सुनील नारायण (176.54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन) और फिल साल्ट (169.38 की औसत से 249 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया है। आंद्रे रसेल (184.52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन) ने भी रन बनाए हैं। रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिए हैं।

● खराब फॉर्म से जूझ रही है पंजाब किंग्स, अब तक बल्लेबाजी के दम पर जीत रही है केकेआर की टीम

वहीं, दूसरी ओर स्टार्क 11.48 की इकॉनॉमी रेट से रन लुटा रहे हैं और उन्हें छह ही विकेट मिल सके हैं। उन्हें 24 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा गया था और अब उन पर इस रकम के साथ न्याय करने का दबाव होगा। स्टार्क का भरोसा अपनी रफ्तार पर रहा है और वह धीमी गेंद डालने को तैयार नहीं है जिससे बल्लेबाज डैथ ओवरों में उन्हें आसानी से खेल पा रहे हैं।

अगर, पंजाब को जीत की राह पर लौटना है तो केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाना होगा। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और बेयरस्टो फॉर्म में नहीं हैं। आशुतोष और शशांक के बल्ले से ही रन निकल रहे हैं। पंजाब खेमा उम्मीद कर रहा होगा कि शिखर धवन कंधे की चोट से उबरकर जल्दी वापसी करें।

# विशी सर नहीं होते तो आज यहां नहीं होता : गुकेश

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने उनके कैरियर को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को धन्यवाद देते हुए गुरुवार को कहा कि अगर आनंद नहीं होते तो वह आज जिस मुकाम पर हैं, उसके करीब भी नहीं होते।

17 बरस के गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। आनंद के बाद कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले गुकेश ने स्वदेश लौटने के बाद कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। विश्वनाथन आनंद मेरे प्रेरणास्रोत हैं और उनकी अकादमी से काफी फायदा मिला। उन्होंने मेरे कैरियर में अहम भूमिका निभाई और आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके करीब भी नहीं होता अगर वह नहीं होते। गुकेश ने 2020 में स्थापित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में अभ्यास किया है। लिरेन के खिलाफ मुकाबले के बारे में उन्होंने कहा सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि मैं तैयारी कैसे करता हूं। मुझे सही मानसिक तैयारी के साथ उतरना होगा क्योंकि यह बड़ा मैच है। काफी अपेक्षाएं हैं और बहुत कुछ दाव पर है। मुझे खुद पर पूरा भरोसा है और मैं इसी रणनीति के साथ खेलूंगा। उम्मीद है कि यह कारगर साबित होगी।



स्वदेश लौटने पर परिवार से मिलते डी गुकेश। ● एजेंसी

● टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर रचा था इतिहास

● साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को देंगे चुनौती

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.386 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

## इंपैक्ट खिलाड़ी नियम से हरफनमौला की भूमिका खतरे में : अक्षर

नई दिल्ली। बायें हाथ के बेहतरीन स्पिनर होने के साथ सक्षम बल्लेबाज अक्षर पटेल का मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ अक्षर ने 43 गेंद में 66 रन बनाए और कप्तान ऋषभ पंत के साथ दिल्ली कैपिटल्स को संकट से निकालकर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली ने यह मैच चार रन से जीता। अक्षर ने कहा एक हरफनमौला होने के नाते मेरा मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। हर टीम इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर विशुद्ध बल्लेबाज या गेंदबाज चाहती है। हरफनमौलाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा है।



# हैदराबाद के घर में जीती आरसीबी

## स्पिनरों के दम पर 35 रनों से मैच जीतकर बेंगलुरू ने बरकरार रखी प्लेऑफ की उम्मीद

हैदराबाद, एजेंसी

विराट (51), रजत पाटीदार (50) और कैमरन ग्रीन (37) की आतिशी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 41वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रनों हरा दिया है। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने शीर्ष चार में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है।

207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 13 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। एडन मारक्रम (7), नितिश कुमार रेड्डी (13), हाइनरिक क्लासन (7), अब्दुल समद (10), भुवनेश्वर कुमार (13) रन बनाकर आउट हुए। हैदराबाद के बल्लेबाजों विकेट गिरने के बावजूद 10 रनों की औसत को बनाये रखा। लेकिन लगातार गिरते विकेटों के कारण वे आखिरी ओवरों में 10 रनों की औसत काम कामय नहीं रख सके। कप्तान पैट कमिंस ने 15 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुये 31 रन बनाए। शाहबाज अहमद 37 गेंदों में 40 और जयदेव उनादकट आठ रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और मुकाबला 35 रनों से हार गई। बेंगलुरु की ओर से कैमरन ग्रीन, स्वप्निल सिंह और कर्ण शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। यश दयाल और विल जैक्स ने एक-एक बल्लेबाज को किया आउट।

इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया था। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। थंगारासु नटराजन ने डुप्लेसी को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। डुप्लेसी ने 12 गेंदों में 25 रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विल जैक्स (6) पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। 13वें ओवर में उनादकट ने रजत पाटीदार को आउट कर दिया। रजत ने 20 गेंदों में 50 रन बनाए। महिपाल लोमरोर (7), दिनेश कार्तिक (11) बनाकर आउट हुए। स्वप्निल सिंह नाबाद 12 रन और कैमरन ग्रीन ने 20 गेंदों में पांच चौकों की मदद से नाबाद 37 रन बनाए।



लीग मैचों में अब तक मिली दूसरी जीत का जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**6** लगातार हार के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को हासिल हुई जीत, अंकतालिका में अंतिम पायदान पर है बेंगलुरू की टीम

**बेंगलुरु 206/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कैच समद बोल्ड उनादकट | 51 | 43 | 4/1 |
| डुप्लेसी कैच मारक्रम बोल्ड नटराजन | 25 | 12 | 3/1 |
| विल जैक्स बोल्ड मार्कंडेय | 6 | 9 | 0/0 |
| पाटीदार कैच समद बोल्ड उनादकट | 50 | 20 | 2/5 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 37 | 20 | 5/0 |
| लोमरोर कैच कमिंस बोल्ड उनादकट | 7 | 4 | 1/0 |
| दिनेश कार्तिक कैच समद बोल्ड कमिंस | 11 | 6 | 2/0 |
| स्वप्निल कैच अभिषेक बोल्ड नटराजन | 12 | 6 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** अभिषेक 1-0-10-0, भुवनेश्वर 1-0-14-0, कमिंस 4-0-55-1, नटराजन 4-0-39-2, शाहबाज 3-0-14-0, मयंक 3-0-42-1, उनादकट 4-0-30-3

**हैदराबाद 171/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक कैच कार्तिक बोल्ड दयाल | 31 | 13 | 3/2 |
| ट्रैविस हेड कैच कर्ण बोल्ड जैक्स | 1 | 3 | 0/0 |
| एडन मारक्रम पगबाधा स्वप्निल | 7 | 8 | 1/0 |
| नितीश कुमार रेड्डी बोल्ड कर्ण | 13 | 13 | 0/1 |
| क्लासन कैच ग्रीन बोल्ड स्वप्निल | 7 | 3 | 0/1 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 40 | 37 | 1/1 |
| अब्दुल समद कैच आउट कर्ण | 10 | 6 | 0/1 |
| कमिंस कैच सिराज बोल्ड ग्रीन | 31 | 15 | 1/3 |
| भुवनेश्वर कैच सिराज बोल्ड ग्रीन | 13 | 13 | 3/0 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 8 | 10 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** सिराज 4-0-20-0, यश दयाल 3-0-18-1, स्वप्निल सिंह 3-0-40-2, कर्ण 4-0-29-2 फर्ग्युसन 2-0-28-0, कैमरन ग्रीन 2-0-12-2

## खेल डायरी

### एवर्टन से 2-0 से हार के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग खिताब जीतने की उम्मीद को लगा झटका

लिवरपूल। एवर्टन से 2-0 से हारने के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीतकर जर्गेन क्लोप को शानदार विदाई देने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। एवर्टन के लिए जाराड ब्रांथवेट और डोमिनिक कालवर्ट लिविन ने गोल दागे। हार के बाद क्लोप ने कहा मैं इस हार के लिए माफी ही मांग सकता हूं। हम बेहतर खेल सकते थे लेकिन नहीं खेले और यही वजह है कि हार गए। इस हार से लिवरपूल अब शीर्ष पर काबिज आर्सनल से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी उससे एक ही अंक पीछे है। वहीं एक अन्य मैच में मैनचेस्टर युनाइटेड ने शेफील्ड युनाइटेड को 4-2 से हराया। युनाइटेड अब तालिका में छठे स्थान पर है। बोर्नमाउथ ने वोल्व्स को 1-0 से मात दी।

### दिल्ली के गेंदबाज रसिख सलाम को फटकार

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में एक विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाने के लिए फटकार लगाई गई है। बुधवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर खेला गया मैच दिल्ली ने चार रन से जीता। इस दौरान रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया जो ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है।

### ओसाका मटुआ मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

मैड्रिड। जापान की स्टार टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने विजयी वापसी करते हुए बेल्जियम के टेनिस खिलाड़ी ग्रीट मिन्नेन को हराकर मटुआ मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में दूसरे दौर में पहुंच गई है। अरांटेक्सा सांचेज स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मैच में पूर्व विश्व नंबर वन खिलाड़ी ओसाका ने 79 मिनट तक चले मुकाबले में बेल्जियम की ग्रीट को 6-4, 6-1 से हराया। उल्लेखनीय है कि ओसाका बेटी शाई को जन्म देने के कारण पिछले सत्र में नहीं खेल पायी थी।

### बिस्माह मारूफ ने क्रिकेट से लिया संन्यास



कराची। पाकिस्तान महिला टीम की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। मारूफ ने कहा मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जो मुझे सबसे अधिक पसंद है। यह चुनौतियों, जीत और अविस्मरणीय यादों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने शुरू से लेकर अब तक मेरी क्रिकेट यात्रा में मेरा समर्थन किया है। उन्होंने कहा मैं मुझ पर विश्वास करने और मेरी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद देना चाहती हूं।

### रिजवान और नियाजी टी-20 शृंखला से बाहर

कराची। चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और इरफान खान नियाजी न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी-20 शृंखला के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। पीसीबी ने कहा है कि उन्हें दोनों की रेडियोलॉजी रिपोर्ट्स मिली हैं और दोनों को टी-20 शृंखला से बाहर करने का फैसला किया है। नियाजी को उस मैच में किसी तरह की तकलीफ में नहीं देखा गया था, लेकिन पता चला है कि उनकी भी मांसपेशियों में खिंचाव है।

### विवाद सुलझाएं या फिर निलंबन झेले पाकिस्तान

कराची। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पाकिस्तान सरकार और खेल की कमान के लिए लड़ रहे दो महासंघों से गुरुवार तक विवाद सुलझाने या निलंबन का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। पीएचएफ अधिकारी ने बताया कि एफआईएच ने साफ तौर पर कहा है विवाद सरकार की मदद से खत्म हो जाना चाहिए वरना पाकिस्तान को निलंबन का सामना करना पड़ सकता है।

## महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के पंजीकरण में बढ़ोतरी : एआईएफएफ

नई दिल्ली, एजेंसी



पिछले दो वर्षों में भारतीय फुटबॉल में महिला खिलाड़ियों के पंजीकरण में 138 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है जो इस खेल की लोकप्रियता में वृद्धि का संकेत है, साथ ही इससे पता चलता है कि फुटबॉल को पेशेवर रूप से चुनने वाली युवा महिला खिलाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की केंद्रीय पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 तक भारत में पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या 27,936 हो चुकी है। वहीं जून 2022 में पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या 11,724 थी। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि भारत में यह एक बहुत ही सकारात्मक चीज हुई है। हमारे फुटबॉल तंत्र में 16,212 महिला खिलाड़ियों का बढ़ना बहुत ही उत्साहजनक संकेत है।

# तीरंदाजी विश्व कप : रिकर्व पुरूष टीम फाइनल में

शंघाई, एजेंसी

भारत के तरूणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में पुरूषों के रिकर्व फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। फाइनल में उनका सामना ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया से होगा। भारत ने महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का कर लिया। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम ने इटली को 5.1 से हराया। अब उसका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा।

कोरियाई टीम में तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन, ली वू सियोक और किम जि डियोक हैं। कोरिया ने चीनी ताइपै के तान चिह चुन, लिन जिह सियांग और ताइ यू सुआन को 6.0 से हराया। कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन प्रियांश और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उसने 15वीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया को 5.3 से मात दी। अगले मैच में स्पेन को 5.1 से हराया।

पहले दौर में बाय मिलने के बाद अगले मैच में भारतीयों ने दूसरे सेट में 3.1 की बढत बनाने के बाद मुकाबला गंवा दिया। बाद में विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता ज्योति ने हमवतन अवनीत कौर को 143-142 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना एस्तोनिया की मीरी मार्शिया पास से होगा। भारत की मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति स्वामी को मैक्सिको की शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रिया बेसेरा ने 144-142 से हराया। 14वीं वरीयता प्राप्त प्रियांश ने तुर्की के बी अकाओग्लू को शूटआफ में मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के निक कैपर्स से होगा।



● महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का, ज्योति और प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचीं

# राहुल बनाम संजू, हार्दिक का फॉर्म चिंता का सबब

नई दिल्ली, एजेंसी

### टी20 विश्व कप

जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिये संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं। आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरुआत में टीम का ऐलान कर सकता है।

कटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल और संजू सैमसन के बीच मुकाबला है। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है।



## युगांडा के खिलाड़ी सबसे बड़े मौके के लिए तैयार : रमजानी

मुंबई। बल्लेबाजी आल राउंडर अल्पेश रमजानी का मानना है कि युगांडा के आत्मविश्वास से भरे क्रिकेटर आगामी टी20 विश्व कप के दौरान जिंदगी के सबसे बड़े मौके का फायदा उठाने के लिये तैयार हैं। पिछले साल नवंबर में युगांडा ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्षेत्र के क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करके नामीबिया के बाद दूसरे स्थान पर रहकर पहली दफा इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान युगांडा ने मजबूत क्षेत्रीय टीम जिम्बाब्वे को भी पराजित किया।

रमजानी ने गुरुवार को वानखेडे स्टेडियम में मीडिया से कहा यह बहुत ही बड़ा अनुभव होने वाला है। लेकिन साथ ही यह जिंदगी का सबसे बड़ा मौका भी होगा जब आप ऐसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलोगे जिनकी तरह आप बनने की ख्वाहिश रखते हो। हमारे लिए यह बहुत ही बड़ा मौका है क्योंकि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग में खेलने की तमन्ना रखते हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली और रेलवे के पूर्व क्रिकेटर अभय शर्मा को राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त करने से युगांडा के खिलाड़ियों काफी फायदा मिलेगा। टीम के लिए एक एशियाई कोच लाना शानदार होगा। उनका अनुभव हमारे लिए फायदेमंद होगा।

## बॉलीवुड हलचल

# पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'पुष्पा द रूल' का प्रोमो गाना रिलीज हो गया है। फिल्म 'पुष्पा : द राइज' ने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब इस फिल्म का सीक्वल पुष्पा : द रूल बनाया जा रहा है। पुष्पा : द रूल का प्रोमो गाना रिलीज कर दिया गया है। यह गाना देवी श्री प्रसाद उर्फ रॉकस्टार डीएसपी द्वारा कंपोज किया गया है। सोशल मीडिया पर निर्माताओं ने कैप्शन दिया, # पुष्पा 2 फर्स्टसिंगल पुष्पा पुष्पा 1 मई को 11 :07 बजे रिलीज होगा।





### मैं कौन हूं में नजर आएंगी काजल

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री काजल राघवानी फिल्म मैं कौन हूं में काम करती नजर आएंगी। मृत्युंजय श्रीवास्तव निर्देशित फिल्म मैं कौन हूं की शूटिंग उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, विंध्याचल और बस्ती में पूरी हो चुकी है। मैं कौन हूं में काजल राघवानी और संजय पांडेय अहम किरदार में हैं। फिल्म निर्माता हैं देवांश इंटरप्राइज और सिनेमेटोग्राफर नित्यानंद त्रिपाठी (नीरज), वहीं नृत्य निर्देशन संजय कोर्बे और उधारी यादव ने किया है। मारधाड़ आरके श्री का है, वहीं संगीत एस कुमार ने दिया है। मैं कौन हूं में काजल राघवानी, आनंद चतुर्वेदी, संजय पाण्डेय आदि होंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# विधेयक मंजूर होने के बाद पांच हजार भारतीयों को रवांडा भेजने का फरमान

## अवैध तरीके से ब्रिटेन पहुंचे थे भारतीय शरणार्थी, जून से अफ्रीकी देश रवांडा भेजा जाएगा

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की संसद में रवांडा विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद शरणार्थियों की मुश्किलें बढ़ना शुरू हो गई है। पीएम ऋषि सुनक ने शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए कतार में लगे लगभग 5 हजार अवैध भारतीयों को अफ्रीका भेजने का फरमान जारी किया है। इन्हें जून से अफ्रीकी देश रवांडा भेजा जाएगा।

5 हजार भारतीयों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जो वैध रूप से ब्रिटेन आए थे और फिर शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए आवेदन किया था। इनमें ऐसे भारतीय भी हैं जो 1 जनवरी, 2022 के बाद इंग्लिश चैनल पार कर अवैध रूप ब्रिटेन घुसे थे। फिलहाल, यूके के डिटेंशन सेंटरों में रह रहे इन भारतीयों पर अनिश्चित भविष्य का खतरा मंडरा रहा है। सुनक ने इन 5 हजार भारतीयों की शरणार्थी के दर्जे की अर्जी खारिज कर दी है। गौरतलब है कि, ब्रिटेन में शरणार्थी का दर्जा मांगने वाले 5 हजार भारतीयों में से 60 फीसदी की उम्र 18 से 29 साल है।

इनमें से 1200 ने ब्रिटेन में आने के लिए 2023 में जोखिम भरे इंग्लिश चैनल को नावों से पार किया था। इंग्लिश चैनल के मार्ग से अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले भारतीयों की संख्या साल दर साल बढ़ रही है। इस मार्ग से 2022 में 849 भारतीय अवैध रूप से ब्रिटेन में पहुंचे थे।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय के अनुसार 2024 में लगभग 2 हजार भारतीयों के इंग्लिश चैनल रूट से ब्रिटेन आने की आशंका है। बता दें, रवांडा में कभी भी ब्रिटेन का राज नहीं रहा, लेकिन 2009 में ये राष्ट्रमंडल में शामिल हुआ। रवांडा ब्रिटेन से सालाना 5 हजार करोड़ रुपये का ग्रांट लेता है।



### शरणार्थी कभी भी नहीं लौट पाएंगे ब्रिटेन

रवांडा में पांच साल का एग्रीमेंट होगा। किसी आवेदक को शरणार्थी का दर्जा मिलने पर दो विकल्प होंगे। पहला आगे की जिंदगी रवांडा में ही गुजराना, दूसरा- किसी भी दूसरे देश में शरण मांगनी पड़ेगी। सुनक ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सूरत में कोई भी शरणार्थी ब्रिटेन लौट नहीं पाएगा। बता दें, हर शरणार्थी के लिए रवांडा को 63 लाख रुपये मिलेंगे। सभी देशों के शरणार्थियों के लिए 18,900 करोड़ मिलेंगे।

### क्या है रवांडा शरणार्थी विधेयक और क्यों हो रहा था इसका विरोध

ब्रिटेन में अवैध रूप से आने वाले शरणार्थियों खासकर आपराधिक गैंग्स द्वारा छोटी नौकाओं में जिन लोगों को ब्रिटेन भेजा जाता था, उन्हें रोकने के लिए रवांडा शरणार्थी विधेयक लाया गया था। इस विधेयक के तहत अवैध रूप से ब्रिटेन आने वाले शरणार्थियों को ब्रिटेन की सरकार अफ्रीकी देश रवांडा भेजेगी। रवांडा ये शरणार्थी ब्रिटेन की नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिन लोगों के आवेदन स्वीकार हो जाएंगे, उन्हें ब्रिटेन बुलाकर नागरिकता दे दी जाएगी। वहीं जिन लोगों को आवेदन स्वीकार नहीं होंगे, वे या तो रवांडा में ही बसने के लिए आवेदन कर सकेंगे या फिर किसी तीसरे देश में शरण मांग सकेंगे। नीति के तहत 1 जनवरी 2022 से अवैध रूप से ब्रिटेन आने वाले लोगों को रवांडा भेजा जाना शुरू किया जाना था। हालांकि अभी तक इसकी शुरुआत नहीं हो सकी है। अब जब कानून संसद से पारित हो गया है तो माना जा रहा है कि जल्द ही रवांडा के लिए पहली उड़ान शुरू हो जाएगी। रवांडा बिल के तहत ब्रिटेन की सरकार ने रवांडा की सरकार के साथ प्रवासन संधि पर हस्ताक्षर किए हैं।



## प्रशिक्षण के दौरान वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर में भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान पिथला गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायुसेना ने कहा कि किसी भी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। आईएएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय वायु सेना का एक रिमोट संचालित विमान आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने आगे कहा कि किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का निर्देश दिया गया है।

## यमन की जेल में 11 साल से हत्या के मामले में मौत की सजा काट रही बेटी से मिलने पहुंची भारतीय मां

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। यमन जेल में 11 सालों से बंद अपनी बेटी से मिलने भारत से उनकी मां मिलने पहुंची। दोनों बहुत देर तक एक दूसरे को गले से लगाकर रोते रहे। जेल में उपस्थित अन्य लोग भी उनको देख भावुक हो उठे, अपनी बेटी से मिलने के बाद मां ने एक वीडियो जारी कर बताया कि उन्हें नहीं लगा था कि वह कभी उसे देख पाएंगी। बेटी हत्या के आरोप में यमन जेल में मौत की सजा काट रही है। बुधवार का दिन यमन जेल में 11 साल बाद एक मां-बेटी के मिलन का गवाह बना। यमन जेल में पिछले 11 साल से निमिषा प्रिया एक यमन नागरिक की हत्या के आरोप में सजा काट रही हैं। उनकी मां जो कि भारत में रहती हैं, वे कई सालों उससे मिलने के लिए प्रयास कर रहीं थी। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर यमन जाने की अनुमति मांगी थी, ताकि वे अपनी बेटी की मौत की सजा माफ करवा सकें। अनुमति मिलने के बाद वह भारत से यमन गईं। उन्होंने अपनी बेटी से मिलने की अनुमित मांगी थी। अपनी बेटी से मिलकर जेल से लौटीं निमिषा प्रिया की मां प्रेमा कुमारी ने एक वीडियो के जरिए अपनी भावना बयां करते हुए भारत और यमन सरकार को शुक्रिया भी कहा है।

# भारत से व्यापार शुरू करे पाकिस्तान, उद्यमियों की मांग

इस्लामाबाद, एजेंसी

- आर्थिक संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश के कारोबारियों ने शहबाज से व्यापार वार्ता का किया आग्रह



प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा।

कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें अर्थव्यवस्था का कायापलट करने के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी।

बता दें, प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था में सुधार के तरीके खोजने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक कर रहे थे। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने हैं।

आइएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। मेरा सुझाव है कि आप कुछ और हाथ मिलाएं। बैठक समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री ने आर्थिक पुनरुद्धार के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण का संकेत देते हुए, देश भर के हितधारकों के साथ जुड़ने का अपना संकल्प दोहराया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वादा किया कि वो जल्द ही देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करेंगे और उनके साथ तब तक बैठेंगे जब तक कि सभी मुद्दे हल नहीं हो जाते।

उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि, मेरा सुझाव है कि आप कुछ और समझौते करें। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में रह रहे (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ के नेता इमरान खान) के साथ भी (हाथ मिलाना ) करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें और मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं।

## एक नजर

### दिल्ली: पैसे के विवाद में युवक को आठवीं मंजिल से फेंका, मौत

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली में पैसों के विवाद को लेकर एक व्यक्ति का अपहरण कर उसे इमारत की आठवीं मंजिल से फेंककर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अहमद सलमान और धर्मेश मलिक को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय भाटिया ने कहा, हमें पता चला कि पीड़ित चंदन ने मलिक से उच्च ब्याज पर 9 लाख रु. लिए थे, लेकिन वह वापस नहीं कर सका, जिसके कारण मलिक और उसके सहयोगी उस पर दबाव डाल रहे थे। नाराज आरोपियों ने मृतक चंदन को 20 अप्रैल को अगवा कर गुरुवार को बहुमंजिला इमारत से फेंक दिया, जिससे उसकी हत्या हो गई। पुलिस ने मामले दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, और आगे की कार्रवाई कर रहे है।

### नाइजीरिया की एक जेल से 100 से अधिक कैदी फरार, 10 को पकड़ा

अबुजा। नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में रात भर हुई भारी बारिश के बाद एक जेल का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें जगह बनाकर 100 से अधिक कैदी फरार हो गए। जेल अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां फरार कैदियों की तलाश में जुटी हुई हैं। जेल के प्रवक्ता एडमू डुजा के अनुसार, बुधवार रात कई घंटों तक हुई भारी बारिश जेल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया जिसके परिणामस्वरूप कुल 118 कैदी फरार हो गए। दुजा ने कहा कि 10 कैदियों को फिर पकड़ लिया गया है और शेष कैदियों की तलाश जारी है।

### लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। एजेंसी ने पिछले साल मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले से संबंधित एक मामले में गुरुवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। जारी बयान में कहा गया कि ब्रिटेन के हाउंस्लो निवासी इंद्रपाल सिंह गाबा को गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दरअसल, पिछले साल 22 मार्च लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन हुए थे। मामले में एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि पिछले साल 19 और 22 मार्च को लंदन में हुईं घटनाएं भारतीय मिशनों और उसके अधिकारियों पर हमला करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं। इसमें कहा गया कि मार्च 2023 में लंदन में हुए हमले खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की गई कार्रवाई का बदला थे।


## हेल्थ सर्जरी के दौरान युवक की मौत, जांच का आदेश

चेन्नई। हेल्थ सर्जरी के दौरान पैदा हुईं कथित जटिलताओं के कारण पुडुचेरी के एक युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई, जिसके बाद तमिलनाडु के स्वास्थ्य विभाग ने जांच का आदेश दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा है कि, मुथियालपेट निवासी 26 वर्षीय युवक का वजन 150 किलो था और उसे 21 अप्रैल को पम्माल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। युवक के पिता सेल्वानाथन ने बताया कि बेटे को मेटाबोलिक और बैरियाट्रिक सर्जरी के लिए ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। उन्होंने शिकायत में कहा कि सर्जरी शुरू होने के कुछ मिनट बाद शरीर में जटिलताएं पैदा होने के बाद दूसरे निजी अस्पताल भर्ती किया गया। जहां उकी मृत्यु हो गई। मामले की गंभीरता को देखकर स्वास्थ्य विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं।

# अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती के खिलाफ प्रस्ताव पर रूस का वीटो

वाशिंगटन, एजेंसी

- रूस के रवैय से बौखलाया अमेरिका, कहा सैटेलाइट ले जाने वाले हथियार विकसित कर रहे पुतिन



रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में बाहरी अंतरिक्ष संधि के प्रस्ताव को वीटो लगाकर रोक दिया। इससे अमेरिका नाराज हो गया है। अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया है कि रूस सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियार को विकसित कर रहा है और इसी वजह से उन्होंने इस प्रस्ताव को वीटो किया।

बाहरी अंतरिक्ष संधि के तहत अंतरिक्ष में खतरनाक हथियारों जिनमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं, उनकी तैनाती पर रोक लगाने की तैयारी थी। हालांकि रूस के वीटो के कारण अमेरिका की यह मंशा पूरी नहीं हो सकी। बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने एक बयान में कहा कि 'जैसा कि हमने पहले भी नोटिस किया है, रूस, सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियारों को विकसित कर रहा है। हमने सुना है कि राष्ट्रपति पुतिन ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि रूस के अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की कोई योजना नहीं है। अगर ऐसा है तो रूस ने इस प्रस्ताव के खिलाफ वीटो क्यों किया।' सुलिवन ने कहा कि 'अमेरिका और जापान द्वारा संयुक्त रूप से लाए गए प्रस्ताव से यह तय हो जाता कि अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती मौलिक दायित्वों के खिलाफ है। प्रस्ताव में सदस्य देशों से पृथ्वी की कक्षा में तैनात किए जा सकने वाले परमाणु हथियार न बनाने की भी मांग की गई थी। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि 'पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियारों की तैनाती से संचार, वैज्ञानिक, मौसमी, कृषि, व्यवसायिक और राष्ट्रीय सुरक्षा सेवाओं के बाधित होने का खतरा है।

## सलमान के आवास के बाहर गोलीबारी मामले में 2 और गिरफ्तार

मुंबई। अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हाल ही में हुई गोलीबारी के मामले में मुंबई पुलिस ने गुरुवार को पंजाब से दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी सुभाष चंद्र और अनुज थापन ने हमलावरों को हथियार मुहैया कराए थे। उन्होंने कहा कि, दोनों को अपराध शाखा की एक टीम पंजाब से मुंबई ला रही है। शुक्रवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस ने कहा- चंद्र और थापन 15 मार्च को दो देशी पिस्तौल और 38 कारतूस सौंपने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, दो अन्य गिरफ्तार आरोपियों की मुंबई की एक अदालत पुलिस हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ा दी है। दो आरोपियों को 16 अप्रैल को गुजरात के कच्छ से हिरासत में लिया था।

# इनहेरिटेंस टैक्स... आइए जानें क्या है विरासत कर

इनहेरिटेंस टैक्स पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान के बाद भाजपा हमलावर है, तो कांग्रेस बैकफुट पर है। आइए जानते हैं कि इनहेरिटेंस टैक्स या विरासत कर क्या है? क्या भारत में इसे लेकर कोई प्रावधान है, दुनिया में इसे लेकर क्या नियम हैं...




### किन-किन देशों में कानून निरस्त हुआ

भारत के अलावा, मैक्सिको ने 1961, कनाडा ने 1972, ऑस्ट्रेलिया ने 1979, इजराइल ने 1980, न्यूजीलैंड ने 1992, स्लोवाक रिपब्लिक व स्वीडन ने 2004, ऑस्ट्रिया ने 2008 और चेक गणराज्य और नॉर्वे ने 2014 में इस कानून को खत्म किया।

### क्या है इनहेरिटेंस टैक्स

यह विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर लगने वाला कर है। यह टैक्स किसी व्यक्ति के निधन के बाद उसकी संपत्ति के बंटवारे पर लगता है। दुनियाभर के देशों में इसको लेकर अलग-अलग कानून और अलग-अलग टैक्स स्लैब हैं।

### भारत में क्या है इसका प्रावधान-

करीब चार दशक पहले भारत में भी इनहेरिटेंस टैक्स था। इसे संपत्ति शुल्क या 'डेथ टैक्स' के रूप में जाना जाता था।



यह कानून 1953 में राजस्व बढ़ाने और आर्थिक असमानता कम करने के लिए लाया गया था। हालांकि इसके लागू होने के बाद इसकी तीखी आलोचना हुई। परिवार के मुखिया की मौत होने पर कानूनी उत्तराधिकारी को संपत्ति हस्तांतरित होने पर यह टैक्स लगता था। चाहे वे बेटे-बेटियां हों या पोते-पोतियां। संपत्ति शुल्क अधिनियम 1953 के अनुसार विरासत में मिली संपत्ति अगर 20 लाख से ज्यादा होती थी, तब 85% कर देना पड़ता था। इसके तहत 1984 में 20 करोड़ का टैक्स कलेक्ट हुआ था। 1985 में राजीव गांधी ने इस कानून को खत्म कर दिया था।

### अमेरिका में क्या है प्रावधान

अमेरिका के 6 राज्यों न्यू जर्सी, पेन्सिल्वेनिया, आयोवा, केंटकी, मैरीलैंड और नेब्रास्का में इनहेरिटेंस टैक्स लगता है। हर राज्य में टैक्स की दरें और कानून अलग हैं। न्यूजर्सी में 11% से 16% तक टैक्स है। बाकी 5 राज्यों में 1% से 16% तक टैक्स है। हालांकि लगभग सभी जगह पति-पत्नी, बच्चों, माता-पिता, दादा-दादी, पोते-पोतियों को विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर टैक्स में छूट है।

### किन देशों में है यह टैक्स

फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आइसलैंड, आयरलैंड, इटली, जापान, बेल्जियम (ब्रुसेल्स-राजधानी क्षेत्र), चिली, लिथुआनिया, लक्जम्बर्ग, नीदरलैंड्स, पोलैंड, पुर्तगाल, स्लोवेनिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड और तुर्की में भी इस तरह के टैक्स का प्रावधान है। इन देशों में विरासत के अलावा गिफ्ट में मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगता है।

### देश की सियासी पार्टियों की इस पर क्या है राय

टैक्स वापस लागू करने का विचार दो दशक में कई बार चर्चा में आया। पहली बार 2011 में तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने इस पर सुझाव दिया था। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार में वित्त राज्य मंत्री जयंत सिन्हा ने इसे लागू करने की वकालत की। तब उन्होंने कहा था कि यह कर लगने से वंशवादी व्यवसायियों को मिलने वाले फायदे खत्म हो जाएंगे।

## 5 माह बाद खुला रास्ता




लेह : भारी बर्फबारी के बाद 21 नवंबर 2023 को बंद हुआ 428 किमी लंबा लेह-मनाली नेशनल हाईवे खुल गया है। इससे सड़क मार्ग से मनाली होकर लद्दाख जा सकेंगे। बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) ने रास्ता खोल दिया है। हाईवे पर 15 हजार से 17 हजार फीट ऊंचाई वाले बारालाचा, नाकी, लाचुंग, टेंगलेंग जैसे पास आते हैं, जहां बर्फ हटाना बेहद मुश्किल होता है। यहां 40 से 50 फीट तक बर्फ रहती है। अभी इसे सेना के लिए खोला गया है। पूरे मार्ग का निरीक्षण होने के बाद इसे पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। ● एजेंसी

# 19 हजार शिक्षक पात्र, 5 हजार नियुक्तियां संदिग्ध : आयोग

कोलकाता, एजेंसी।

- प. बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग ने भर्ती रद होने के बाद कलकत्ता हाईकोर्ट में दी सफाई

पश्चिम बंगाल के हजारों स्कूल शिक्षकों के भविष्य पर तलवार लटक रही है। कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के बाद 25 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति रद कर दी है। हालांकि, पश्चिम बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग ने हाईकोर्ट में कहा है कि केवल 5 हजार शिक्षकों की नियुक्तियां संदिग्ध हैं। आयोग बोला- 19 हजार शिक्षकों की नियुक्तियां वैध होने की संभावना है। आयोग ने हाईकोर्ट को बताया कि 22 अप्रैल को पारित आदेश के बाद लगभग 19,000 शिक्षकों की भर्ती रद हो सकती है, लेकिन आयोग की तरफ से तय किए गए नियम और शर्तों के मुताबिक इन शिक्षकों की नियुक्तियां वैध हो सकती हैं।

### शिक्षकों को अप्रैल का वेतन देगी पश्चिम बंगाल सरकार

पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को कहा कि 25 हजार शिक्षकों को अप्रैल के वेतन का भुगतान करेगी, जिनकी नियुक्तियां कलकत्ता हाईकोर्ट ने रद कर दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है और फैसला आने तक शिक्षकों वेतन देने का निर्णय लिया गया है। बता दें, कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए 25,753 शिक्षकों की नियुक्तियों को रद करने का आदेश दिया था।

विज्ञान | स्विट्जरलैंड-बेल्जियम के वैज्ञानिकों ने किया खुलासा, अंटार्कटिक में तीन चौथाई नुकसान की जताई संभावना

# कुछ सालों में सागर में समा जाएंगे लाखों उल्कापिंड

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : अंटार्कटिक की तेजी से पिघलती बर्फ वैज्ञानिकों समेत दुनिया को दोहरा झटका दे रही है। यह जानकारी आ रही है कि बर्फ में जमा उल्कापिंड पिघलती बर्फ में डूब रहे हैं। अगले कुछ वर्षों में लाखों उल्कापिंड बर्फ के साथ सागर में समा जाएंगे।

यह उल्कापिंड खगोलीय अध्ययन में बड़ी भूमिका निभाते आ रहे हैं। पृथ्वी पर लगभग 60 प्रतिशत उल्कापिंड अंटार्कटिका में पाए जाते हैं। ये उल्कापिंड पृथ्वी पर जीवन कैसे उत्पन्न हुआ और अन्य मूलभूत प्रश्नों के बारे में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। मगर अब अंटार्कटिका गर्म हो रहा है और इसकी बर्फ पिघल रही है।

बड़ी चिंता की बात है कि लगभग 5 हजार उल्कापिंड अब सालाना दर से नष्ट हो रहे हैं। इस सदी के अंत तक अंटार्कटिक उल्कापिंडों के तीन चौथाई संभावित नुकसान की संभावना वैज्ञानिक जता रहे हैं। अंटार्कटिक उल्कापिंडों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक बर्फ के नीचे गायब होने से पहले अधिक से अधिक उल्कापिंडों को एकत्र करने की योजना बना रहे हैं। इस योजना में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की जरूरत होगी। वैज्ञानिकों के अनुसार सफेद बर्फ की चादर के ऊपर गहरे रंग के उल्काओं को ढूंढना आसान होता है।

स्विट्जरलैंड और बेल्जियम के वैज्ञानिकों के शोध से यह जानकारी सामने आई है। शोध में कहा गया है कि 2050 तक अंटार्कटिका में अनुमानित 300,000 से 800,000 उल्कापिंड नष्ट हो जायेंगे। पृथ्वी पर जीवन कैसे उत्पन्न हुआ और हमारे चंद्रमा का निर्माण कैसे हुआ। इस खोज में अंटार्कटिक के उल्कापिंडों की बड़ी भूमिका रही है।



अंटार्कटिका।

### अध्ययन में अंटार्कटिक की सबसे बड़ी भूमिका

अंटार्कटिक पृथ्वी का एकमात्र स्थान है, जो विभिन्न अध्ययनों में सहयोग करता है। पृथ्वी की प्रदूषण व शुद्धता का मापन अंटार्कटिक से होता हैं। समुद्र के तापमान व जलस्तर का अध्ययन में भी सहायक है। इनके अलावा बर्फ के ऊपर जमा उल्काओं की मदद से ग्रहों की उत्पत्ति का अध्ययन किया जाता है। यदि इस ध्रुव की बर्फ पिघल गई तो कई बड़े नुकसान हमे भुगतने होंगे।

## आईपी सुरक्षा मामले में अमेरिका की निगरानी सूची में भारत शामिल

वाशिंगटन। अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि भारत बौद्धिक संपदा (आईपी) सुरक्षा के संबंध में दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। अमेरिका ने आईपी सुरक्षा मामले में भारत को निगरानी सूची में रखने का फैसला लिया है।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधियों (यूएसटीआर) द्वारा जारी 2024 स्पेशल 301 रिपोर्ट में निगरानी सूची में भारत के साथ अर्जेंटीना, चिली, चीन, इंडोनेशिया, रूस और वेनेजुएला भी शामिल है। डोमिनिकन गणराज्य को निगरानी सूची से हटा दिया है। यह रिपोर्ट आईपी सुरक्षा की वैश्विक स्थिति की वार्षिक समीक्षा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रेडमार्क उल्लंघन की जांच के साथ कुछ मामलों को सुलझाने करने में अमेरिका-भारत व्यापार नीति फोरम के तहत प्रगति हुई है।

# ईरान से व्यापार पर भारत की 3 कंपनियां समेत कई प्रतिबंधित

वाशिंगटन, एजेंसी

- अवैध व्यापार और ड्रोन हस्तांतरण करने के आरोप में अमेरिका ने की कार्रवाई

अमेरिका ने ईरानी सेना के साथ अवैध व्यापार और ड्रोन हस्तांतरण करने के आरोप में एक दर्जन से ज्यादा कंपनियों, व्यक्तियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाया है। इनमें तीन भारत की कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा कि इन कंपनियों, व्यक्तियों और जहाजों ने यूक्रेन में रूस के युद्ध के लिए ईरानी ड्रोन की गोपनीय बिक्री को सुविधाजनक बनाने और वित्तपोषण करने में एक केंद्रीय भूमिका निभाई है।

सहारा थंडर ईरान की पहचान मुख्य अग्रणी कंपनी के रूप में की गई है, जो इन प्रयासों के समर्थन में ईरान की वाणिज्यिक गतिविधियों की देखरेख करती है। सहारा थंडर का समर्थन करने के लिए जिन तीन भारत स्थित कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। विभाग ने कहा कि सहारा थंडर ईरान एक विशाल शिपिंग नेटवर्क पर निर्भर है, जो ईरान के रक्षा और सशस्त्र बल रसद मंत्रालय की ओर से चीन, रूस, वेनेजुएला और कई अन्य देशों में ईरानी वस्तुओं की बिक्री और शिपमेंट में शामिल है। इसने कहा, सहारा थंडर ने कुक आइसलैंड के झंडे वाले जहाज सीएचईएम के लिए भारत स्थित जेन शिपिंग और पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ टाइम चार्टर अनुबंध किया है , जिसे यूएई स्थित कंपनी सेफ सीज शिफ मैनेजमेंट एफजेडई द्वारा प्रबंधित किया जाता है।

## मानवाधिकार उल्लंघन का अमेरिकी आरोप वास्तविकता से दूर

नई दिल्ली। भारत में मानवाधिकार उल्लंघन के कथित मामलों को लेकर अमेरिकी रिपोर्ट पूर्वाग्रह से ग्रसित है। विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट भारत की सही तस्वीर पेश नहीं करती और वास्तविकता से कोसों दूर है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि भारत ऐसी रिपोर्ट को महत्व नहीं देता, जिसमें भारत की सटीक तस्वीर पेश नहीं की गई हो। उन्होंने कहा कि सरकार की नजर में इसका कोई महत्व नहीं है। बता दें कि अमेरिकी रिपोर्ट में मणिपुर में मई, 2023 में हुए जातीय संघर्ष के बाद मणिपुर में कथित मानवाधिकारों के हनन की घटनाओं का जिक्र किया गया है। पलटवार करते हुए जायसवाल ने कहा यह रिपोर्ट बेहद पक्षपातपूर्ण है और भारत के बारे में खराब समझ को दिखाती है।